

सूर्योदय प्रातः 6:12 सूर्यास्त संध्या 5:02 पखवाड़ा मार्गशीर्ष कृ. तृतीया, संवत 2080 तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 16°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 30 नवम्बर 2023, वर्ष : 14, अंक : 284, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter



**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 66,901.91 | 727.71 (1.10%) |
| निफ्टी | 20,096.60 | 206.90 (1.04%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 58,100.00 |
| चांदी | 792.00 |

## गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल विस्तार दिये जाने पर केन्द्रीय कैबिनेट की मुहर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार 01 जनवरी, 2024 से पांच साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करेगी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में योजना के विस्तार को मंजूरी दी है।

केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। पीएमजीकेएवाई दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण योजना है। इसका उद्देश्य 05 साल की अवधि में 11.80 लाख करोड़ की अनुमानित लागत पर 81.35 करोड़ व्यक्तियों के लिए भोजन और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने की योजना को भी मंजूरी



**केन्द्रीय** मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी है। इसपर वित्त वर्ष 2024-25 से 2025-26 की अवधि के लिए 1261 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा। इस योजना का लक्ष्य 2023-24 से 2025-2026 की अवधि के दौरान कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 15,000 चयनित महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करना है। ड्रोन प्रदान करने के लिए समूहों की पहचान की जायेगी।

केन्द्रीय वित्तीय सहायता से ड्रोन और सहायक उपकरण व सहायक शुल्क की लागत का 80 प्रतिशत भार उठाया जायेगा। यह अधिकतम आठ लाख रुपये होंगे। एसएचजी के क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) राष्ट्रीय कृषि इन्फ्रा फाइनेंसिंग सुविधा (एआईएफ) के तहत ऋण के रूप में शेष राशि (खरीद की कुल लागत घटाकर सब्सिडी) बढ़ा सकते हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों के लिए केन्द्र प्रायोजित योजना तीन वर्षों तक रहेगी जारी

**फास्ट** ट्रैक विशेष अदालतों के लिए केन्द्र प्रायोजित योजना को कैबिनेट ने तीन वर्षों तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 01 अप्रैल 23 से 31 अप्रैल 26 तक केन्द्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के रूप में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (एफटीएससी) को जारी रखने की मंजूरी दी है। इसके तहत 1952.23 करोड़ (केन्द्रीय हिस्से के रूप में 1207.24 करोड़ रुपये और राज्य के हिस्से के रूप में 744.99 करोड़ रुपये) रुपये का वित्तीय निहितार्थ होगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### अटल डुल्लू होंगे जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव

**नयी दिल्ली :** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अटल डुल्लू केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्य सचिव होंगे। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इस सम्बन्ध में बुधवार को आदेश जारी कर दिये। आदेश के अनुसार 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अटल डुल्लू को 01 दिसम्बर से जम्मू-कश्मीर का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। हाल ही में केन्द्र सरकार ने उनके वापस उनके जम्मू-कश्मीर मूल कैडर में भेजा था। मौजूदा मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### दम्पति के झगड़े में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**नयी दिल्ली :** म्यूनिख से बैंकॉक जाने वाली लुफ्थांसा के एक विमान को एक दम्पति के अनियंत्रित व्यवहार के कारण बुधवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। दिल्ली एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक विमान में पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। इस वजह से दिल्ली हवाई अड्डे पर विमान को उतारा गया। पति-पत्नी के बीच लड़ाई का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन दोनों के बीच लड़ाई के चलते विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

### प्रधानमंत्री ने जाना मजदूरों का हाल

**उत्तरकाशी :** उत्तरकाशी सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकलने की दुआएं कबूल हुईं। ऑपरेशन सिलक्यारा के तहत जब आखिरी मजदूर ने टनल से बाहर आकर खुली हवा में सांस ली, तो देश में सभी देशवासियों ने भी राहत की सांस ली। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिलक्यारा में 41 श्रमिकों की सकुशल वापसी पर मुख्यमंत्री धामी को फोन कर शुभकामनाएं दीं। बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिन्यालीसौड़ पहुंचे, जहां सुरंग के निकाले गये 41 मजदूरों को रखा गया है।

### दुनिया के 20 सबसे अमीर व्यक्तियों की लिस्ट में अदाणी

**नयी दिल्ली :** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति में अचानक बड़ा उछाल आया और वो एक बार फिर दुनिया के 20 सबसे अमीर व्यक्तियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। अदाणी ग्रुप के शेयरों में जबरदस्त बढ़ोतरी के बाद गौतम अदाणी की नेटवर्थ में 6 l5 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। गौतम अदाणी के नेटवर्थ में आए उछाल के पीछे बीते दिनों उनकी कंपनियों के शेयरों में तेजी है।

## अंदर के पन्नों पर


3 झारखंड की शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने में निजी...

5 धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ का 32वां द्विवार्षिक...

7 उपायुक्त ने 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत...

9 इंडो-नेपाल बार्डर पर बांग्लादेशी नागरिक...

10 टीम इंडिया के मुख्य कोच बने रहेंगे राहुल द्रविड़...


### कोलेबिरा में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# राज्य के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमन्त

**सीएम ने कहा**

- सरकार की योजनाओं से जुड़ कर लोग बन रहे सशक्त और आत्मनिर्भर
- जब तक लोगों को सामाजिक सुरक्षा नहीं देंगे, राज्य मजबूत नहीं होगा
- आदिवासियों-मूल वासियों, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को दे रहे उनका हक-अधिकार
- अच्छा और बेहतर काम करनेवाले सरकारी कर्मी किये जायेंगे पुरस्कृत
- खेलों में यहां के नौजवान आगे बढ़ें, बनाये जा रहे हैं खेल मैदान और स्टेडियम



- मुख्यमंत्री ने 155 करोड़ 78 लाख 19 हजार 440 रुपये की लागतवाली 1453 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास, 40321 लाभुकों के बीच 31 करोड़ 17 लाख 62 हजार 385 रुपये की बांटी परिसम्पत्ति
- सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ कर सशक्त और स्वावलम्बी बननेवाले लाभुकों ने मुख्यमंत्री से किया संवाद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' अभियान के तहत लग रहे शिविरों में मेले जैसा माहौल है। यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और सरकार की योजनाओं की जानकारी लेने के साथ उससे जुड़ भी रहे हैं। इन शिविरों में अधिकारियों का दल पूरी संवेदनशीलता के साथ लोगों की समस्याओं को ना सिर्फ सुन रहा है, बल्कि उसका समाधान भी कर रहा है। मुझे यकीन है कि पिछले दो चरणों की तरह तीसरा चरण भी काफी सफल और प्रभावी रहेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' के तीसरे चरण को लेकर हुए आयोजन को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ कर सशक्त और आत्मनिर्भर बन रहे लोगों के साथ सीधा संवाद भी किया।

**वीरों की धरती है झारखंड, अपने अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष करने को रहें तैयार**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड शुरू से ही वीरों की धरती रहा है। भगवान बिरसा ● शेष पृष्ठ 11 पर

### साहित्य अकादमी का पुस्तक मेला पुस्तकायन 01 से

**नयी दिल्ली :** साहित्य अकादमी 01 से 09 दिसम्बर तक पुस्तकायन पुस्तक मेले का द्वितीय संस्करण अपने परिसर में आयोजित करने जा रहा है। इस पुस्तक मेले का उद्घाटन केन्द्रीय संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। वह साहित्य अकादमी पुस्तकालय में बच्चों के लिए नवनिर्मित 'चिल्ड्रन्स कॉर्नर' का भी शुभारम्भ करेंगे। साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवास राव ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि पुस्तक मेले में 40 से अधिक महत्त्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं। पुस्तक संस्कृति और पढ़ने की रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित 'पुस्तकायन' पुस्तक मेले में अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों के साथ ही कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रतिदिन प्रस्तुत किये जायेंगे। इस पुस्तक मेले में विभिन्न भारतीय भाषाओं के लगभग 50 लेखक एवं कलाकार शामिल हो रहे हैं।

## भारतीय उद्योग से रक्षा उत्पादन में गुणवत्ता की संस्कृति विकसित करने का आह्वान




- रक्षा मंत्री ने गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्द्धा के लिए बताया पहली शर्त
- गुणवत्तापूर्ण उपकरणों के निर्माण से अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की बढ़ेगी साख

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को नयी दिल्ली में 'डीआरडीओ क्वालिटी कॉन्क्लेव' में भारतीय रक्षा निर्माताओं से रक्षा उत्पादन में गुणवत्ता की संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्द्धा के लिए एक पूर्व निर्धारित शर्त बताया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि केवल गुणवत्ता वाले उत्पाद ही वैश्विक मांग पैदा करते हैं और यह भारत को एक वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग केन्द्र तथा वास्तविक रक्षा निर्यातक बनाने में सहायता करेगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जो देश गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाते हैं, वे अपने उपकरणों को विश्व भर में निर्यात करते हैं।

### कोलकाता में गरजे गृह मंत्री अमित शाह

## 2024 में फिर से मोदी सरकार, 2026 में ममता की विदाई

एजेंसी

**कोलकाता :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कोलकाता में भाजपा की बड़ी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2024 में पूरे देश के साथ पश्चिम बंगाल की जनता केन्द्र की सत्ता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वापसी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा है कि 2026 में बंगाल के लोग ममता बनर्जी को विदा कर देंगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जम कर निशाना साधा। शाह ने कहा, 'ममता दीदी का समय खत्म हो चुका है,



2026 के चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। ममता बनर्जी सोनार बांगला और मां माटी मानुष के नारे के साथ कम्युनिस्टों को हटा कर सत्ता में आयीं, लेकिन बंगाल में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। आज भी बंगाल में घुसपैठ, तुष्टीकरण, राजनीतिक हिंसा, भ्रष्टाचार हो रहा है। मैं आज आह्वान करने आया हूं, अगर 2026 में यहां भाजपा सरकार बनानी है, तो इसकी नींव 2024 के लोकसभा चुनाव में डाल कर फिर से मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाइए।' उन्होंने ममता बनर्जी की सरकार पर बंगाल को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा, '27 साल बंगाल में कम्युनिस्टों का शासन रहा और ममता बनर्जी का तीसरा कार्यकाल।

## मणिपुर के उग्रवादी समूह यूएनएलएफ का शांति समझौते पर हस्ताक्षर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) ने आज नयी दिल्ली में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। मणिपुर के सबसे पुराने घाटी स्थित सशस्त्र समूह यूएनएलएफ ने हिंसा छोड़ कर मुख्यधारा में शामिल होने पर सहमति जतायी है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए मोदी सरकार के अथक प्रयासों को मिली सफलता में एक नया अध्याय जुड़ गया है। उन्होंने कहा, 'मैं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में उनका स्वागत करता हूं और शांति और प्रगति के पथ पर उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' मणिपुर के सबसे पुराने घाटी स्थित सशस्त्र समूह यूएनएलएफ ने केन्द्र और राज्य सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। यूएनएलएफ पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) जैसे अन्य घाटी-आधारित प्रतिबंधित संगठनों के समान एक संप्रभु मणिपुर के लिए गुरिल्ला युद्ध लड़ रहा था।

## विश्व भर की रेस्क्यू मुहिम से बड़ा और तेज रहा सिलक्यारा सुरंग ऑपरेशन



- दुनिया की नजर टिकी थी रेस्क्यू ऑपरेशन पर

**उत्तरकाशी :** उत्तराखंड सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने का दुनिया का सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन बेहद जटिल और खासा चुनौतीपूर्ण था। भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के बेहतर तालमेल से राहतकर्मियों ने जिस तेजी से सिलक्यारा ऑपरेशन को रिकॉर्ड समय में पूरा किया, वह दुनिया के सामने एक उदाहरण बन गया है। सिलक्यारा सुरंग हादसा के बाद न भारत ही नहीं, दुनिया भर की नजर रेस्क्यू ऑपरेशन पर थी। दुनियाभर में सुरंग और बड़े भूमिगत ऑपरेशन में अब तक दक्षिण अमेरिका के चिली में अगस्त 2010 में खदान ढहने से फंसे 33 मजदूरों का रेस्क्यू 05 अगस्त से 13 अक्टूबर तक पूरे 69 दिन चला।

## सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई की फिर धमकी, पुलिस ने किया अलर्ट

एजेंसी

**मुंबई :** सलमान खान को पिछले कुछ समय से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह से लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इन धमकियों के बाद मुम्बई पुलिस ने बॉलीवुड के दबंग एक्टर को सुरक्षा भी मुहैया करायी है। अब एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से सलमान खान को धमकी मिली है। इस धमकी के बाद मुम्बई पुलिस ने सलमान खान को दी सुरक्षा की मंगलवार को दोबारा समीक्षा की है। साथ ही, पुलिस ने अभिनेता सलमान खान को इस बार ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दी है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की धमकी के बाद सलमान खान को मुम्बई पुलिस ने पहले ही वाई-प्लस सुरक्षा दी है।

हाल ही में, लॉरेंस बिश्नोई ने एक फेसबुक पोस्ट में कनाडा में अपने घर के बाहर गिप्पी ग्रेवाल की गोली मार कर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। फेसबुक पोस्ट में लिखा था, ''आप सलमान खान को अपना भाई मानते हैं, लेकिन अब आपके 'भाई' को बचाने का समय आ गया है।

# नौसेना दिवस पर पश्चिमी समुद्र तट पर सिंधुदुर्ग किले में होगा 'ऑपरेशनल डेमो'

- शामिल होंगे मिग 29के और 40 एलसीए नौसेना विमानों के साथ 20 युद्धपोत
- नौसेना के समुद्री कमांडो युद्धक समुद्र तट टोही और हमले का करेंगे प्रदर्शन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना 04 दिसम्बर को भारत के पश्चिमी समुद्र तट पर सिंधुदुर्ग किले में जहाजों और विमानों के जरिये 'ऑपरेशनल प्रदर्शन' करके अपनी परिचालन कौशल और क्षमताओं का प्रदर्शन करेगी। इस प्रदर्शन का उद्देश्य औपनिवेशिक प्रथाओं को खत्म करने के प्रतीक में भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास का जश्न मनाना है। कार्यक्रम में मिग 29के और 40 एलसीए नौसेना विमानों के साथ 20 युद्धपोतों की भागीदारी होगी। साथ ही भारतीय नौसेना के समुद्री कमांडो युद्धक समुद्र तट टोही और हमले का प्रदर्शन करेंगे।

भारतीय नौसेना 1971 के युद्ध के दौरान कराची बंदरगाह पर नौसेना के दुस्साहसिक हमले 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' की याद में 04 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाती है। इसी दिन नौसेना विपरीत परिस्थितियों में कर्मियों की वीरता, साहस और उनके संकल्प का जश्न मनाने के लिए सिंधुदुर्ग किले में 'ऑपरेशनल प्रदर्शन' करने जा रही है। इस कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के अत्याधुनिक जहाजों और विमानों को लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से आम जनता और ऑनलाइन दर्शकों के सामने प्रदर्शित किया जायेगा। यह किला 1660 में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज ने बनवाया था। कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में लड़ाकू विमान मिग 29के और 40 लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) के साथ 20 युद्धपोतों की भागीदारी होगी। साथ ही, भारतीय नौसेना के समुद्री कमांडो युद्धक समुद्र तट टोही और हमले का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा अन्य प्रमुख आकर्षणों में नौसेना बैंड का प्रदर्शन, ड्रिल और एससीसी कैडेटों का हॉर्न पाइप नृत्य शामिल हैं। यह आयोजन सिंधुदुर्ग किले में लेजर शो के बाद लंगरगाह पर जहाजों की रोशनी के साथ समाप्त होगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार के अलावा इस कार्यक्रम को केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, सैन्य अधिकारी और स्थानीय लोग तारकरली समुद्र तट से देखेंगे।



उन्होंने बताया कि नौसेना दिवस समारोह का उद्देश्य नागरिकों के बीच समुद्री चेतना को नवीनीकृत करना और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति नौसेना के योगदान को उजागर करना है। यह पहली बार है कि जब भारतीय नौसेना एक मेगा कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जो किसी भी प्रमुख नौसेना स्टेशन पर नहीं हो रहा है। सिंधुदुर्ग किले का स्थान मुंबई से 550 किमी और गोवा में नौसेना स्टेशन से लगभग 135 किमी दूर है। इन आयोजनों को प्रदर्शित करने के लिए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ नौसेना ने हरसम्भव प्रयास किये हैं।

## एक झलक

### उपायुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं

**रामगढ़** : उपायुक्त चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, मुआवजा राशि, छात्रवृत्ति, रोजगार, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### बेड़ो का युवक लापता

**बेड़ो** : थाना क्षेत्र के चरिमा गांव से गत 27 नवंबर को रांची जाने के नाम पर निकला एक 26 वर्षीय युवक नेम्हस खेस्स लापता हो गया है। वहीं युवक की बहन सुमन खेस्स ने इस संदर्भ में बेड़ो थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि उसका भाई रांची काम करने के लिए सोमवार को निकला था। जो अब तक घर नहीं लौटा है। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। इधर उन्होंने पुलिस प्रशासन से खोज बीन करने की गुहार लगायी है।

### टीवीएस के डुप्लीकेट पार्ट्स बेचने के मामले में दो दुकानों पर मामला दर्ज

**भुरकुंडा** : टीवीएस कंपनी के डुप्लीकेट पार्ट्स बेचने की शिकायत पर भुरकुंडा पुलिस ने दो दुकानों पर केस दर्ज किया है। टीवीएस कंपनी के डुप्लीकेट पार्ट्स बेचने की शिकायत कोलकाता से टीवीएस कंपनी के अधिकारियों द्वारा भुरकुंडा थाना में किया गया था। जिसके बाद भुरकुंडा पुलिस भुरकुंडा बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप फ्रेंड्स ऑटो पार्ट्स दुकान और बिरसा चैक केए आमिल ऑटो पार्ट्स दुकान छापेमारी की गई। छापेमारी में पुलिस ने दुकान से टीवीएस कंपनी का ब्रेक शू, फिल्टर और कई डुप्लीकेट पार्ट्स को जप्त कर थाने ले आई। जिसके बाद भुरकुंडा पुलिस ने धारा 419, 420, 483, 486६ 34 आईपीसी एंड 103, 104 इंडियन ट्रेड मार्केटिंग 1999 और 63,65 कॉपीराइट एक्ट 1957 के तहत दोनों दुकान के संचालकों पर केस दर्ज किया गया है।

### जेबीकेएसएस की बैठक में गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान

**अनगड़ा** : जेबीकेएसएस के सदस्यों की बुधवार को अनगड़ा अंचल मैदान में बैठक हुई। बैठक में केन्द्रीय प्रभारी सन्नी तिग्गा, विजय सिंह, आनंद कटियार, रवि कुमार महतो उपस्थित थे। अध्यक्षता फलीन्द्र करमाली व संचालन सुमित कुमार महतो ने किया। सन्नी तिग्गा ने बताया कि गांव गांव में बैठक कर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कहा कि टाइगर जयराम महतो झारखंड को बचाने व इसके नवनिर्माण के लिए संघर्षरत है। हमें इनका साथ देना है। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलन कारी लखीन्द्र महतो, देवेन्द्र नाथ महतो, अनवर अंसारी, रतिलाल पाहन, बालेश्वर बेदिया, धनीराम करमाली, राजेश कच्छप, मुकेश करमाली, कृष्णा महतो, हेमंत महतो, मार्शल महतो, सुधांशु महतो, पवन महतो, शनिचरवा बेदिया, बैजनाथ महतो, सूरज नारायण महतो, संदीप नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

### निखिल बने जसपुरिया बीएड कॉलेज व युक्ता प्रिया बनीं सीआईटी की टॉपर

**अनगड़ा** : जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा गेतलसूद के डीएलएड का रिजल्ट 96 प्रतिशत रहा। प्रशिक्षु निखिल विनय मिंज ने 85 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं आलोक फ्रांसिस लकड़ा 84 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय एवं अनुराग किंडो 83 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने सफल प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है' उन्होंने कहा कि एक शिक्षक अपने हाथों में देश का भविष्य गढ़ते है। एक शिक्षक बनने के बाद आपकी जिम्मेवारी बढ़ जाती है। शिक्षक ही समाज को सही-दिशा और दशा दे सकते है। इधर कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन के डीएल एड के जारी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। अभ्यर्थी युक्ता प्रिया 84.21 प्रतिशत अंकों के साथ संस्थान टॉपर बनी। वहीं शैलजा निकिता तिर्की 82.5 एवं अंजली कुमारी 82.07 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। संस्थान के सचिव नवनीत सिंह, प्राचार्य डॉ रवींद्र कुमार, कॉर्डिनेटर संजीव तिवारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ सत्येश कुमार सिंह, डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ रेणु आदि ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

---

### तालाटांड़ में विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# क्षेत्र के विकास में सड़कों की भूमिका अहम : अंबा प्रसाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू** : प्रखंड अंतर्गत तालाटांड़ मुख्य पथ से भुइया टोली तक ग्रामीण कार्य विभाग से बनने वाली सड़क निर्माण का शिलान्यास बुधवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने नारियल फोड़ कर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में सबसे बड़ी भूमिका सड़कों की है और क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। हर गांव मुख्य सड़क से कनेक्ट हो इसके लिए वे हमेशा फिक्रमंद है। क्षेत्र के विकास के लिए जनता कहे या फिर नहीं कहे यह उनकी जवाबदेही में शामिल है। उन्होंने बताया कि उक्त सड़क के निर्माण की मांग वर्षो से लोगों की थी जो आज पूरा हुआ। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की जिम्मेदारी है कि वे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर नजर रखें। साथ ही उन्होंने संवेदक को चेतावनी दी की गुणवत्ता में कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सिंह ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग से 2.20 किमी सड़क का निर्माण करीब 2 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर पूरे विधानसभा में कई सड़कों का निर्माण हो चुका है और दर्जनों सड़कों का टेंडर शीघ्र होगा। सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास होने से स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। मौके पर कांग्रेस पार्टी के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, असगर अली, संवेदक शमशेर अंसारी, अंजन प्रसाद, नईम अंसारी,योगेंद्र सिंह खरवार,मुस्तफा अंसारी, रमेश बेदिया, चरण देव उरांव, मकसूद अंसारी आदि उपस्थित थे।

---

## सिल्ली से जेबीकेएसएस पूरी ताकत से लड़ेगी : विजय कुमार सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला के सिल्ली विधान सभा के राहे प्रखण्ड और अनगड़ा प्रखण्ड का प्रखण्ड कमिटी विस्तार जेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो द्वारा अधिकृत प्रभारी दल विजय कुमार सिंह, रवि महतो, सन्नी तिग्गा, आनन्द केटियार की उपस्थिति में किया गया। मौके पर प्रभारी दल विजय सिंह ने बताया कि टाईगर जयराम महतो के नेतृत्व में 2024 जेबीकेएसएस का सरकार बनाने के लिए संगठन का विस्तार किया जा रहा है।प्रखण्ड संयोजक मंडल घोषणा होते ही पंचायत स्तरीय, बूथ स्तरीय कमिटी गठित किया जायेगा। उसके बाद घर घर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।सिल्ली विधान सभा जेबीकेएसएस जनता के सहयोग से 2024 में पूरी ताकत से लड़ेगी। मौके पर क्रांतिकारी देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि झारखंड गठन के बाद भोले भाले सिल्ली विधान सभा के जनता को हमेशा मूर्ख बनाकर ठगा गया है।सिल्ली विधान सभा के नेता राज्य के गृह मंत्री, उपमुख्यमंत्री तक बने फिर भी क्षेत्र में बेहतर शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं है। पूरा क्षेत्र बिजली रोड, पुल पुलिया का समस्या है। क्षेत्र के सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार से लिप्त है।इसीलिए सिल्ली विधान सभा में जेबीकेएसएस संगठन को मजबूत कर 2024 में किसी भी प्रकार लाभ लालच में डर भय में आए बिना झारखंडी माय माटी हक अधिकार के लिए मतदान करेगें। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रुप से सुशीला देवी, रीता देवी, गणेश मिर्धा, सुधीर, धनेश्वर, दीपक, रंजीत, खुदीराम, महेश्वर लोहरा, जगदीश, राजू, संजीव, अजय, भगीरथ आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

---

## कैंसर से पीड़ित गरीब मरीज को युवा दस्तक ओरमांझी ने किया आर्थिक सहयोग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : प्रखण्ड के अंतर्गत ओरमांझी पंचायत के ओरमांझी गांव के रहने वाले पच्चु ठाकुर के प्रपोत्र लालू ठाकुर ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं। उसकी आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं है। जिसके कारण वह अपना इलाज नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने लोगों से गुहार लगाई है। कि कोई आगे आकर कैंसर से पीड़ित मरीज का इलाज कर दे। जब इसकी सूचना युवा दस्तक ओरमांझी के अध्यक्ष आशीष साहू को मिली तो तुरंत ही लालू ठाकुर के घर जाकर लालू की स्थिति को देखते हुए तुरंत ही उसे कैंसर जैसा पीड़ित गंभीर बीमारी की इलाज के लिए आर्थिक मदद की। और युवा दस्तक के सदस्यों ने अध्यक्ष आशीष साहू के नेतृत्व में गांव में जाकर चंदा किया।ग्राम वासियों ने यथाशक्ति मदद की। एवं आगे भी सहायता के लिए भरोसा दिया। और गांव वालों ने ईश्वर से जल्द से जल्द इनकी बीमारी को दूर करने की कामना की। वहीं कैंसर से पीड़ित लालू ठाकुर को आर्थिक मदद मिलने से उसके दिल में एक आशा की किरण जगी। और उन्होंने कहा कि आज भी लोगों में इंसानियत है। अब मैं भी जिंदा रह सकता हूं। इसके लिए उन्होंने युवा दस्तक के अध्यक्ष आशीष साहू का आभार जताया। मौके पर युवा दस्तक के अध्यक्ष सह भाजपा युवा नेता आशीष साहू ने कहा कि हमारे गांव ओरमांझी ने आज एक बार फिर सामाजिक सरोकार और एकता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि एक वृद्ध महिला जिनको खुद खाने के लिए नहीं है। उन्होंने भी कैंसर पीड़ित के लिए 500 रुपए मदद की। इसके लिए युवा दस्तक ने कंबल देकर सम्मानित किया। हमारे युवा दस्तक के साथियों का समर्पण सदैव क्षेत्र के लिए उपलब्ध रहेगी। प्रभु से आकांक्षा है। कि जल्द से जल्द इनकी व्याधि को दूर करें। मौके पर मुख्य रूप से राजा तिवारी, उप मुखिया संतोष गुप्ता,अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ, राज साहू, विजय महतो, घांशू महतो,नवीन महतो, विक्रम कुमार, अभय कुमार, साहिल कुमार, नितिन कुमार, अमन साहू, लखन कुमार, ऋषि ठाकुर, नीरज पांडे, उमेश कुमार युवा दस्तक के सदस्यगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## सांसद निधि से निर्मित विवाह हॉल का हुआ उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी** : बुधवार को स्वर्णरेखा उद्गम स्थल रानी चुंवा में सांसद (राज्य सभा) निधि से निर्मित सामुदायिक भवन के उपर बने विवाह हॉल का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने शिलापट्ट का अनावरण, नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भवन तो सांसद निधि से बन चुका है मैं व्यक्तिगत निधि से इस हॉल को एसी सुविधा करवा दुंगा इसके अतिरिक्त इसमें टेबल, कुर्सी, पंखा और लाउडस्पीकर भी लगा दिया जायेगा।यह विवाह हॉल गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों के लिए एक उपहार है। इस अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवी सह पत्रकार केशव कुमार भगत ने इस स्थल की इतिहास के बारे में जानकारी डये हुए कहा कि यह स्थल न केवल नगड़ी वरण झारखंड का गौरव है, हमारी जिम्मेदारी है कि इस ऐतिहासिक अंगुठी में हम अधिक से अधिक नग सजा कर इसकी सुंदरता बढायें। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता नगड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश केशरी, मंच संचालन विंध्याचल महतो और धन्यवाद ज्ञापन दीपक केशरी (गुगु) ने किया। समारोह में शशिभूषण भगत, केदार महतो, दौलत केशरी, मणीष केशरी, शीला देवी, अखिलेश केशरी, नरेश बैठा, अर्जुन बैठा, प्रदीप महतो, निरंजन महतो, कमलेश ओहदार, गणपत महतो, लक्ष्मी नारायण केशरी, दिलीप महतो, दीपक केशरी(पंसस), जलधर महतो, मंगा पहान, जौहर अली, सोमरा उरांव, रघुवंश ठाकुर सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## चैंपियंस ट्रॉफी : एफसी धनबाद को हरा कर गाड़ीहोटवार क्वार्टर फाइनल में

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : गाड़ीहोटवार की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टुनामेंट के क्वाटरफाइनल में पहुंच गई। बुधवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये मैच में गाड़ीहोटवार ने काफी रोमांचक मुकाबले में एफसी धनबाद को 2-0 से हराया। गाड़ीहोटवार की ओर से अंकित ने चौथे मिनट में गोल करके धनबाद को हतप्रभ कर दिया। इस गोल के बाद धनबाद ने ताबड़तोड़ हमला किया। लेकिन गाड़ीहोटवार के गोलची विदेश उरांव ने कई शानदार बचाव किया। खेल के अंतिम दस मिनट में धनबाद ने ताबड़तोड़ हमला कर गाड़ीहोटवार को बैकफुट में ला दिया। अंतिम मिनट में अमन ने गोल कर टीम को 2-0 से जीत दिला दी। गाड़ीहोटवार के मनोहर को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व रेलवे परामर्श दात्री समिति के सदस्य प्रवीण कुमार झा ने प्रदान की। प्रवीण झा ने कहा कि रांची से अब फुटबालर निकलना चाहिए। राजेन्द्र यूनाइटेड द्वारा पिछले 23 सालों से किया जा रहा आयोजन सराहनीय है। फुटबाल झारखंड की आत्मा है। झारखंड सरकार फुटबाल के विकास को लेकर निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करें। और इसे बढ़ावा देने के लिए इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। 30 नवंबर को राजेन्द्र यूनाइटेड व गाड़ीहोटवार के बीच मैच खेला जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुण्डा, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, प्रबंधक संतोष कुमार सिन्हा, प्रवक्ता शिवदास गोस्वामी, संजय नायक, उपमुखिया शंकर बैठा, राजन महतो, राजेश लोहरा, सौरव कुमार, राजेश पाहन, प्रकाश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

---

### उरूगूटू पंचायत के बेंती गांव में हुई आजसू पार्टी की बैठक आयोजित

# पीलर मेंबर का हुआ चयन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : बुधवार को आजसू पार्टी की बैठक उरूगूटू पचायत के बेंती गांव में आयोजित की गई। बैठक में पिलर मेंबर का चयन किया गया। बेंती गांव से मुखलाल भोगता सरिता देवी एवं गोविंद महतो, मेडीं गांव से सुरेश महतो, सरिता देवी, पतरातू गांव से जयनाथ महतो, भोला महतो एवं लिलावती देवी, वीणा देवी को पिलर मेंबर बनाया गया। आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव ने सभी आजसू ग्राम कमेटी के पदाधिकारियों और पिलर मेंबर को निर्देश दिया कि आजसू पार्टी के नीति सिद्धांत को घर घर तक पहुंचाना है। सुदेश कुमार महतो के हाथों को मजबूत करना है। और मजबूती के साथ दावेदारी पेश करना है। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य रूपलाल महतो, उरूगूटू पचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजू नायक, काँके प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज महतो, जगलाल महतो, शनिचर गंझू, देवधारी भोगता, अमृत महतो, तेजराय सिह मुंडा, बालगोबिंद मुंडा, जगदीश महतो, महेन्द्र महतो एवं आजसू पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## बेड़ो में सड़क हादसा में एक युवक की मौत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : मांडर पथ पर बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा मोड़ के समीप हुई सड़क हादसा में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार की दोपहर करीब पौने चार बजे की है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो थाना के एस आई दुर्गेश कुमार सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक युवक के जेब से एक आधार कार्ड बरामद किया। जिसमें जीतेश गोप पिता खुदिया गोप गांव सकरा थाना मांडर लिखा हुआ है। इसी आधार पर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन बेड़ो थाना पहुंचे। इधर मृतक के परिजनों ने मृतक युवक की पहचान करीब 22 वर्षीय जीतेश गोप पिता खुदिया गोप गांव सकरा थाना मांडर के रूप में किया। वहीं घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार जीतेश गोप अपने गांव सकरा से बेड़ो की ओर आ रहा था। इसी बीच बेड़ो मांडर पथ पर पूर्व से खड़ी एक ट्रेलर को उसने पीछे से धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। साथ ही उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बेड़ो पुलिस ने घटनास्थल से मृतक युवक का शव बरामद कर लिया। वहीं गुरुवार को मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा। इधर ग्रामीणों का कहना है कि अगर युवक हेलमेट पहना होता तो जान बच सकती थी। वहीं मृतक के चेहरे पर ही गंभीर चोट के निशान हैं।

---

## मुरतो आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में बाल मेला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के मुरतो गांव स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में बुधवार को खाद्य सामग्री विषयों के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से बाल मेला का आयोजन किया गया।जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार की अगुवाई में आयोजित मेले में विद्यार्थियों ने चाउमिन, रोल, गुपचुप, पाव भाजी, पानी पूरी, समोसा चाट, गुलाब जामुन, पकौड़ी, झालमुरी, बैंगन चॉप, ब्रेड चॉप ब्रेड, झालमुरही कॉफी व चाय बनाकर प्रदर्शित किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अभिजीत राज व प्रियंका राज ने मेले में विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर निदेशक अभिजीत राज ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए खाद्य सामग्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में रुचि पैदा होती है व विद्यार्थियों को कुछ नया करने की प्रेरणा भी मिलती है। इस दौरान अभिभावकों ने मेले में पहुंचकर विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखा व उनकी प्रशंसा की। वहीं बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बाल मेला को सफल बनाने में निशा कुमारी, प्रियंका गुप्ता, अलका अनीता तिर्की, जुलियाना टोप्पो, अलुईस तिर्की, सुशीला तिर्की, प्रिया गुप्ता, रूपा कुमारी ने सरानीय भूमिका निभाई।

---

## विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं को दी गयी जानकारी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के निर्देश पर विधिक जागरूकता व पहुंच अभियान के तहत प्राधिकार के पीएलवी अनूप कुमार ने दुलमी प्रखंड के जमीरा में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जहां महिलाओं को समान पारिश्रमिक पाने का अधिकार, गरिमा और शालीनता का अधिकार, कार्यस्थल पर उत्पीड़न से सुरक्षा का अधिकार, घरेलू हिंसा के विरुद्ध अधिकार, जीरो एफआईआर का अधिकार, भरण-पोषण का अधिकार, विवाहित बेटी को अनुकम्पा नियुक्ति का अधिकार, स्त्री धन पर अधिकार, मातृत्व अवकाश का अधिकार आदि की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया। अनूप कुमार ने जागरूक करते हुए महिलाओं से कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। घर हो या बाहर महिलाएं बखूबी अपने काम को पूरा करती हैं, लेकिन कुछ वजहों के चलते उन्हें कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घरेलू हिंसा, लिंग भेद और महिला उत्पीड़न आदि सभी परेशानियों को उन्हें झेलनी पड़ती हैं। लेकिन अगर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी होगी तो वह किसी भी प्रताड़ना को सहने से पहले उसके खिलाफ अपनी आवाज उठा सकती हैं। मौके पर ललिता देवी, पार्वती देवी, सोमरी देवी, सावित्री देवी, पानो देवी, मुनकी देवी, कुंती देवी, बुकिया देवी, भगवती देवी, सुगवा देवी, धनेश्वरी देवी सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

---

### उरीमारी पंचायत में झामुमो कमेटी का हुआ गठन

# 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' से लाभ उठा रहे राज्यवासी : सोनाराम मांझी

- अध्यक्ष सुरेन्द्र करमाली और सचिव परमेश्वर सोरेन बने



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी** : झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यालय के निकट बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की उरीमारी पंचायत स्तरीय बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जुगल करमाली एवं संचालन रेशमी टुडू ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो मुख्य संयोजक संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, मोहन सोरेन की उपस्थिति में पंचायत कमेटी की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष सुरेंद्र मांझी, उपाध्यक्ष जुगल करमाली, शिकारी टुडू, राजू रंजन कुमार, सचिव परमेश्वर सोरेन, संयुक्त सचिव भादो करमाली, सूरज बेसरा, नरेश पवरिया, संगठन सचिव मनीक लाल करमाली, कोषाध्यक्ष पुरन टुडू, कार्यकारिणी सदस्य राजू पवरिया, मुकेश बेसरा, हेमलाल बेसरा, जितेंद्र हसदा, विजय साव, टिंकू करमाली, अमित सोरेन, दिनेश पवरिया, विजय हांसदा, राकेश करमाली, बलराम करमाली, विनय करमाली ,प्रकाश करमाली ,अजय करमाली ,मनोज करमाली ,रामब्रिज करमाली ,शनिचर देवी,धानो करमाली ,पवारिया धनेश्वर करमाल ,तालों पवरिया इत्यादि लोगों को बनाया गया। सोनाराम मांझी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को झारखंड मुक्ति मोर्चा पट्टा एवं फूलमाला पहनकर स्वागत किया। वहीं मणिक लाल करमाली के नेतृत्व में लगभग 70 लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में झामुमो की जीत होगी। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य के लोगों को लाभ मिल रहा है। सरकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ झारखंड में विकास को गति दी जा रही है। मौके पर परमेश्वर करमाली, सुरेंद्र मांझी, विनय करमाली,भादो करमाली, विनय करमाली, प्रकाश करमाली, रंजन करमाली, राजू करमाली, राम प्रसाद, कमली देवी, सुमित्रा देवी, बागी देवी, गीता देवी, पार्वती देवी, बुधनी देवी, मीना देवी सहित कई मौजूद थे।

---

## 'आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में पहुंचीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के टेरो पंचायत भवन में बुधवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और सरकारी अधिकारियों से योजना की जानकारी लिया। मौके पर कई लाभुको को स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया। वही योजनाओं का आवेदन जमा करने के लिए अलग अलग स्टॉल लगाया गया। जहां कई आवेदन का तत्काल निष्पादन किया गया। मौके पर विधायक ने जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दिया। विधायक ने कहा कि जन-जन तक विकास कार्य का लाभ पहुंचना चाहिए ताकि प्रखंड का सारा गांव विकसित हो सके। मौके पर बीडीओ सह सीओ प्रताप मिंज, जिपस बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मोद्दसीर हक, करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, पंसस सेलवेस्टर मिंज, सहित कई पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## एक झलक

### 15वें वित्त आयोग योजना से पीसीसी पथ के निर्माण कार्य की हुई शुरुआत

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत मड़मो के टोला गमहरियाटांड़ में 15वे वित्त आयोग योजना से बुधवार को बुधन महतो के घर से लेकर सोमर महतो के घर तक पीसीसी पथ का आधारशिला मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इस दौरान हो रहे पीसीसी निर्माण कार्य को लेकर मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा ने ढलाई का निरीक्षण किया ।साथ ही लाभुक को उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि काम को गुणवत्ता पूर्वक किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से वार्ड सदस्य सरिता कुमारी, घनश्याम महतो, नीलकंठ महतो, कारूलाल महतो समेत कई अन्य ग्रामीण लोग मौजूद थे।

### महिला सुरक्षा कर्मी के साथ लोहा चोरों ने मारपीट कर किया घायल

**झरिया (धनबाद) :** बस्ताकोला क्षेत्र के न्यू पीट शिमला बहाल कोलियरी मे कार्यरत महिला सुरक्षा कर्मी गुजरी देवी (52) को आज डियूटी के दौरान लोहा चोरो ने मारपीट कर चोटिल कर दिया ।वही घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने बुधवार को कोलियरी कार्यालय पहुंच आक्रोश व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि जब महिला सुरक्षाकर्मी की तैनाती के दौरान चोरों का दल मारपीट की घटना का अंजाम देता है ।घटना पर प्रबंधन सुरक्षा में लगे कर्मियों को कोई मदद नहीं करती है। जिसके कारण चोरों का मन बड़ा हुआ है। इस संबंध में पीड़ित महिला सुरक्षा कर्मी ने लिखित आवेदन मे घटना की ब्योरा बीसीसीएल प्रबंधन को दिया है। इधर घटना के संबंध में बताया जाता है कि महिला सुरक्षाकर्मी जनरल शिफ्ट में ड्यूटी कर रहे थी। तभी कुछ चोरों पर उसकी निगाह पड़ी। उसने विरोध किया तो चोरों का दल मारपीट शुरू कर दिया। जिसमें उसका दाहिना हाथ में गंभीर चोटे आई हैं ।उसने उक्त बात की जानकारी स्थानीय प्रबंधन को दिया। लेकिन तत्काल उसे प्रबंधन की ओर से मदद नहीं मिली। मामले की जानकारी जब पीड़ित महिला के स्वजनों को मिली तो वह लोग कार्यालय पहुंचे। महिला सुरक्षाकर्मी की पिटाई का विरोध करने लगे। वहीं कुछ युवको ने कार्यालय में खड़े वाहनों में तोड़फोड़ करने प्रयास किया। जिसे प्रबुद्ध लोगों ने रोक दिया। स्थानीय लोगों को कहना है कि महिला सुरक्षा कर्मी कार्यालय के समीप स्थित मोहल्ले में रहती है। लोहा चोरी में कुछ स्थानीय युवक सहयोग करते हैं। जब पुलिस या सीआईएसएफ के जवान लोहा चोरों पर दविस डालते हैं तो चोरों का दल सुरक्षाकर्मी से मारपीट कर भाड़ास निकलते हैं।

क्या कहते हैं प्रबंधक : कोलियरी के प्रतिबंधित क्षेत्र में कुछ युवक घुस रहे थे। जिसे पर महिला सुरक्षा कर्मी ने उन्हें मना किया। जिस पर वह लोग महिला सुरक्षाकर्मी से झगड़ा करने लगे। महिला सुरक्षाकर्मी के लिखित शिकायत पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रामकृष्ण मिशन आश्रम ने दुबलाबेड़ा में कम्बल का किया वितरण

**अनगड़ा :** सिकिदिरी के दुबलाबेड़ा में बुधवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी की ओर से 20 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण रामकृष्ण मिशन रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद महाराज व ब्रह्मचारी सपन महाराज ने किया। सचिव महाराज ने कहा की गरीबों की सेवा ईश्वर की प्राप्ति होती है। इस मौके पर मुखिया अनीता बरला, कोचिंग सेंटर का अध्यक्ष राजकुमार बेदिया, बैजनाथ बेदिया, शोभाराम बेदिया, शिवनारायण मुंडा, उपमुखिया चरण बेदिया, किशोर बेदिया, नरेश बेदिया, अमित बेदिया, गिरिबाला देवी, अंजली देवी, मालो देवी, कायरो कुमारी आदि उपस्थित थे।

# खेलो इंडिया विमेंस किकबॉक्सिंग लीग : हजारीबाग की मंदाकिनी ने 50 केजी भार में जीता गोल्ड

- हजारीबाग के नमन विद्या स्कूल में 8वीं कक्षा की है छात्रा, लीग में हजारीबाग जिले का किया प्रतिनिधित्व
- गोंदलपुरा खनन परियोजना में कार्यरत है पिता, परिवार से लेकर स्कूल तक में खुशी का माहौल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव जिले की मंदाकिनी यादव ने दो दिवसीय खेलो इंडिया विमेंस किकबॉक्सिंग लीग में स्वर्ण पदक जीत कर हजारीबाग का नाम रौशन किया है। रांची के खेलगांव स्टेडियम स्थित बॉक्सिंग हॉल में आयोजित हुए इस प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भार में मंदाकिनी ने हजारीबाग जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए यह पदक अपने नाम किया। इससे पहले मंदाकिनी ने इस वर्ष अगस्त महीने में वाको इंडिया की ओर से आयोजित किकबॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था। सुश्री मंदाकिनी यादव हजारीबाग के नमन विद्या स्कूल में 8वीं कक्षा की छात्रा हैं और मुकेश कराटे अकादमी, हजारीबाग में प्रशिक्षण भी ले रही हैं। मंदाकिनी के पिता रामअवध यादव अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के गोंदलपुरा खनन परियोजना में बतौर डिप्टी मैनेजर कार्यरत हैं। मंदाकिनी की इस उपलब्धि पर अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के कार्यालय में बुधवार को उसे सम्मानित किया गया। मंदाकिनी की इस उपलब्धि पर पूरा परिवार, कराटे अकादेमी और स्कूल प्रबंधन बेहद खुश है। मंदाकिनी खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी 80% अंकों के साथ बेहतर करती रही है। एथलेटिक्स में अब तक इसने 16 गोल्ड मेडल जीता है। झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया कि महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार और वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन देश भर में 27 स्थानों पर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं को सीधे तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर मिलेगा।

> स्वर्ण पदक विजेताओं को सीधे राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का मिलेगा मौका

इस दो दिवसीय चैंपियनशिप का शुभारंभ 26 नवम्बर को रांची के सांसद संजय सेठ ने किया था और समापन कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 325 खिलाड़ी और 75 अधिकारियों ने अपना योगदान दिया।

### बेंगवरी पंचायत में हुआ 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

# 65 लोगों के बीच नि:शुल्क दवा वितरण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**केरेडारी :** आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत केरेडारी प्रखंड के पंचायत बेंगवरी में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद पहुंचे जहां पंचायत के सभी गांवो से सैकड़ों महिला पुरुष के अलावे छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया देवंती देवी ने की जबकि संचालन जनसेवक रवि राजा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान वरीय अधिकारी सुभाष कुमार, सीओ रामरतन वर्णवाल, बीडीओ अमित कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के द्वारा जनहित से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है, इसलिए इस कार्यक्रम में भाग लेकर ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। सरकार के जन कल्याणकारी योजना की जानकारी को विस्तार से रखा, इन्होंने कहा आपके समस्त समस्याओं की समाधान करने के लिए प्रशासन की टीम प्रखंड से आपके गांव तक पहुंचा है,आप के सभी समस्याओं को हर संभव निराकरण किया जायेगा। वरीय अधिकारी सुभाष कुमार, सीओ रामरतन वर्णवाल, बीडीओ अमित कुमार, मुखिया बेबी देवी ने वृद्ध महिला पुरुषो के बीच सर्वजन पेंशन योजना के तहत दर्जनों लाभुकों को स्वीकृति पत्र सौंपा गया, इसके अलावे शिविर में जॉब कार्ड तथा जेएसएलपीएस से जुड़ी कई महिला मंडलो को ऋण का वितरण किया गया। फूलो झानो आशिर्वाद योजना के तहत महिला मंडल को प्रोत्साहन हेतु सतर हजार रुपये का चेक आर्थिक सुधार करने के लिए दिया गया। पंचायत के बेंगवरी में कोदवे, लोचर, मुंगवाटांड, बसरिया गांव के विभिन्न सखी मंडल को जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला मंडल ग्रुप के बीच लाखों रुपये का परिसंपत्तिओ का भी वितरण हुआ। इसके अलावे शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मलेरिया, टायफाइड की जांच कर 65 लोगों को निःशुल्क दवा वितरण किया गया, इसके अलावा अंचल कार्यालय दाखिल खारिज, केसीसी, प्रधानमंत्री आवास, अबुवा आवास योजना, राशन कार्ड, मत्स्य पालन, पशुपालन, आधार कार्ड, बाल विकास परियोजना समेत कई विभाग के स्टॉल लगाये गए थे। शिविर में ग्रामीणों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर सम्बंधित स्टॉल में लगभग 1000 आवेदन पत्र जमा किये जिसमें करीब 1319 आवेदन को तत्काल निराकरण किया गया जबकि शेष आवेदन पत्र विचाराधीन है। इस दौरान मौके पर वरीय अधिकारी सह जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार, प्रमुख सुनीता देवी, सीओ रामरतन वर्णवाल, बीडीओ अमित कुमार, बीपीओ सुमन कुमार , मुखिया बेली देवी, पंसस देवनारायण महतो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. विक्रम,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, बीईईओ, बीएओ अनुज कुमार, ,प्रभारी एमओ उमाशंकर प्रसाद, पंचायत सेवक हाकिम मियां, अंचल निरीक्षक शमिम मियां,राजस्व उपनिरीक्षक जितेन्द्र रंजन रोजगार सेवक गोवर्धन राम,योगेश कुमार, मनोज कुमार रवि,कनीय अभियंता नीलेश कुमार, महेन्द्र कुमार,तिलेश्वर कुमार, अर्जुन कुमार समेत कई वार्ड सदस्यों के अलावे दर्जनों ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे।

### उरीमारी पंचायत में झामुमो की कमेटी गठित

# अध्यक्ष सुरेन्द्र करमाली, सचिव परमेश्वर सोरेन व कोषाध्यक्ष पुरन टुडू बने

उपेंद्र कुमार

**बड़कागांव :** प्रखंड के उरीमारी के अंतर्गत जे,सी,एम,यू, कार्यालय में (बिरसा परियोजना कार्यालय) समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा की पंचायत स्तरीय बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जुगल करमाली एवं संचालन रेशमी टुडू ने किया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो मुख्य संयोजक संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, मोहन सोरेन के उपस्थिति में पंचायत कमेटी की घोषणा की गई। इसमें अध्यक्ष सुरेंद्र मांझी, उपाध्यक्ष जुगल करमाली, शिकारी टुडू, राजू रंजन कुमार, सचिव परमेश्वर सोरेन, संयुक्त सचिव भादो करमाली, सूरज बेसरा, नरेश पवरिया, संगठन सचिव मनीक लाल करमाली, कोषाध्यक्ष पुरन टुडू, कार्यकारिणी सदस्य राजू पवरिया, मुकेश बेसरा, हेमलाल बेसरा, जितेंद्र हसदा, विजय साव, टिंकू करमाली, अमित सोरेन, दिनेश पवरिया, विजय



हांसदा, राकेश करमाली, बलराम करमाली, विनय करमाली, प्रकाश करमाली, अजय करमाली, मनोज करमाली, रामब्रिज करमाली, शनिचर देवी, धानो करमाली, पवारिया धनेश्वर करमाली, तालों पवरिया इत्यादि लोगों को बनाया गया। सोनाराम मांझी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को झारखंड मुक्ति मोर्चा पट्टा एवं फूलमाला पहनकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आगामी 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा पुरजोर तरीके से संगठन मजबूत हो है। सोनाराम मांझी और संजय सिंह के नेतृत्व में दूसरे दल के समर्थक मनीक लाल करमाली के नेतृत्व में लगभग 70 लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मुख्य संयोजक संजय सिंह ने कहा बड़कागांव प्रखंड में बहुत जल्द झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। मौके पर परमेश्वर करमाली, सुरेंद्र मांझी, विनय करमाली, भादो करमाली, विनय करमाली, प्रकाश करमाली, रंजन करमाली, राजू करमाली, राम प्रसाद, कमली देवी, सुमित्रा देवी, बागी देवी, गीता देवी, पार्वती देवी, बुधनी देवी, मीना देवी, जितेंद्र हांसदा, अनिल मांझी, नरेश पुरिया, रामब्रिज करमाली, राजेंद्र करमाली, अजय करमाली, इत्यादि दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

# जल्द खुलेगा चौपारण में डिग्री कॉलेज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**चौपारण :** आजादी के 77 वर्षों के बाद जल्द ही बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के के प्रयास से चौपारण में डिग्री कॉलेज का निर्माण होने की संभावना बढ़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार चौपारण में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने को लेकर शिक्षा विभाग ने हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय को पत्र भेजा है। जमीन के उपलब्ध होते ही चौपारण में डिग्री कॉलेज का निर्माण शुरू होगा। बतादें कि चौपारण जिले का सबसे बड़ा प्रखंड है और यहां लगभग 2 लाख से अधिक आबादी निवास करती है। जिले का सबसे बड़े प्रखंड होने के बावजूद भी यहां पर डिग्री कॉलेज और महिला कॉलेज की कमी के कारण यहां के बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बड़े शहरों पर निर्भर रहते हैं। क्षेत्र में गरीबी और दूरी के कारण अधिकांश लड़कियों को बीच मे पढ़ाई छोड़ना पड़ जाता है। इसे लेकर कई समाजसेवियों द्वारा लगातार डिग्री कॉलेज खोलने की मांग भी उठाई गई है। बरही विधायक श्री अकेला ने भी क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की नितांत आवश्यकता को देखते हुए उनके द्वारा झारखंड विधानसभा सत्र के शून्यकाल में 03 अगस्त 2022 को उठाते हुए कहा था कि हजारीबाग जिला अंतर्गत चौपारण प्रखण्ड मे उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु डीग्री महाविद्यालय नही हैं। जिसके कारण लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाती हैं। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से डिग्री महाविद्यालय खोलने हेतु आग्रह किया था। जिसके आलोक में दिनांक 7 नवम्बर 2023 को झारखंड उच्च शिक्षा के निदेशक गरिमा सिंह ने उपायुक्त हजारीबाग को पत्र लिखकर डिग्री महाविद्यालय, चौपारण हेतु भूमि चिन्हित करने को कहा है।

# प्रमण्डलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक ने दिये प्रपत्रों का समय पर निष्पादन करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**धनबाद :** प्रमण्डलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने आज बुधवार को धनबाद जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री वरुण रंजन सहित सभी एआरओ व एईआरओ के साथ सर्किट हाउस में बैठक कर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के कार्यो के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने धनबाद जिले के सभी छः विधान सभा में 27 अक्तूबर से 28 नवंबर तक प्राप्त 1,33,784 प्रपत्र - 06, 07 एवं 08 को समय पर निष्पादन करने के लिए अतिरिक्त कंप्यूटर ऑपरेटर लगाने, एआरओ व एईआरओ को इसकी लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। प्रमण्डलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग ने 40-धनबाद विधान सभा, 38-सिन्दरी विधान सभा एवं 42-टुण्डी विधान सभा के कुछ मतदान केन्द्रों के बीएलओ द्वारा एसएसआर-24 से संबंधित किये गए कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला एवं संबंधित विधान सभा के ईआरओ और एईआरओ भी उपस्थित थे। वहीं, बैठक से पूर्व सर्किट हाउस में प्रमण्डलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# गाल्होवार मुखिया मंजू देवी ने बच्चों के बीच पोशाक का किया वितरण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**विष्णुगढ़ :** बुधवार को प्रखंड अंतर्गत गाल्होवार पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय में कक्षा तीन से कक्षा आठ तक के एक सौ पचास छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल पोशाक, स्वेटर, जूता मौजा का वितरण मुखिया मंजू देवी ने किया। इस दौरान मुखिया मंजू देवी ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है। जिससे बच्चों को कोई परेशानी ना हो, इसके लिए बच्चों को सारी सुविधाएं दी जा रही है। शिक्षा का महत्व ही कुछ और है, बेहतर समाज बनाने के लिए हमे शिक्षित होना आज बहुत जरूरी है। शिक्षा एक ऐसा धन है, जिसे जितना बांटा जाये, उतना ही और बढ़ता है। इसे कोई ना लूट सकता है, और नहीं कोई चुरा सकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से उपमुखिया इरफान मियां, पंचायत समिति प्रतिनिधि लखन महतो, प्रधानाध्यापक प्रदीप राम, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, संजूका देवी, धनेश्वर महतो, मानिकचंद दास, रोहित महतो, विनय कुमार बरनवाल, द्वारका महतो, संतोष रजक समेत काफी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

> वितरण

# सड़क बनाने के नाम पर अंधाधुंध जंगल कटाई को लेकर ग्रामीण ने दिया वन विभाग को आवेदन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चेपाकलां पंचायत के ग्राम जुगरा के ग्रामीण पकवा छठ घाट से पंदनवांटांड तक बनने वाली सड़क पर अवैध जंगल कि कटाई को लेकर हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर जंगल कटाई रोकने कि मांग की है। तथा ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल कटाई का काम संजय सिंह पिता बसंत नारायण सिंह सिकरी, राजेश रजक पिता स्व मधुर रजक (वन समिति अध्यक्ष जुगरा) तथा बालेश्वर साव, पिता टिभर साव के द्वारा सैकड़ों पेड़ों की कटाई किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने कहा सड़क पुराने रास्ते पर बनने से सड़क की दूरी कम होगी, जंगल की कटाई नहीं होगी तथा पुरा जुगरा के ग्रामीण सहमत होंगे। आवेदन कि प्रतिलिपि सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड रांची, वन पदाधिकारी बड़कागांव को भी दिया गया है। वहीं, इस मामले पर चेपाकला पंचायत मुखिया अनिकेत कुमार नायक तथा बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद को याशमिन निशा ने आवेदन लिखकर उपायुक्त,उपविकास आयुक्त को ध्यान आकृष्ट कराया तथा पुराने ही सडक बनाने कि मांग की है। वहीं वन विभाग के कर्मी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जंगल सफाई व कटाई करने वाले अनियमिता बरती है। उनके विरुद्ध मामला दर्ज करके करवाई कि जा रही है। तथा पंदनवांटांड जंगल कटाई के मामले में चिह्नित करके मामला दर्ज किया जायेगा। वहीं, संवेदक संजय सिंह पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पंदनवांटांड में सड़क बनाने का काम नहीं है तो जंगल कहां से कटेगा। वन विभाग के द्वारा ग्राम सभा कर-के एनओसी मिलेगा उसके बाद सड़क बनाने का कार्य किया जायेगा। वहीं, इस मामले पर बालेश्वर साव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सड़क बनना तथा जंगल कटाई से मेरा किसी प्रकार का कोई नाता नहीं है। कुछ लोग को अपनी महत्वाकांक्षा नहीं पूरा होने पर वैसे लोग गांव को बरगला रहे हैं। आवेदन देने वाले में से मुख्य रूप से रंजीत कुमार (वन समिति सचिव), रामदुलार कु साव, अनिल कुमार, सुनील कुमार, सुजित कुमार, बब्लू कुमार, केदार साव, राजेश कुमार, दीपक साव,सुकर महतो, पप्पू वर्मा, दशरथ साव, इत्यादि सैकड़ों लोग शामिल हैं।

# एमडीएम व शिक्षा में कोई लापरवाही नहीं चलेगी : सुरेश कुमार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा पंचायत के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय रखवा में बढ़ते ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विद्यालय पोशाक, स्वेटर, जूता और मौजा का वितरण छात्र-छात्राओं के बीच बकसपुरा पंचायत मुखिया नन्हकू महतो, पूर्व प्रमुख सह पंसस उमा देवी, उबीएफ संस्थापक सदस्य सह भारतीय युवा संसद सुरेश कुमार एवं विद्यालय शिक्षिकाओं के द्वारा संयुक्त रूप से वितरण किया गया। वहीं, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र रखवा में बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। बकसपुरा पंचायत मुखिया नन्हकू महतो ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए सरकारी विद्यालयों में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे विद्यालयों में बच्चों की बढ़ोतरी होने के साथ साथ शिक्षा गुणावता पूर्वक मिल रही है। वहीं, युवा संसद सुरेश कुमार ने एमडीएम, शिक्षा एवं बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति होने की बातें कहीं। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सबिता देवी, विद्यालय प.भ.सह संयोजिका हेमंती कुमारी, सहायक अध्यापिका दयामनी सोरेन, आंगनबाड़ी सेविका हेमंती कुमारी, मो० अनिता देवी, पेमिया देवी, सोनिया देवी समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हर व्यक्ति को मिल रहा है लाभ : अम्बा प्रसाद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**बड़कागांव :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बड़कागांव मध्य पंचायत में हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया मो तकरीमूला खान ने किया। जबकि संचालन पत्रकार संजय सागर एवं पूजा राय ने किया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र मंडल, सीओ बालेश्वर राम, एमओ उमाशंकर प्रसाद, मुखिया मोहम्मद तकरीमुला खान, पंसस रितेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हो रही है ।ताकि झारखंड के हर व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस कार्य के लिए मुखिया जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी अहम योगदान दे रहे हैं। विधायक द्वारा विभिन्न विभागों की ओर से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। आदर्श मध्य विद्यालय के 10 बच्चों को साइकिल के लिए 4500 हजार का चेक, विद्या सखी मंगल को 80 लाख रुपया का चेक, 6 महिला मंडल को 54 लख रुपए का चेक, आंगनबाड़ी के बच्चों को स्वेटर, जय माता दी गैस एजेंसी की ओर से गैस चूल्हा एवं गैस वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में कल 600 आवेदन आए जिसमें से 115 आवेदन का निष्पादन किया गया। प्रखंड विकास प्राधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलधिकारी बालेश्वर राम ,जिप सदस्य यासमीन निशा, प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया मोहम्मद तकरीमुला खान, पंसस रितेश ठाकुर, वार्ड सदस्य गणेश राम बीपीओ अरुण कुमार, हीरो महतो, कल्याण पदाधिकारी भास्कर कुमार रोजगार सेवक, शंभू रविदास, जागेश्वर राम, सुबोध सिंह, दीपक प्रजापति शेखर कुमार अजय कुमार, ऑपरेटर विवेक कुमार आनंद कुमार, अकाउंटेंट पंकज कुमार, पीएम वॉइस रविंद्र कुमार, बाल विकास केंद्र पूजा राय, विधवा पेंशन के लिए प्रकाश कुमार, आधार कार्ड के लिए दीपक कुमार, मोहम्मद हामिद रजा, जन वितरण प्रणाली संघ से रामेश्वर राम, जयप्रकाश राम, तुलसी महतो, रवि कुमार, बुधन कुमार, कैलाश राम ने अहम भूमिका निभाई।

### बेला पंचायत में लगा 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम



**चौपारण :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के चौथ चरण के तहत बुधवार को प्रखण्ड के बेला पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। प्रखण्ड में अबतक दादपुर, चयकला यवनपुर और बेला पंचायत में शिविर का आयोजन हो चुका है। प्रखण्ड के चौथी शिविर का उद्घाटन बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, सीओ आशीष कुमार मंडल, मुखिया ममता कुमारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव, पूर्व पंसस प्रतिनिधि डब्लू अंसारी, सीआरपी मो शोएब ने दीप प्रज्वलित कर किया मौके पर मुखिया ममता कुमारी ने मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ा कर समान्नित किए। इस दौरान बीडीओ ने शिविर में आए लोगों से कहा कि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमलोग दृढ़ संकल्पित है। जनता को विभागीय कार्यो के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़े इसलिए पूरा प्रखण्ड कार्यालय को झारखंड सरकार ने आपके पंचायत में काम करने के लिए भेजा है। इसका बढ़चढ़कर लाभ उठायें। शिविर में विभिन्न मामला का आवेदन आया जिसमें 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से कुछ लोगों की समस्या वहीं पर समाधान की गई।

## एक झलक

### भाजपा नेता लक्की सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी से की शिष्टाचार मुलाकात

**पाथरडीह (धनबाद) :** बिहार बख्तियारपुर में आयोजित भाजपा के दो दिवसीय विस्तार प्रशिक्षण शिविर में भाग लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी जी से शिष्टाचार मुलाकात कर भाजपा नेता लक्की सिंह ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। सम्राट चौधरी ने भी भाजपा नेता लक्की सिंह को भारतीय जनता पार्टी में जोड़ने की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा नेता लक्की सिंह एवं माननीय नेता श्री सम्राट चौधरी के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

### जदयू नेताओं ने मां छिन्नमस्ती की पूजा-अर्चना की

**धनबाद :** बिहार सरकार के मंत्री सह जदयू पार्टी के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी, जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, बिहार के एमएलसी सह झारखंड के सह प्रभारी विजय सिंह, धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, युवा प्रकोष्ठ के धनबाद जिलाध्यक्ष रूपेश पासवान तथा धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे ने बुधवार को मां छिन्नमस्तिके मंदिर रजरप्पा में विधिवत पूजा अर्चना किया। बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि पूजा अर्चना करने से शरीर की नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है तथा शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। जिससे जन मानस के हित में बेहतर और कल्याणकारी कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

### भागाबांध शिव मंदिर परिसर में ग्रामीण रैयत एकता मंच की बैठक आयोजित

**पुटकी (धनबाद):** भागाबांध ओपी क्षेत्र के भागाबांध शिव मंदिर प्रांगण में बुधवार को ग्रामीण रैयत एकता मंच की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता शेख बसीर व संचालन विकास कुमार महतो ने किया। बैठक में भारी संख्या में युवा, बुजुर्ग, समाजसेवी उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से दिनांक 5 दिसंबर को जुलूस के साथ महाप्रबंधक पुटकी बलिहारी एवं ईगल इंफ्रा इंडिया लिमिटेड को स्थानीय व्यक्ति को नियोजन में प्राथमिकता,गांव के विकास एवं अन्य मांग को लेकर मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पीबी क्षेत्र के सभी गांवों के लोग अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर जागरूकता अभियान चलाने की अपील बैठक में की है। बैठक में मुख्य रूप से बदरूदीन अंसारी, निरंजन महतो, जगदीश महतो, निर्मल महतो, नेपाल महतो, अर्जुन महतो, बबलू महतो, दिनेश साव, राहुल महतो, पप्पू महतो, विजय साव, शिवेश्वर महतो, बलराम महतो, प्रीतम महतो, रवि महतो, धीरन महतो, अरमान शेख, जनार्दन दास आदि लोग उपस्थित थे।

### कुमारधुबी अंसार मोहल्ला के घर में लगी आग, पांच लाख के सामान जल कर खाक

**धनबाद:** कुमारधुबी ओपी अंतर्गत शिवलीबाड़ी पूर्वी पंचायत के अंसार मोहल्ला निवासी अब्दुल इस्लाम के घर बुधवार की सुबह शॉट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावाह थी कि स्थानीय युवकों और दमकल की मदद के बावजूद भी आग पर काबू पाने में दो घंटे लग गए। गृहस्वामी अब्दुल इस्लाम ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे देखा कि पास का कमरा जो बंद पड़ा है उसमे से धुआं निकल रहा है। जब दरवाजा खोला तो देखा कि कमरे में रखा सारा सामान धू धू कर जल रहा था और चारों ओर आग की लपटे थीं। अभी कुछ दिन पहले ही उनके बेटे की शादी हुई थी। शादी में मिला सारा सामान जिसकी कीमत लगभग 5 लाख होगी उसी कमरे में था। सारा सामान जल कर खाख हो गया। पंचायत के मुखिया तनवीर आलम ने बताया कि जैसे ही उन्हें यह सूचना मिली कि आग लग गई उन्होंने अविलंब घटना की सूचना कुमारधुबी ओपी प्रभारी संदीप यादव को दी। प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 15 मिनट में ही दमकल की व्यवस्था कराई और आग पर काबू पाया गया।

### निरसा-चिरकुंडा व्यापार मंडल सहयोग समिति की वार्षिक आम सभा सम्पन्न

# समिति प्रबंधक ने की 15 सूत्री विषयों पर बिंदुवार चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**निरसा (धनबाद) :** निरसा सह चिरकुंडा व्यापार मंडल सहयोग समिति की वार्षिक आम सभा निरसा पंजाबी मिलन परिसर में बुधवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मन्नु तिवारी एवं संचालन मधुरेंद्र गोस्वामी ने किया। स्वागत संबोधन सुबल चंद्र तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन रंग बहादुर सिंह ने किया। वार्षिक आमसभा में समिति प्रबंधक मनोज कुमार सिन्हा ने 15 सूत्री विषयों पर बिंदुवार चर्चा की। उन्होंने बताया कि समिति 1958 से कार्यरत है, पिछले वित्तीय वर्ष में समिति ने 2,




41,000 का शुद्ध लाभ प्राप्त किया है। समिति हित में समिति के जर्जर गोदाम को तोड़कर जी प्लस टू व्यावसायिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसमें कुल 102 दुकानों का निर्माण कार्य होना है। समिति की एक बड़ी राशि विभिन्न व्यक्तियों एवं संस्थानों पर बकाया है जिसे वसूली का प्रस्ताव सर्वसम्मती से पारित हुआ। वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष मन्नू तिवारी ने कहा कि सभी के प्रयास से संस्था प्रगति पर है, समिति को यहां तक पहुंचाने में अपना योगदान करने वाले पूर्व प्रबंधकारिणी सदस्यों का विशेष आभार। वर्तमान प्रबंधकारिणी में नए-पुराने सदस्यों का मिश्रण है, पुराने सदस्यों के अनुभव का लाभ एवं नए सदस्यों की ऊर्जा का सदउपयोग कर निरसा सह चिरकुंडा व्यापार मंडल पहली बार (सी) श्रेणी से अपग्रेड होकर (बी) श्रेणी की संस्था का दर्जा प्राप्त करने में सफल हुआ है।

जिसके लिए उन्होंने सभी सदस्यों को बधाई दी। आने वाले वर्षों में (ए) श्रेणी की संस्था बनाना वर्तमान प्रबंधकारीणी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समिति द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में धान अधिप्राप्ति का कार्य भी किया गया। समिति किसानों के उत्पाद का कुशल रख-रखाव एवं सही समय पर सही मूल्य प्राप्त हो इसको ध्यान में रखकर कोल्ड स्टोरेज के निर्माण का प्रस्ताव भी रखती है।

बैठक में यमुना प्रसाद सिंह, संजय सिंह, नूर मोहम्मद, अफरोज अहमद एवं दिनेश साव ने अपने सुझाव दिए।

मौके पर श्रीमती रेखा देवी, गायत्री देवी, वीरेंद्र तिवारी, तुलसी साव, अशोक साव, गुरमीत सिंह डंग, अमरजीत सिंह, बृजेंद्र गोस्वामी, असीम मलिक, बाबूलाल कुमार, बृज किशोर तिवारी, राज किशोर सिंह, योगेश सिंह, पंचम चौधरी, श्यामदेव चौरसिया, माथुर मंडल, मनोज साव,अमरिंदर मिश्रा, अख्तर आजाद खान, जमशेद, परशुराम सिंह, मुरली मंडल, फेकन यादव, नमिता मिश्रा, सनोज राम सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य उपस्थित थे।

## अज्ञात अपराध कर्मियों ने जमीन कारोबारी को मारी गोली



**धनबाद :** कोयलांचल धनबाद में एक बार फिर गोली बारी की घटना हुई है, फिर कोयलांचल की धरती रक्त से लाल हुई है। घटना बुधवार की सुबह 11 बजे की बताई जाती है। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के आमाघाटा के समीप बड़ा नवटांड स्थित दुकान मे दीनदहाड़े जमीन कारोबारी कृष्णा मंडल को अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने गोली मार दी। घायल कृष्णा मंडल को बलियापुर रोड स्थित जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर कर दिया। घटना कि सूचना मिलते ही डीएसपी अमर कुमार पांडे व गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंची,और जांच में जुट गई है। घटक के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार गोविंदपुर थाना क्षेत्र के आमाघाटा स्थित बड़ा नवाटांड सीमेंट दुकान के पास यह घटना को बाइक सवार दो अपराधियों ने अंजाम दिया है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल कृष्णा मंडल को कमर मे एक गोली लगी है, उसे डाक्टरों की सलह पर बेहतर ईलाज के लिए दुगार्पुर मिशन अस्पताल रेफर किया गया। इस घटना की सूचना जंगल की आग की तरह फैल गई,लोगों की भीड़ जुट गई। फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है। जानकारी के अनुसार कृष्णा मंडल अन्य कारोबार के साथ जमीन के धंधे से भी जुड़े हुए है। इस बात की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि जमीन के मामले को लेकर ही यह फायरिंग कराई गई होगी। इधर घटना को लेकर डीएसपी अमर कुमार पांडे ने बताया कि गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बड़ा नवाटांड मे अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। घायल व्यक्ति खतरे से बाहर है, बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है, जो भी अपराध कर्मी है उसे चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे विशेष टीम के द्वारा जांच की जा रही है, जल्द ही अपराध कर्मियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

### चिरकुंडा अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई रागिनी सिंह

**धनबाद :** बुधवार 29 नवंबर को चिरकुंडा स्थित अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर नीचे बाजार विद्यालय परिसर में वार्षिक विज्ञान एवं आर्ट तथा क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह के द्वारा फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा ने श्रीमती रागिनी सिंह का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। प्रदर्शनी में विद्यालय के बच्चों के द्वारा कुल 50 प्रदर्शनी लगाए गए थे। जहां बच्चो के द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी को देखकर उनकी सराहना कर उन्हे भविष्य की शुभकामनाए रागिनी सिंह ने दी।

## राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड से खेलने वाली खुशी की घर वापसी पर जमसं ने किया स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद) :** महिला अंडर 15 के राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड से खेलने वाली खुशी कुमारी की घर वापसी पर जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) के शाखा सचिव रुपेश कुमार ने आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों तथा मिठाई खिलाकर बुधवार को स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि खुशी ने सिंदरी ही नहीं पूरे धनबाद जिला का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ी खुशी कुमारी ने बताया कि विगत 17 नवंबर से आयोजित राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने वाली झारखंड की टीम में चयन हुआ था। इस प्रतियोगिता में झारखंड की टीम की गुजरात के साथ खेले गए मैच में खुशी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय क्रिकेट कोच श्री राम दुबे को दिया है। खुशी के पिता मनोज पोद्दार एसीसी कर्मी हैं और माँ रिंकू देवी गृहिणी हैं। चार बहन और एक भाई में खुशी की इस प्रतिभा के लिए बधाई देते हुए एसीसी डायरेक्टर प्लांट एलएमवी के श्रीनिवास ने बधाई दी है। कोच श्री राम दुबे ने कहा कि खिलाड़ी खुशी प्रतिभा की धनी हैं और मेहनती खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने कहा कि खुशी की प्रतिभा निखरकर सामने आएगी और आशा है कि वह देश का नाम भी रौशन करेगी। स्वागत समारोह में जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) शाखा सचिव रुपेश कुमार उर्फ मुन्ना, आजसू सिंदरी नगर अध्यक्ष राजेश चौधरी, दीपक कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ का 32वां द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बुधवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (भामसं) का 32 वां द्विवार्षिक

कार्यक्रम

एक दिवसीय अधिवेशन सामुदायीक भवन कोयला नगर में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष मुरारी ताँती, कार्यकारी अध्यक्ष रामधारी, उपाध्यक्ष शोभा पान्डेय, मोहनलाल महतो, मंतोष तिवारी, भौमिक महतो, जवाहरलाल सिंह, अरिंजय श्रीवास्तव, एस.के. मिश्रा महामंत्री उमेश कुमार सिंह, संयुक्त महामंत्री नवनित सिंह, मंत्री में प्रसान्त नियोगी, संजीव सिंह, लालमोहन दास, लोकेश कुमार सिंह, राजलाल यादव, दिलीप कुमार चन्द्रवंसी, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार पान्डेय, सह कोषाध्यक्ष सी. एस. राय, संगठन मंत्री कृष्ण कुमार सिंह, कार्यालय मंत्री शिवशंकर पान्डेय, कानूनी सलाहकार रामकृष्ण यादव, महिला प्रतिनिधि जय श्रीवारा, उषा झा, सलाखा पाल, विषेश आमंत्रीत सदस्य में ज्ञान राठौर, एवं सभी क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव कार्यसमिति के सदस्य होंगे की घोषणा झारखण्ड प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी सत्यनारायण सिंह ने किये। जिसमें मुख्य रूप से सुधीर घुरडे महामंत्री अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ, धर्मदास शुक्ला पूर्वाचल प्रभारी भामसंघ, अशोक मिश्रा संगठन मंत्री अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ, व्रजेश कुमार प्रदेश संगठन मंत्री झारखण्ड प्रदेश, वालदेव महतो जिला अध्यक्ष भासमंघ, धर्मजिला चौधरी मंत्री भामसंघ धनबाद जिला की उपस्थिति हुई। अधिवेशन में मुबारक हुसैन, माधव सिंह, प्रभात कुमार, प्रवीण झा, रमेश कुमार चौवे, वेल मुरूगण, जयदेव महतो, मनोज साव, दयानन्द पासवान, सुभाष सिंह, रिता कुमारी, धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ क्षेत्र एवं शाखा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।




## गोशाला की आत्मनिर्भरता हमारी पहली प्राथमिकता है : राजीव रंजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने आज कहा कि गौशाला की आत्मनिर्भरता हमारी पहली प्राथमिकता है। 15 वर्ष बाद गौ सेवा आयोग का गठन हुआ है। उचित कदम उठाया जा रहा है। मेहनती योजना सभी गौशाला के लिए जन कल्यणकारी योजना का शुरवात जनवरी से होगा। एक-एक व्यक्ति को गो पालन के लिए प्रेरित किया जाएगा सभी 23 निबंधित गोशाला के लिए सभी गौ वंश की सेवा का भावना पैदाकरना है। अनुदान राशि एक सौ से बढ़ाकर डेढ़ सौ करने का प्रस्ताव आयोग ने सरकार को भेजा है। झारखंड गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि घर मे पहली रोटी गाय के लिए निकाले। यही पुण्य है, गौ मुख्ति धाम हर गौशाला में होना चाहिये। 5 प्रमंडल में गौशाला को मदद के लिए विभागीय मंत्री से बात करके समाधान करवाने की बात कही। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से स्मारिका का विमोचन किया। वक्ता केशव हदोद्रिया ने कहा कि हिन्दुत्व की रक्षा के लिए गौ हत्या रोकना है, यही हमारा उद्देश्य है, सरकार प्रशासन द्वारा गौ को पकड़ने के बाद दिए गए गौ वंश की देखभाल जरूरी है। गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने है, एकल अभियान 23, 24, 25 दिसम्बर को धनबाद में किसान को समृद्ध बनाने के लिये कार्यशाला गो ग्राम सेवा द्वारा आयोजित है। बाघमारा विधायक की पत्नी सावित्री देवी ने कहा कि 104वां वार्षिक सम्मेलन सभी की ईमानदारी व सामाजिक संगठन का प्रतिक है। पुनीत कार्य में गंगा गौशाला कमिटी को तन मन धन से हमेशा मदद करने की बात कही। गौ सेवा एक तपस्या से कम नही है। मुख्य रूप से डॉक्टर दुर्गेशचार्य जी महाराज, वैभव सिन्हा ने कहा कि झारखंड सरकार ने 14 वर्ष बाद गौ सेवा आयोग का गठन किया। सरकार सकारात्मक पहल किया जायेगा। जीप अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि गौशाला में एक साथ हजारों देवी देवताओं का दर्शन होता है। गोशाला में कमिटी द्वारा गौ माता का सेवा करना सराहनीय कार्य के लिए में धन्यबाद दिया।



## विभिन्न मांगों को लेकर जश्रसं की चिरकुंडा महाप्रबंधक के साथ हुई वार्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**निरसा (धनबाद) :** बुधवार 29 नवंबर को जनता श्रमिक संघ क्षेत्र संख्या 12 के द्वारा विभिन्न मांगो एवं मुद्दों को लेकर बीसीसीएल चिरकुंडा महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद के साथ चिरकुंडा क्षेत्रीय कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। जहां इस बैठक में मुख्य रूप से जनता श्रमिक संघ की संयुक्त महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह अपने क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ सम्मिलित हुई। इस दौरान जनता श्रमिक संघ के क्षेत्रीय पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं ने श्रीमती रागिनी सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। वहीं, वार्ता के दौरान क्षेत्रीय सचिव शफिर रहमान खान ने विभिन्न मुद्दों और मांगो के बारे में विस्तृत रूप से वर्णन किया।

बैठक में रागिनी सिंह और शामिल क्षेत्रीय नेताओं ने महाप्रबंक से मजदूर हित में सभी मांगो को पूरा करने की मांग की। जिस पर सहमति जताते हुए महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद ने सभी मांगो और मुद्दो पर विचार विमर्श कर सभी को निष्पादन कर लेने का भरोसा दिलाया। इस वार्ता में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, केंद्रीय सचिव पी एन पांडेय, अखिलेश राय, प्रताप गोराई, धर्मेंद्र राउत, शमीम अंसारी, धीरज सिंह, सुमित सिंह, आसिफ खान आदि मौजूद थे।

## पूजा कुमारी को ऑन द स्पॉट मिला उनकी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान बुधवार को तोपचांची प्रखंड के चैता पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खेराबेड़ा गांव की पूजा कुमारी को ऑन द स्पॉट उनकी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। पूजा कुमारी ने बताया कि इसी महीने की 11 तारीख को उनकी माता का निधन हुआ था। पिताजी का निधन पहले ही हो चुका है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें पता चला कि पंचायत में 29 नवंबर को आपकी योजना-आपकी सरकार - आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर का



आयोजन किया जाएगा तब उन्होंने शिविर में आवेदन देने का मन बनाया। आज सुबह शिविर में पहुंचकर मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन आवश्यक कागजात के साथ जमा किया। लगभग 1 घंटे में उनकी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत हो गया। शिविर में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख आनंद महतो, उप प्रमुख हेमलाल महतो, मुखिया श्रीमती आरती देवी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी दिनेश कुमार महतो सहित अन्य लोगों ने उन्हें कल्याण मंच से प्रमाण पत्र सुपुर्द किया। अपनी माताजी का ऑन द स्पॉट मृत्यु प्रमाण पत्र मिल जाने से आरती देवी ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इस प्रमाण पत्र से उनके कई आवश्यक काम अब आसानी से पूरे हो सकेंगे।

सरकार आपके द्वार

# बीसीसीएल वाशरी हेडक्वार्टर में जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधियों और प्रबंधन के बीच हुई वार्ता

**धनबाद :** सरायढेला स्थित बीसीसीएल वाशरी हेडक्वार्टर में बुधवार को जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधियों और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। 17 सूत्री मांगे लंबित थी। जिसे लेकर यूनियन के प्रतिनिधि प्रबंधन से लगातार मांग कर रहे थे। जनता मजदूर संघ के द्वारा दवाब बनाये जाने के बाद आखिरकार प्रबंधन ने आज निर्धारित समय देकर वार्ता की। प्रबंधन की ओर से वार्ता में वाशरी डीविजन के जीएम आरसी मोदी, एपीएम सुनील कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जनता मजदूर संघ की तरफ से संगठन के केंद्रीय सचिव अरविंद सिंह, वेलफेयर के संजीत सिंह, वाशरी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष संजय सिंह, सचिव गणेश ठाकुर और संयुक्त सचिव मधु देवी के अलावे अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कुल 17 सूत्री मांगों को लेकर प्रबंधन के साथ यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ गरमा गरम बहस भी हुई। कुछ मुद्दों पर प्रबंधन टाल मटोल के मूड में नजर आई। जिसे लेकर यूनियन के प्रतिनिधियों ने प्रबंधन के ऊपर दबाव बनाया। जिसके बाद प्रबंधन उन मुद्दों के ऊपर सकारात्मक पहल करने की बात स्वीकार की। वहीं यूनियन के केंद्रीय सचिव अरविंद सिंह ने कहा कि 17 सूत्री मांगो पर विचार करते हुए प्रबंधन सकारात्मक आश्वासन दिया है। मुख्य मांगों मे से चार्टर में सरकारी कर्मचारियों के लिए बायो-मैट्रिक उपस्थिति का समय सुबह 9.30 बजे के बजाय 10.00 बजे किया जाना चाहिए। लखेन्द्र कुमार को सिविल विभाग में पदस्थ किया जाए। सीसी डब्ल्यूओ धनबाद में फिटर हेल्पर के रूप में। डब्ल्यू.डी धनबाद के कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए वार्षिक

मांगें



जनशक्ति बजट में सभी विषयों/श्रेणियों में उच्च पद सृजित किया जाना चाहिए। सीसीडब्ल्यूओ डब्ल्यूडी, कॉलोनी, सरायढेला, धनबाद का रखरखाव-क) शेष सभी जी/एफ/ई प्रकार के क्वार्टरों में एक अतिरिक्त कमरे का निर्माण करना। ख) सभी गैर-कार्यकारी क्वार्टरों में टाइल्स/मार्बल लगाया जाना है। ग) क्वार्टरों की प्रत्येक पंक्ति में नई सीवरेज लाइन या सेप्टिक टैंक का निर्माण किया जाना चाहिए। घ) क्वार्टरों की प्रत्येक पंक्ति में पानी की पाइप लाइन बदली जानी चाहिए, ई) सभी बाकी क्वार्टरों में नया ओवरहेड टैंक उपलब्ध कराया जाना चाहिए। च) शेष सभी जी/एफ/ई प्रकार के क्वार्टरों में चारदीवारी का निर्माण करना। छ) शेष सभी जी/एफ/ई प्रकार के क्वार्टरों में तारफेल्टिंग। ज) क्वार्टरों की प्रत्येक पंक्ति में नालियों की मरम्मत/सफाई।) कूड़ा-कचरा साफ करना और जंगल काटना। जुबली हॉल, कोयला नगर, धनबाद की तरह नये मिनी हॉल का निर्माण करना। एक क्वार्टर गैर-कार्यकारी/सेवानिवृत्त गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए गेस्ट हाउस के रूप में आवंटित किया जाना चाहिए। चिल्ड्रन पार्क को सुरक्षा गार्ड की तैनाती के साथ पुनः विकसित किया जाए। सीसीडब्ल्यूओ ग्राउंड में चिल्ड्रेन पार्क की तरह एलईडी फ्लड लाइटें लगाई जाएं। स्ट्रीट लाइट और जल आपूर्ति और क्वार्टरों के उपयोग के लिए सबस्टेशन, सीसीडब्ल्यूओ में 300 केवीए जनरेटर (साइलेंट) स्थापित किया जाएगा। केवल सामुदायिक भवन के लिए 10.100 केवीए का अतिरिक्त जनरेटर (साइलेंट) लगाया जाएगा। अतिरिक्त 4 बाथरूम और टाइल्स (नए आधुनिक सामान) के साथ शौचालय फिटिंग के साथ सामुदायिक हॉल का पुनः संशोधन। ए.सी. सामुदायिक भवन में स्थापित किया जाना चाहिए। आर.ओ. सामुदायिक भवन और स्कूल में वाटर कूलर की व्यवस्था की जानी चाहिए,कैंटीन को जल्द से जल्द दोबारा खोला जाए। स्कूल बस सुविधा शीघ्र उपलब्ध करायी जाये। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति से श्री अरविंद सिंह, रंजय सिंह संजीत सिंह, रुद्रप्रताप, कोयला भवन शाखा के सचिव अरुण प्रकाश पांडेय, दरोगा महतो, अमित कुमार सिंह, केंद्रीय चिकित्सालय के शाखा सचिव अरुण कुमार सिंह, अभय झा, सुनील सिंह वाशरी डिवीजन के शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, संजय सिंह, सचिव गणेश ठाकुर, संजीव कुमार, जितेंद्र कुमार,कमरुल,लखेन्द्र, मधु देवी,अनिता गोपाल,जया चटर्जी,शिव कुमार,लक्ष्मण यादव, सुरेश यादव,दीनबंधु मंडल, दयानंद शर्मा, युवा जनता मजदूर संघ के सचिव पंकज पांडेय, मोनू सिंह, पिंटू शर्मा, श्रवण कुमार, दयानंद, फिरोज खान सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## सम्पादकीय.....

## अब रामायण और महाभारत

**एनसीईआरटी** की सात सदस्योंवाली उच्चस्तरीय समिति की एक सिफारिश सामने आयी है। इसमें उसने कहा है कि सातवीं से 12वीं तक के बच्चों को सोशल साइंस के सिलेबस के तहत रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य पढ़ाये जाने चाहिए। वैसे, इस आशय की सिफारिशें पहले भी दी गयी हैं। समिति ने भी माना है कि कुछ एजुकेशन बोर्ड स्टूडेंट्स को रामायण पढ़ाते हैं, लेकिन वहां इन्हें मिथक के रूप में पढ़ाया जाता है। यदि समिति की सिफारिशों को मान लिया गया, तो स्कूलों में स्टूडेंट्स को इतिहास की कक्षा में रामायण और महाभारत पढ़ाये जा सकते हैं। लेकिन, इतिहास और मिथक के बीच की सीमा का इस तरह धुंधला होना कोई अच्छी बात नहीं कही जायेगी। इसके कई तरह के नुकसान आगे चल कर देखने को मिल सकते हैं। भारतीय समाज में मिथकों की बड़ी खास जगह रही है। मिथकीय कहानियां हमारे रोजमर्रा के जीवन, रहन-सहन और बोलचाल का अभिन्न हिस्सा रही हैं। इतिहास इस लिहाज से एक रूखा विषय है कि इसमें घटनाओं, लड़ाइयों और तारीखों का अंतहीन ब्योरा अक्सर इसे सिरदर्द बना देता है। छात्रों के लिए तो यह एक कठिन विषय हो ही जाता है, एक समाज के रूप में भी भारत में इतिहास के इस रूप को अधिक महत्त्व नहीं मिला। घटनाओं के ब्योरों में जाने के बजाय कहानियों के रूप में उन घटनाओं से निकले सबकों और मूल्यबोध को स्थायी रूप देना यहां अधिक आवश्यक माना गया। सम्भवतः इसी का नतीजा है कि एक समाज के रूप में हम घटनाक्रम और उसके कारण शक्ति समीकरणों में आनेवाले तात्कालिक बदलावों के ब्योरों पर दृष्टि जमाये रखने के बजाय जीवन को गति देनेवाले उदात्त और सनातन मूल्यों को कहानियों में पिरो कर उन्हें सुरक्षित रखने पर ज्यादा ध्यान दे सके। यही कारण है कि वे मिथक आज भी हमारे जीवन, आचरण और मूल्यबोध को स्वरूप देने में इतनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जितनी दुनिया के शायद ही किसी समाज में निभाते हों। इन सबके बावजूद इन्हें इतिहास का हिस्सा बनाने से परहेज करना आवश्यक है। औपचारिक तौर पर इतिहास लिखने और उसका अध्ययन करने की प्रवृत्ति पश्चिम की देन है। उनका कहना है कि आगे बढ़ने के लिए अतीत की गलतियों से सबक लेना आवश्यक है। लेकिन, व्यवहार में अतीत पर अधिक जोर हमारी समझ को परिपक्व बनाने के बजाय पुराने हिसाब-किताब बराबर करने की भावना से लैस करके अधिक हिंसा की ओर ले जाता है। यहां अभिप्राय यह बिलकुल नहीं कि एक विषय के रूप में इतिहास को पढ़ना या समझना गलत है। लेकिन, इसका अध्ययन करते हुए वस्तुपरकता...एक तरह की तटस्थ दूरी बरतने की तमीज आवश्यक है, ताकि अतीत की परछाई हमारे वर्तमान और भविष्य के तकाजों को धुंधला नहीं करने लग जाये। दरअसल, मिथक को सिकोड़ कर उसे इतिहास में बदलने की भूल हमें बिलकुल नहीं करनी चाहिए। यदि ऐसा किया गया, तो इसका खमियाजा भी हमें ही भुगतना पड़ेगा।

## ● किसने क्या कहा




देश की बुनियाद निर्माण में श्रमिकों के व्यक्तिगत जोखिम के प्रति आभारी

**द्रौपदी मुर्मु**
**राष्ट्रपति**

सीएए लागू करने से कोई नहीं रोक सकता

**अमित शाह**
**गृह मंत्री**



# मरतीं संवेदनाएं, दम तोड़ते रिश्ते

विशेष — **निर्मल रानी**

> **शायद** समाज में मरतीं संवेदनाओं की इसी नब्ज को पहचानते हुए अब इसे व्यावसायिक रूप देने के भी प्रयास शुरू हो गये हैं। अब कुछ कम्पनियां अंतिम संस्कार का व्यवसाय करने जा रही हैं। हमारे देश के मानवीय मूल्यों को शर्मसार करनेवाली ऐसी ही एक कम्पनी का सदस्यता शुल्क रु. 37500/- है। इन पैसों में पुजारी, नाई, कन्धा देनेवाले, साथ चलनेवाले, राम के नाम पर सत्य बोलनेवाले ; सब शामिल होंगे। ऐसी ही एक एक नयी स्टार्टअप कम्पनी ने 50 लाख रुपये का मुनाफा कमा भी लिया है। संचालकों को उम्मीद है कि भविष्य में उनकी कम्पनी 2000 करोड़ रुपये तक के कारोबार तक पहुंच सकती है, क्योंकि कपनी संचालकों को भी मालूम है कि हमारे देश में किसी के पास रिश्ते निभाने का समय नहीं है।

**बात** 1998 की है। चंडीगढ़ में पी जी आई के मुख्य द्वार के बाहर एक अति वृद्ध बुजुर्ग फुटपाथ पर कई दिनों से एक ही जगह पर बैठा रहा। लोगों ने जब उससे उसके बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि -'एक सप्ताह पहले पंजाब के किसी गांव से वह अपने बेटे के साथ इलाज कराने पी जी आई आया था। उसके बाद मेरा बेटा मुझे इसी जगह पर बिठा कर चला गया और आज तक मुड़ कर नहीं आया '। उस वृद्ध की हालत देखकर लोगों को यह समझने में देर नहीं लगी कि उसका बेटा अपने बुजुर्ग पिता की बीमारी और तीमारदारी से ऊब कर उसे पी जी आई में इलाज के बहाने लाकर यहां छोड़ कर चला गया। जब लोगों ने उस बुजुर्ग को वापस उसके घर पहुँचाने की बात की तो वह राजी नहीं हुआ। वह कहता कि 'जब मेरा बेटा ही मुझसे दुखी होकर मुझे छोड़ गया तो मैं फिर उसे दुखी करने के लिये घर जाकर क्या करूँगा' ? आखिरकार कुछ समाजसेवियों की मदद से उसे किसी अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। 25 वर्ष पूर्व की यह घटना देखकर यह अहसास होने लगा था कि शायद मानवीय संवेदनाओं ने कराहना शुरू कर दिया है। परन्तु यह एहसास कतई नहीं था कि मानवीय संवेदनाओं के दरकने का यह सिलसिला तथाकथित संभ्रांत परिवारों यहां तक कि 'सेलेब्रिटी' स्तर के लोगों के परिवार में भी जा पहुंचेगा ? तीन वर्ष पूर्व महाराष्ट्र से एक समाचार आया कि एक वृद्ध महिला अपने फ़्लैट में न जाने कितने दिनों से मरी पड़ी थी। उसके शरीर का कंकाल उसके बेड के पास पड़ा था। कई दिनों बाद पड़ोसियों को संदेह हुआ तो दरवाजा तोड़ा गया तो वृद्धा का कंकाल बरामद हुआ। वृद्धा का एक पुत्र था जो अमेरिका में रहता था । जब उसे उसकी मां की मौत की सूचना दी गयी तो वह आया और दो चार दिनों के भीतर ही फ़्लैट बेचकर चलता बना। वैसे भी आप यदि शहरों में वृद्धाश्रम में जाकर देखें तो तमाम कथित संभ्रांत परिवार के लोग वहां अपनी जिंदिगी की आखिरी दिन अपने परिवार से दूर रहकर गुजारते दिखाई जायेंगे। संभव है कि कुछ बुजुर्गों को अपने अड़ियल व रूढ़िवादी सोच विचार के चलते यह दिन देखने पड़ते हों। परन्तु अधिकांश मामलों में यही देखा गया है कि बच्चों व उनके परिवार का स्वार्थपूर्ण रवैय्या और मां बाप के प्रति उनकी बेरुखी ही मां बाप जैसे पवित्र व मजबूत रिश्तों में भी दरार पैदा कर देती है। रेमंड ग्रुप के चेयरमैन पद्मभूषण विजयपत सिंघानिया को देश दुनिया में आखिर कौन नहीं जानता। 37 मंजिला जेके हाउस,प्राइवेट जेट,अंतराष्ट्रीय स्तर के हॉट बैलून फ़्लाइंग विशेषज्ञ,हजारों करोड़ की संपत्ति,देश के नामी ग्रामी उद्योग पतियों की सूची में नाम,इज्जत-मान-सम्मान क्या नहीं था विजयपत सिंघानिया के पास। विजयपत सिंघानिया ने अपने बेटे गौतम सिंघानिया को लगभग 12000 करोड़ रुपए का व्यवसायिक साम्राज्य सौंप दिया था । रेमंड साम्राज्य पर कब्जा होते ही गौतम सिंघानिया ने अपने मां बाप की तरफ से आँखें फेर लीं। इतनी बड़ी शख़्सियत के मालिक पिता को उसी के आलिशान घर से बेटे गौतम ने बाहर निकाल दिया। कंपनी के सारे अधिकार पिता के हाथों से छीन लिए।और उन्हें दर दर भटकने के लिये छोड़ दिया। खबर है कि अब यह बुजुर्ग दंपत्ति किसी किराये के मकान में अपना वक़्त गुजार रहा है। इसी तरह पिछले दिनों सहारा ग्रुप के संस्थापक व स्वामी सुब्रत राय 'सहाराश्री' का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। देश के मीडिया में जितनी चर्चा उनके देहांत की हुई उतनी ही चर्चा इस बात की भी रही कि सहारा श्री के अंतिम संस्कार में न तो उनकी पत्नी शामिल हुई न ही उनके दोनों बेटे। बल्कि उनके एक पौत्र हिमांक ने मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया। सहारा श्री की व्यावसायिक अनियमिततायें क्या थीं क्या नहीं इससे मेरा सरोकार नहीं परन्तु सहाराश्री के मानवीयता पूर्ण चरित्र का हर एक कायल था। 2004 में सहारा श्री ने जब अपने दोनों बेटों सीमांतो और सुशांतो की शादी लखनऊ स्थित सहारा शहर में की थी उस समय 500 करोड़ की यह शादी देश की सबसे मंहगी शादी के रूप में चर्चित हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर सोनिया गांधी, शरद पवार, मुलायम सिंह यादव, अमर सिंह, राजनाथ सिंह, पूर्व पीएम चंद्रशेखर, लालू प्रसाद यादव, प्रमोद महाजन, मायावती, शिबू सोरेन, सुरेश कलमाड़ी जैसे राजनीति के अनेक दिग्गज व फिल्म व खेल जगत के तमाम नामी लोग शरीक हुये थे। मेहमानों की अगुआनी स्वयं सुपर स्टार अमिताभ बच्चन और उद्योगपति अनिल अंबानी जैसे लोग कर रहे थे। परन्तु इसी शादी का सबसे बड़ा मानवीय पक्ष यह था कि अपने पुत्रों के इसी भव्य विवाह समारोह के साथ ही सहारा इण्डिया परिवार ने समाजोपयोगी कार्यक्रम के तहत एक 'सामूहिक विवाह समारोह' का भव्य आयोजन लखनऊ के इसी सहारा शहर में किया। इसमें समाज के गरीब तबके की 101 कन्याओं का विवाह कराया गया। एक ही जगह एक साथ हिन्दू, मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्म से जुड़े लोगों का विवाह उनके धार्मिक रीति रिवाजों के अनुसार सम्पन्न कराकर सामाजिक सद्भाव व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की गयी।

# विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने दिखाया दम

गौरतलब — **रमेश सर्राफ धमोरा**

> राजस्थान में कांग्रेस ने कमजोर स्थितिवाले बहुत से विधायकों का टिकट काट कर नये लोगों को मौका दिया है। इससे सरकार के प्रति व्याप्त नाराजगी समाप्त हुई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस तरह से चुनावी चक्रव्यूह की रचना की थी, जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता भी उलझ कर रह गये। कई बड़े जाट नेताओं के भाजपा में जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी ने जाट समाज के लोगों को बढ़-चढ़ कर टिकट दिया था। इसके चलते जाट समाज के मतदाता कांग्रेस से ही जुड़े रहे हैं।

**देश** के पांच राज्यो के विधानसभा चुनावो में कांग्रेस ने अपनी ताकत का एहसास कराया है। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत से अपनी सरकार बनाकर भाजपा को जबरदस्त पटकनी दी थी। तभी से लगने लगा था कि कांग्रेस धीरे-धीरे अपनी स्थिति सुधार रही है। वहीं केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का पराभव प्रारंभ हो चुका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ की थी तो किसी को सपने में भी गुमान नहीं था कि उनकी यात्रा को आमजन का इतना जन समर्थन मिलेगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने कमजोर होती कांग्रेस में एक नई जान फूंकने का काम किया है। पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव के ट्रेलर के रूप में देखा जा रहा है। इन राज्यों के नतीजे का असर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। सबसे बड़ी बात 26 विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए इंडिया गठबंधन अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कितनी बड़ी चुनौती दे पाएगा इसका पता भी इन विधानसभा चुनाव के परिणामों से लग जाएगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम में विधानसभा की कुल 679 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कांग्रेस प्राय सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हिंदी भाषी बेल्ट माने जाने वाले राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की भाजपा से सीधा मुकाबला है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने इन तीनों प्रदेशों में सरकार बनाई थी। मगर भाजपा ने षडयंत्र पूर्वक मध्यप्रदेश की सरकार को गिरकर शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व में अपनी सरकार बना ली थी। अब इन तीनों ही प्रदेशों में एक बार फिर कांग्रेस व भाजपा में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां मतदान हो चुका है। मतदान के प्रारंभिक रुझानों से लगता है कि कांग्रेस मजबूत बनकर उभर रही है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस ने पिछले दो वर्षों में बहुत सी जनहितकारी योजनायें शुरू की थी। जिसका असर इन चुनाव में भी देखने को मिला है। चुनाव के दौरान राजस्थान में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता से सात वायदे किए हैं तथा कहा है कि यदि फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह इन वादों को लागू करेगी।

## आज का इतिहास

- बीजिंग में 1731 में आये भूकम्प से लगभग एक लाख लोग मरे।
- दिल्ली के सम्राट आलमगिर द्वितीय की 1759 में उनके मंत्री ने हत्या की।
- 1872 में आज ही के दिन पहला आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेला गया था।
- तत्कालीन सोवियत रूस ने 1939 में सीमा विवाद को लेकर फिनलैंड पर आक्रमण किया।
- तत्कालीन सोवियत संघ ने 1961 संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए कुवैत के आवेदन का विरोध किया।
- गुड़ियों का संग्रहालय दिल्ली की स्थापना 1965 में मशहूर कार्टूनिस्ट 'के. शंकर पिल्लई' ने की थी।
- सन 1994 में आज ही के दिन पर्यटन जहाज आशीले लाउरो सोमालिया के नजदीक सागर में आग लगने के बाद डूब गया।
- सं.रा. अमेरिका के उत्तर पश्चिम 'सिएटल' में 1999 में विश्व व्यापार संगठन का तीसरा अधिवेशन प्रारम्भ।
- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव मामले में अल गोर ने 2000 में पुनर्मतगणना की अपील की।
- प्रियंका चोपड़ा 2000 में मिस वर्ल्ड बनीं।
- आईसीसी ने 2002 में जिम्बाव्वे में न खेलने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी।
- बांग्लादेश की संसद में 2004 में महिलाओं के लिए 45 प्रतिशत सीटों वाला विधेयक पारित।
- मुम्बई में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार ने 2008 में संघीय जांच एजेंसी के गठन की घोषणा की। सरकार ने एसएटी रिजवी वेतन समिति का कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लिया।
- पाकिस्तान सरकार ने 2011 में विश्व समाचार चैनल बीबीसी को वृत्तचित्र सीक्रेट पाकिस्तान को दिखाने के कारण प्रसारण पर रोक लगा दी।




## सबसे बड़ी दौलत

**एक** विधवा अध्यापिका के दो बेटे थे। वह उन्हें गुरुकुल में अच्छी शिक्षा दिला रही थी। वह खुद भी अनेक बच्चों को संस्कृत पढ़ाती थी। इससे उसे जो कुछ प्राप्त होता था, उसी से वह अपना जीवनयापन करती थी। उसने अत्यंत गरीबी के दिनों में भी कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाए। उसके स्वाभिमान को देख अनेक लोग अध्यापिका का बहुत आदर करते थे। एक दिन एक बहुत बड़े सेठ को अध्यापिका की विद्वता व उसकी निर्धनता के बारे में मालूम हुआ। उस सेठ के कोई संतान नहीं थी। उसने सोचा हुआ था कि वह कुछ गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए उन्हें धन प्रदान करेगा। सेठ अध्यापिका के घर पहुंचा और बोला, देवी, आप निर्भीक व स्वाभिमानी हैं। मैं चाहता हूं कि आपके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। उसके लिए आप यह कुछ रुपये स्वीकार करें। इसके बाद उसने रुपयों की थैली अध्यापिका की ओर बढ़ाई। अध्यापिका हाथ जोड़कर सेठ से बोली, शायद आपको कुछ भ्रम हो गया है। मैं इतनी गरीब भी नहीं हूं कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा न दे पाऊं। मेरे पास जितनी दौलत है, उतनी शायद ही किसी के पास हो। सेठ अचरज से बोला, कहां है दौलत, जरा हमें भी तो बताइए। अध्यापिका ने अपने दोनों पुत्रों को आवाज लगाई तो दोनों पुत्र तुरंत वहां आए और अपनी मां के पैर छूने के बाद उन्होंने सेठ के पैर छुए।

## सुविचार

मैं एक मजदूर हूं। जिस दिन कुछ लिख न लूं, उस दिन मुझे रोटी खाने का कोई हक नहीं।

**प्रेमचंद**

मानव हृदय में घृणा, लोभ और द्वेष वह विषैली घास हैं, जो प्रेम रूपी पौधे को नष्ट कर देती हैं।

**सत्यसाई बाबा**

# टहनियों तक जाये बिना नहीं मिलेगा सर्वोत्तम फल

**प्रियंका सौरभ**

**13वीं** शताब्दी ई. में एक दर्जन से अधिक जहाज के कप्तान छोटे-छोटे मार्गों से होने वाले समुद्री व्यापार और खोज में व्यस्त थे। लेकिन लंबी यात्रा का डर, मौसम की अनिश्चितता का डर, समुद्र का डर और अंततः अज्ञात के डर ने उन्हें लम्बी समुद्री यात्रा में जाने से रोक दिया। बहादुर और साहस वाले व्यक्ति ने समुद्र की इस चुनौती को स्वीकार किया और लंबी तथा असंभव यात्रा शुरू की। उन्होंने सभी प्रतिकूलताओं के खिलाफ जाने और नई दुनिया की खोज करने का जोखिम उठाया। इसके परिणामस्वरूप एक नए समुद्री मार्ग की खोज हुई और भारतीय उपमहाद्वीप के साथ यूरोपीय व्यापार शुरू हुआ। जोखिम उठाने का परिणाम उन्हें न केवल थोड़े समय में अधिशेष व्यापार के रूप में मिला, बल्कि लंबे समय तक उनका नाम भारतीय उपमहाद्वीप में आने वाले पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास के पन्नों पर अंकित हो गया और उनका नाम है वास्को डी गामा। डर एक प्राकृतिक मानवीय भावना है जो अक्सर जोखिम लेने में बाधा के रूप में कार्य करती है । यह एक शक्तिशाली प्रभाव है जो व्यक्तियों को पंगु बना सकती है, उन्हें उनकी वास्तविक क्षमता प्राप्त करने से रोक सकती है। यह शोध किया गया है कि कैसे डर के साथ रहना हमें जोखिम लेने से रोक सकता है, विकास और सफलता के अवसरों से वंचित कर सकता है। हालाँकि, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकले बिना, हम कभी भी जीवन में सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त नहीं कर पाएंगे। जोखिम लेने के सकारात्मक पहलुओं की जांच करके, हम डर पर काबू पाने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अवसरों को अपनाने के महत्व को समझ सकते हैं। जोखिम लेने की क्षमता में सबसे बड़ा स्पीड ब्रेकरः डर डर विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जैसे असफलता, अस्वीकृति या अज्ञात का डर। यह व्यक्तियों को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है और उनकी निर्णय लेने की क्षमता पर असर डाल सकता है।

हमारे पास पानीपत की तीसरी लड़ाई का एक बड़ा उदाहरण है जहां दुश्मन का डर खुद से ज्यादा शक्तिशाली था। इसने मराठों को मानसिक रूप से बीमार बना दिया और उनके निर्णय खंडित हो गए, और इससे मराठाओं की सबसे बड़ी हार हुई। लोग अक्सर अपनी वर्तमान परिस्थितियों के साथ सहज हो जाते हैं, जोखिम लेने के बजाय अपने आराम क्षेत्र के दायरे में रहना पसंद करते हैं। असफलता का डर व्यक्तियों को पीछे धकेल देता है, क्योंकि वे शर्मिंदगी, निराशा या वित्तीय नुकसान जैसे संभावित परिणामों से डरते हैं। डॉक्यूमेंट्री 14 पीक्स में , हम उस आदमी को देखते हैं जिसे किसी चीज का डर नहीं है, वह आसानी से जोखिम ले सकता है और कल्पना से परे जा सकता है। उस एक युवा ने मजबूत मानसिकता के साथ 14 चोटियों पर विजय प्राप्त की। साथ ही, यह डर एक बाधा बन जाता है, जो उन्हें नई संभावनाएं तलाशने से रोकता है। लोग नई चीजें हासिल करने के बजाय आसान चीजों में लग जाते हैं। लोग नई चीजों का आविष्कार करने या अपना खुद का स्टार्टअप बनाने के बजाय और सुरक्षित नौकरियों में चले जाते हैं। इसके अलावा, डर से आत्मविश्वास और अपने ऊपर भरोसे की कमी भी हो सकती है। जो व्यक्ति लगातार डर के साथ जी रहे हैं, वे अपनी क्षमताओं पर संदेह करते हैं और जोखिम लेने के साथ आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार नहीं पाते हैं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। | **तुला** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। |
| **वृष** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। | **वृश्चिक** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। |
| **मिथुन** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। | **धनु** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। |
| **कर्क** पर-प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। | **मकर** समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। |
| **सिंह** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। | **कुंभ** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी। अपने काम आसानी से बनते चले जायेंगे। साथ ही, आगे के लिए रास्ता भी बन जायेगा। |
| **कन्या** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। | **मीन** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। |

# श्रमिक को सुरक्षित निकालने में कामयाब हुए फौलादी इरादे

गौरतलब — **अशोक मधुप**

> **पहाड़ों** पर जब भी विकास होता है, तभी कुछ अपने को विशेषज्ञ माननेवाले और पर्यावरणविद शोर मचाने लगते हैं। इनका यही कहना रहता है कि इससे पहाड़ दरकेंगे। वहां का पर्यावरण संतुलन बिगड़ेगा। टिहरी डैम बनते भी ऐसा ही हुआ था। उसके विरोध में लम्बा आन्दोलन चला था। इस परियोजना के विरोध में तो पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा ने तो 1995 में 45 दिन तक उपवास किया। इन सबके बावजूद टिहरी डैम बन गया। केदारनाथ आपदा के समय पहाड़ों से आये भारी जल को इसी डैम में लिया गया। इसी के कारण प्लेन में होनेवाली भारी आपदा टल गयी।

**दुनिया**भर की दुआंए काम आ गईं। फौलादी इंसानी इरादों के आगे आखिर चट्टान हार गई ।उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को आखिरकार 17 वें दिन बाहर निकाल लिया गया। उन्हें मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। खुद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह दोनों लगातार सुरंग के पास डटे रहे। पीएमओ के प्रधान सचिव पीके मिश्र भी मौके पर मौजूद रहे। सबसे पहले पांच श्रमिकों को बाहर निकाला गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे थे ।उन्होंने एक श्रमिक से खुद बात की ।उत्तराखंड सरकार ने प्रत्येक श्रमिक को एक-एक लाख रूपया देने की घोषणा की ।ये आपरेशन प्रदेश और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयास से कामयाब हुआ ।सरकार की 17 एजेंसी के अलावा विदेशी विशेषज्ञ भी इसमें लगे रहे। यह बहुत ही अच्छा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस तरह के प्रत्येक मामले में खुद रूचि लेने लगते हैं ।इस मामले में भी ऐसा ही हुआ ।आपरेशन के उपकरण लाने के लिए सेना के हरक्युलिस विमान का प्रयोग हुआ। अमेरिका की ड्रिल करने वाली आगर मशीन तक लाकर लगाई गई। इस मामले में ऐसा नही हुआ कि अकेले एक ही एजेंसी बचाव में जुटी रही हो ।पूरे देश का तंत्र इसमें लगा था। इस अभियन में सभी सुरक्षा एजेंसी की एकजुटता भी सामने आई। अन्यथा अन्य जगह सबकी अपनी -अपनी ढपली सबका अपना-अपना राग होता है।

यह पहला अभियान नही था ।वर्ष 2010 में चिली में कॉपर-सोने की खदान में काम करने वाले 33 श्रमिकों को 69 दिनों के लंबे अंतराल के बाद खदान से सकुशल बाहर निकाला गया था। ये खदान में काम करते थे। खदान में रास्ता अचानक टूटा और सभी लोग 700 मीटर नीचे फंस गए।13 नवंबर 1989 को पश्चिम बंगाल के रानीगंज की महाबीर खदान में 71 मजदूर अपना काम करते खदान में बाढ़ आने से फंस गए थे। इनमें से छह की डूबने से मौत हो गई। सुंरग के बराबर दूसरी सुंरग खोदकर 65 मजदूरों को बचाया जा सका था। 23 जून 2018 को थाईलैंड में 12 बच्चे यहां एक लंबी गुफा में फंस गए थे। थाईलैंड सरकार ने विदेशों से मदद मांगी।100 तैराक दुनिया भर से बुलाए गए। 18 दिन बाद ये बच्चे सकुशल निकल आए। उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग घटना के बाद से मीडिया में आ रहा है कि हिमालय में सुंरग नही बननी चाहिए ।इससे पहाड़ दरक रहे हैं। बड़े हादसे हो सकते हैं ।जबकि विकास कार्य करते इस तरह का हादसा होता है ।ऐसी बात होती हैं। ये भारत में नही पूरी दुनिया में होता है ।हादसे होते हैं। होते रहेंगे किंतु इससे विकास का पहिंया तो नही रोका जा सकता। सड़के बनाना तो नही रूक सकता। ये सड़क चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के साथ देश को सीमा से जोड़ने के लिए बनाई जा रही है। बार्डर तक सेना और उसके भारी उपकरणों की सरल आवाजाही के लिए बनाई जा रही है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### प्रशासन की दबिश, तीन बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**लातेहार** : जिले के बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देश पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोजन के द्वारा विभिन्न व्यवसायीक प्रतिष्ठानों में जांच किया गया। ज्ञात हो कि जिले में बचपन बचाओ अभियान 20 नवंबर से शुरू हुआ है जो अगले माह 10 दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान में सभी नियोजको को बाल एवम किशोर श्रम (प्रतिषेध एवम विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत सूचना प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सोनू लाईन होटल, न्यू बस स्टैंड, बालूमाथ से तीन बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। निरीक्षण के दौरान श्रम अधीक्षक लातेहार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रंजीत कुमार, विजय सिंह, रवि शंकर, बचपन बचाओ आंदोलन, के रामकुमार राम, पीएलभी एवम बालूमाथ थाना के पुलिस टीम मौजूद रहे।

### भाजपा नेता को पितृशोक नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**हरिहरगंज** : भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सोशल मीडिया जिला संयोजक राजेश दास के 75 वर्षीय पिता मथुरा दास का बुधवार को हृदयाघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर आकर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी। बाद में बटाने नदी तट पर मृतक का दाह संस्कार किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष चंदन जायसवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन,टंटू मिश्रा, अखिलेश विश्वकर्मा, पमपम गुप्ता, प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी, शिक्षक नवीन कुमार, पंकज कुमार, संतोष कुमार, अखिलेश पटेल, विपुल रंजन, मीना कुमारी, अर्चना कुमारी, अब्दुल कलाम आजाद, विनय कुमार रवि, युगल रविदास, सूरजमल राम, विजय विश्वकर्मा, सुनिल विश्वकर्मा सहित कई लोग शामिल हैं।

### लिव-इन में रह रहे युवक की मौत, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

**जमशेदपुर** : बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धतकीडीह बी ब्लॉक गोदाम एरिया निवासी मोहम्मद नसीम (22) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह नसीम का शव उसके घर में बेड पर लेटे हुए अवस्था में मिला। उसके गले में दुपट्टा लपेटा हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और पास ही रहने वाले नसीम के माता-पिता मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई। नसीम के पिता मो अफसर अली और मां शहनाज खातून ने आरोप लगाया कि महिला अपने पूर्व पति की भी हत्या कर चुकी है। अब उसके बेटे को भी मौत के घाट उतार दिया है। पिछले कई दिनों से दोनों के बीच मारपीट हो रही थी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। बताया जाता है कि मोहम्मद नसीम अपने से उम्र में 12-15 साल बड़ी महिला के साथ पिछले दो सालों से लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था। महिला की पहले पति की पूर्व में मौत हो चुकी है। उसके पांच बच्चे भी है।

### संघ व यूनियन ने प्रभारी निदेशक को सौपा मांग पत्र

**चाईबासा** : झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे एवं बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के जोनल सेक्रेटरी दुचा टोप्पो ने राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक(अतिरिक्त प्रभार, बोकारो स्टील प्लांट) अतनु भौमिक को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने अपने मांग पत्र में लिखा कि गुवा सेल में उत्पादन कार्य ठेके पर देकर कराने की असंवैधानिक योजना बना रही है।जिसे हम सभी यूनियन इसका पुरजोर विरोध करते हैं। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार के श्रम मंत्रालय ने अधिसूचना संख्या एस0ओ0 4589 दिनांक 20/11/1984 एवं अधिसूचना संख्या एस0ओ0 196 दिनांक 23/03/1993 के द्वारा एक निषेधाज्ञा जारी कर खान में ठेके पर देकर अयस्क की लोडिंग, अनलोडिंग, रैजिंग, बेकिंग एवं ट्रांसपोर्टिंग कराने को और संवैधानिक करार दिया गया है।

## उपायुक्त ने 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत लगे शिविर का किया निरीक्षण

# परिसम्पत्ति का हुआ वितरण, लिये गये नये आवेदन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिले भर में संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के विभिन्न प्रखंडों अंर्तगत शिविर का आयोजन किया गया। आज कामडारा प्रखंड के कोनसा पंचायत, चैनपुर के बेंदोरा पंचायत, विशुनपुर के निरासि पंचायत, गुमला के वृंदा पंचायत, रायडीह के परसा पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 03 तथा 06 में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सभी स्टॉल्स को देखा वहां बैठे कर्मियों से कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही इस दौरान लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। परसा पंचायत में कुल 120 कंबल का वितरण किया गया , वहीं 700 से अधिक पौधों का वितरण किया गया, लगभग 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया, वहीं 30 से अधिक लोगों का ऑन द स्पॉट जॉब कार्ड बनवाया गया, अबुआ आवास योजना के तहत लगभग 350 आवेदन प्राप्त किए गए, 80 लाभुको का ऑन द स्पॉट आयुष्मान कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया, पशुपालन विभाग की ओर से 40 से अधिक लाभुको के बीच पशु दवा का वितरण किया गया, 8 लाभुकों को ऑन द स्पॉट पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया, 43 छात्र / छात्राओं को साइकिल क्रय हेतु चेक का वितरण किया गया, बिरसा मुंडा सिंचाई कप के तहत 5 को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया, इसके अलावा जाती प्रमाण पत्र , जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र आदि से संबंधित आवेदनों को प्राप्त कर ऑन द स्पॉट कार्य रजिस्ट्रेशन का कार्य किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थिति नागरिकों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना एवं सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत भी कराया। उपायुक्त ने लाभुको को विभिन्न योजनाओं के लिए लगे स्टॉल्स का भ्रमण करने एवं योजनाओं की जानकारी लेने हेतु नागरिकों को प्रेरित किया । मौके पर वहां उपस्थित लाभुकों ने भी सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सरकार आपके द्वार के तहत लगाए जा रहे शिविर में दिए जाने वाले सभी लाभ एवं जानकारी के सुविधाजनक रूप के मिलने के कारण सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान मौके पर बीडीओ रायडीह सहित विभिन्न। विभागों के कर्मी भी मौजूद रहें। शिविर में सैंकड़ों की संख्या में आम नागरिकों की भीड़ देखने को मिली।

### 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत आज पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में लगेगा शिविर



**पलामू** : 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत 30 नवंबर 2023 को पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 19 एवं 20 के लिए गुरुद्वारा में भी शिविर 30 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। वहीं हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में 30 नवंबर 2023 को वार्ड 04 के लिए प्राथमिक विद्यालय गमहरिया वार्ड 04 में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

**आज जिले के इन प्रखंडों की पंचायतों में आयोजित होगा शिविर**

**हैदरनगर** प्रखंड के चौकड़ी, हुसैनाबाद के बडेपुर, पिपरा के मधुबाना मुख्यालय, हरिहरगंज के कटैया पंचायत मुख्यालय, नौडीहा बाजार के नवाटांड़, छतरपुर के पिंडराही, पांडु के फुलिया, विश्रामपुर के धासीदाग पंचायत मुख्यालय, नावाबाजार के बसना पंचायत मुख्यालय, पंडवा के पतरा पंचायत मुख्यालय, चैनपुर के बोडी, रामगढ़ के नावाडीह पंचायत मुख्यालय, सदर मेदिनीनगर के जमूने, पाटन के सतौआ, मनातू के मंझौली-1 पंचायत मुख्यालय, तरहसी के अरका, नीलांबर -पीतांबरपुर के हरतुआ, सतबरवा के वोहिता, पांकी के सूडी पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।



### 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' के तहत शिविर का आयोजन

**लातेहार** : जिले के सभी प्रखंडों के चयनित पंचायतों में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के छठे दिन सदर प्रखंड के तरवाडीह,चंदवा के चकला, बरवाडीह के बेतला, बालूमाथ के बसिया, बारियातु अमरवाडीह, मनिका के बरवाईया कला, गारू के कारवाई और महुआदंड के अम्बाटोली शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने शिविर में उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। आगे उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लाभुकों को लाभ पहुंचाने का है। जिन्हें अब तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिला है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है, वैसे लाभुक यहां आवेदन कर सकते हैं। जिसकी जांच कर त्वरित निष्पादित किया जाएगा। शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ अवश्य लें। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कूप निर्माण योजना, जॉब कार्ड आदि के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

### एसडीओ, सीओ और कार्यपालक पदाधिकारी ने किया 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का निरीक्षण



**हरिहरगंज/पलामू** : नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत शहर से सटे मोती राज महिला इंटर कॉलेज के मैदान में बुधवार को आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छत्तरपुर एसडीओ हीरा कुमार और भूमि सुधार समाहर्ता विजय केरकेट्टा, सीओ यामुन रविदास,कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने शिविर का निरिक्षण कर लोगों से ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी। शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 से 10 तक के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। लोगों की सहूलियत के लिए सभी विभागों के अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे ।जहां अधिकारियों ने लोगों को सरकार की कई योजनाओं से अवगत कराया और जरूरतमंदों से संबंधित आवेदन प्राप्त कर सूचीबद्ध किया। इस दौरान करीब 400 गरीबों के बीच कम्बल वितरण किया गया। जबकि कई लोगों के स्वास्थ्य की जांच के साथ ही दवा वितरित की कई। वहीं लोगों ने पीएम आवास ,वृद्धा पेंशन,राशन कार्ड में सुधार सहित कई आवेदन जमा किए। अधिकारियों ने बताया कि शिविर के माध्यम से सरकार की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना लक्ष्य है।

### 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन



**महुआडांड/लातेहार** : राज्य सरकार द्वारा आयोजित आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित अम्बवाटोली पंचायत भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा, के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। आयोजित शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं आवेदन लेकर सैकड़ो लोग पहुंचे। जहां शिविर में लगे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता, मुख्यमंत्री सारथी योजना, अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले योजना, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं पशुपालन, मनरेगा, राजस्व, शिक्षा समेत अन्य विभागों के स्टाल में अपने-अपनी जरूरत के अनुसार लोगों ने कार्ड, राशन कार्ड, रोजगार कार्ड, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड इत्यादि की सेवाएं भी ग्रामीणों को स्टोल लगाकर प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बुआ आवास के लिए सर्वाधिक 364 आवेदन प्राप्त किए गए, वही जाति स्थानीय आय के 25 आधार कार्ड हेतु 17 मुख्यमंत्री सारथी योजना12, आयुष्मान कार्ड 30 समेत अन्य योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा, शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मी समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी बुलायेगी, तो आयेंगे पलामू : देवकीनंदन ठाकुर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने ऐतिहासिक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कर पलामू की धरती पर जहां इतिहास रच दिया। वहीं पहली बार भारत के इतिहास में ब्राह्मण का सबसे बड़े संगठन राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर वाहिनी की विश्वसनीयता, विस्तार को प्रमाणित कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय सचिव सोनू मिश्रा की मौजूदगी में मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय ने देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज को महासंरक्षक घोषित किया। वहीं संगठन के बड़े कार्यक्रमों में आमंत्रित करने पर झारखंड आने का भरोसा भी लिया। श्रीमद्भागवत कथा के समापन के उपरांत ठाकुर जी की पलामू से अंतिम विदाई के दौरान राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय जमदग्नि आश्रम पहुंचे थे। जिसे भव्य रूप से सजाया गया था। इस दौरान मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने चांदी के गणेश जी की मूर्ति देकर सम्मानित किया। वहीं राष्ट्रीय सचिव सोनू मिश्रा एवं प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी ने देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज का ग्यारह सौ रुपए का सदस्यता प्रमाणपत्र समर्पित किया। मौके पर महाराज श्री ने राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी को सनातन धर्म का संरक्षक बताया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। ऐतिहासिक महायज्ञ संपन्न कराने की क्षमतावान युवा वाहिनी भविष्य में विस्तार के साथ सफलता का परचम लहराएगा। इस दौरान ठाकुर जी ने भरोसा दिलाया कि जब भी युवा वाहिनी पलामू आने का न्योता देगी, वो व्यस्ततम समय में भी सदस्य होने के नाते युवा वाहिनी के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस दौरान उनके मैनेजर विष्णु शर्मा को भी संगठन का संरक्षक बनाया गया। मौके पर मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय ने बताया कि ठाकुर जी महाराज को पलामू से स्नेह हो गया है। पलामू की प्राचीन सभ्यता-संस्कृति के जड़ में सनातन समाहित है। जिसका मार्गदर्शन विप्र परिवार का संगम राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी करने के लिए तैयार है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि आज भारत में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी पहली संगठन बनी है जिसके महासंरक्षक अंतरराष्ट्रीय कथावाचक परमपूज्य शांतिदूत धर्मरत्न श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज बने हैं। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी, झारखंड प्रदेश को ऊंचाई पर ले जाने का अभियान कामयाबी के शिखर पर पहुंचा है। समूचे भारत में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की चर्चा जोरों पर है। बिना चंदा का अब तक बड़े धार्मिक आयोजन कराने में सक्षम युवा वाहिनी समाजिक गतिविधियों को तेज करेगा।

## अश्लील वीडियो वायरल करनेवाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चाईबासा** : किरीबुरु की एक युवती का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला मुख्य आरोपी तपन बैठा को किरीबुरु पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन्स्पेक्टर वीरेन्द्र एक्का के नेतृत्व में ओडिशा के रायरंगपुर से उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। इस मामले में तीन अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। उल्लेखनीय है कि तपन बैठा किरीबुरु की एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसका अश्लील वीडियो बनाया। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ, उसके बाद तपन अश्लील वीडियो को लेकर ब्लैकमेल करने लगा। तपन ने उस वीडियो को अपने कुछ दोस्तों के पास भी भेजा एवं सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद युवती ने तपन व उसके कुछ दोस्तों के खिलाफ किरीबुरु थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने पहले तीन आरोपी को जेल भेजा। अपने साथियों की गिरफ्तारी की खबर के बाद से तपन फरार हो गया था।

## नवल किशोर प्रसाद राष्ट्रीय सेवा योजना को झारखंड का लीडर व दो छात्रों का स्वयंसेवक के रूप में हुआ चयन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : हिमाचल प्रदेश के मनाली में आयोजित होने वाली अटल बिहारी बाजपेयी माउंटेन रिंग एलिट स्पोर्ट के लिए बनवारी साहू महाविद्यालय के दो छात्रों का और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद का झारखंड लीडर के रूप में चयन हुआ हैं। यह प्रतियोगिता मनाली में आगामी 5 दिसंबर से 14 दिसंबर तक आयोजित की जायेगी। जिन छात्रों का चयन हुआ है उनमें कॉलेज के रविंद्र कुमार सिंह एवं चोलहन तिग्गा शामिल है। इसकी जानकारी बीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने दी। वहीं कॉलेज के छात्रों और कर्मियों का चयन होने पर कॉलेज परिवार में हर्ष व्याप्त है। कॉलेज के सचिव अंजू गुप्ता एवं प्राचार्य प्रदीप तिवारी ने नवल किशोर प्रसाद एवं स्वयंसेवकों बधाई दी है।

## मीना बाजार में गंदगी से लोग परेशान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चाईबासा** : मेघाहातुबुरु स्थित मीना बाजार एवं डी टाइप मोड़ क्षेत्र में कचरा व गंदगी का अंबार से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मीना बाजार में लगभग 30 से अधिक दुकानदार हैं। सभी अपनी दुकानों का कचरा, प्लास्टिक आदि को कूडेद्रान में नहीं फेंककर, बाहर फेंकते हैं। इससे बाजार क्षेत्र में भारी गंदगी का अंबार लग गया है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान लोग एक दिन सफाई अभियान चलाकर फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया आदि में डाल वाहवाही लूटते हैं। लेकिन उसके बाद स्वच्छता के क्षेत्र में कोई कार्य नहीं किया जाता। अगर सभी दुकानदार आपस में सहयोग राशि इकट्ठा कर किसी मजदूर से भी समय-समय पर साफ-सफाई कराते तो ऐसा हाल नहीं होता। सेल प्रबंधन टाउनशिप क्षेत्र में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाती है। लेकिन बाजार की साफ-सफाई का दायित्व दुकानदारों को स्वयं उठाने की जरुरत है। दूसरी तरफ डी टाइप मोड़ के समीप सेल प्रबंधन ने सार्वजनिक शौचालय बना दिया है। इसके बावजूद पास के हाटिंग के लोग अपने बच्चों को सड़क किनारे शौच कराते रहते हैं। इससे पूरा वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत प्रेमशिला एक्का को मिला 02 लाख का चेक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : जिले के महुआडांड़ प्रखण्ड अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उज्ज्वल आजीविका सखी मंडल से जुड़ी प्रेमशिला एक्का के पति मृत्यु के उपरांत उनके पत्नी प्रेमशिला एक्का को बीमा क्लेम सेटलमेंट के तहत 2 लाख रु राशि का चेक प्रदान किया गया। पति का बीमा बैंक सखी द्वारा करवाया गया था, लेकिन पति की आकस्मिक मृत्यु हो गयी। जिससें की बैंक सखी के प्रयासों से बीमा की राशि उनके पत्नी (नॉमिनी) को दिया गया। इस मौके पर बिपिएम तेजू खेरवार, बीपीओ एफआई सुजीत कुमार, शाखा प्रबंधक विलकड़ा, उज्ज्वल रुन्डा, हिमांशु पन्ना,मनोज टोप्पो, बिश्वनाथ रॉय, सुनील बास्के, बैंक सखी- रूबी मिंज, सरिता कुमारी समेत अन्य उपस्थित थें।

## उर्दू के सच्चे खिदमतगार थे प्रोफेसर अबुजर उस्मानी : अमीन अहमद

■ उर्दू को आगे बढ़ाने में प्रो. उस्मानी ने अपनी पूरी जिन्दगी लगा दी, हमें उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत : उर्दू शिक्षक संघ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय कार्यालय में दिवंगत प्रोफेसर अबुजर उस्मानी, अध्यक्ष, अंजुमन तरक़्क़ी ए उर्दू, झारखंड तथा विभागाध्यक्ष, उर्दू , विनोबाभावे विश्वविद्यालय के याद में शोकसभा का आयोजन कर खिराजे अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश किया गया। झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि प्रो० अबुजर उस्मानी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं उर्दू के लिए अपना सबकुछ कुर्बान कर देनेवाला शख्शियत आज हमारे बीच नहीं होकर भी जीवित हैं। वे उर्दू के पूरे इंसाइक्लोपीडिया थे जिन्होंने आखिरी सांस तक उर्दू के लिए ही जिये। हमारे संगठन के लिए फक्र की बात है कि वे हमारे संगठन के पहले सेमिनार, 2014 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। अब हमारा फर्ज.बनता है कि हम उनके अधूरे काम को पूरा करने में अपना योगदान दें। मुख्य अतिथि के रूप में अंजुमन तरक़्क़ी ए उर्दू, झारखंड के महासचिव डॉ. वकील अहमद रिजवी ने उनके साथ बिताये आखिरी पलों को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा दी गई जिम्मेवारी को पूरा करना है जिसके लिए सभी को मिलकर उर्दू को झारखंड में बचाने की मुहिम पर जुट जाना होगा। संघ के केंद्रीय प्रवक्ता शहजाद अनवर ने कहा कि मरहूम अबुजर उस्मानी साहब हमारे गुरु रह चुके हैं झारखंड मे उनके मृत्यु से बड़ा नुकसान हुआ है जल्द पूरा होना मुमकिन नहीं है पूरे राज्य में उर्दू के लिए मदरसा से लेकर विद्यालय स्तर तक उर्दू की पढ़ाई में बुनियादी सुविधाओं को पूरा कराने की जरूरत है। आज के इस शोकसभा में मुख्यरूप से अमीन अहमद, डॉ० वकील अहमद रिजवी सहित नाज़िम अशरफ, मकसूद जफर हादी, शहजाद अनवर, राकिम अहसन, मो. फखरूद्दीन, सरवर आलम, मो. इस्माईल, मोशाहिदा अंजुम, आयरा नसीम, नवाज़िश रजा, असरार अहमद, अब्दुल बारिक, साकिर करीम, इलताफ अंसारी, आबदा तबस्सुम, रबनवाज, सिबतैन रिजवी, शबीना नाज, तरन्नुम परवीन, रौशन जहां, फिरदौस परवीन, निकहत बानों, आसमा खातून, उजमा निशात, जरीना खातून, उजैर आलम आदि शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत, सड़क पर लगाया जाम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर रजवाडीह पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास बुधवार को सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों बाइक पर सवार थे। उन्हें एक ट्रक ने रौंद दिया। एक का व्यक्ति का शव रजवाडीह में पड़ा रहा जबकि ट्रक दूसरे व्यक्ति को घटनास्थल से घसीटते हुए कुछ दूर जमुने तक ले गया। सूचना मिलने ही सदर थाना पुलिस ने ट्रक को जब्त और चालक को कब्जे में ले लिया है। मृतकों की पहचान तरहसी थाना क्षेत्र के धनगाई निवासी संजू गिरी और रविंद्र गिरी के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई थे। एक स्टांप वेंडर और दूसरा ताईद का काम करते थे। दोनों भाई एक बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर कचहरी आ रहे थे। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर सड़क पर जाम लगा दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। थाना प्रभारी गौतम कुमार भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को जाम हटाने के लिए समझने का प्रयास कर रहे हैं।

## एक झलक

### महिला से बाइक सवारों ने छीनी सोने की चेन

**बोकारो :** बीएस सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर तीन ई की रहने वाली पूजा देवी की बाई सवार अपराध्यिों ने सोने की चेन छीनतई करली। ममले में भूक्तभोगी महिला ने बताया कि वे शाम के चार बजे मॉल से अपने घर जा रही थी इसी दौरान सेक्टर तीन चक्की मोड़ के पास बाईक सवार दो अपरोध्यिो ने झपट्टा मार कर गले से 40 ग्राम के सोने के की चेन ले कर भाग गया। छिनतई के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गयी।

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों का लिया गया जायजा

**कोडरमा :** मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमन्त सोरेन के संभावित आगमन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा तैयारी का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने जे जे कॉलेज, पुलिस लाइन और बागीटांड स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमन्त सोरेन के संभावित आगमन को लेकर तैयारिया को पुख्ता करने का निर्देश दिये। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बीएसएनल अधिकारी के बंद आवास में 10 लाख की चोरी

**बोकारो :** सेक्टर 06 थाना क्षेत्र के 06 आवाज संख्या 1053 निवासी बोकारो इस्पात संयंत्र मैं मैनेजर के पद पर कार्य सतीश कुमार के बंद आवास में बीती रात अज्ञात चोरों ने 10 लाख की चोरी कर ली प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरी स्वामी 25 नवंबर की सुबह अपने पेत्री गांव कोडरमा पूरे परिवार के साथ गए हुए थे मंगलवार की सुबह उनके पड़ोसी ने फोन कर सूचना दी कि आप घर से वापस आ चुके हैं तो उन्होंने कहा कि नहीं अभी बोकारो नहीं पहुंचे हैं इस पर पड़ोसी ने कहा कि आपका आपके घर का दरवाजा खुला हुआ दिख रहा है इसके बाद वे लोग आनंद फाइनल में जल्दी बोकारो पहुंचे लगभग 12:00 बजे बोकारो पहुंचने के बाद जब आवाज के अंदर गए तो देखा कि दरवाजा मुख्य द्वार के अलावा अंदर के भी तीन दरवाजे टूटा हुआ है और अलमीरा के समान बिखरा पड़ा हुआ था गिरीश ने बताया कि ?17000 नगदी सहित लाखों रुपए के जेवरात गायब है। उन्होंने बताया कि एक हीरे के एक चैन सोने के दो चैन सोने के चार रिंग सोने के तीन टॉप छोटा चैन एक चार पायल चांदी के चार मठिया चांदी के ग्लास चांदी के मछली चांदी की कटोरी चांदी के पान पेटी चांदी के बाल पांच के अलाव 17,000 रुपया नगद की चोरी हुई है। एसपी से मिला ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष बोकारो स्टील ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष एक सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक से मिला। एसपी से मिलकर प्रति मिनट ने कहा कि इन दिनों शहर में चोरी की घटना बढ़ गई है सेक्टर 4 अप साड़ी 6 आदि सेक्टरों को निशाना बनाया जा रहा है कहां है कि मामले में पकड़े जाने पर अपराधियों को कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि जमानत जल्द न मिल सके।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में 'आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# शिक्षा समाज के उत्थान व बच्चों के भविष्य के लिए आवश्यक : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में शुक्रवार को देवघर प्रखंड अंतर्गत पुनासी पंचायत में आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि आमजनों के समस्याओं का समाधान और निराकरण को लेकर इसका आयोजन किया जा रहा है, ताकि अपने पंचायत में ही आप सभी अपने समस्याओं का आवेदन देने के साथ नयी योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के तरीके से अवगत हो सके। आगे उपायुक्त ने कहा कि कैम्प में आप सभी सुविधा हेतु हेल्प डेस्क बनाया गया है, जिससे आवेदन जमा करते समय इस बात विशेष ध्यान रखे कि आवश्यक दस्तावेज, अपना हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर फॉर्म के साथ हो, ताकि समय पर आपको आवेदन की प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी दी जा सके। आगे उपायुक्त ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना की जानकारी से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि पंचायतों में लगने वाले प्रत्येक शिविर में अलग से काउंटर बनाए गए है। इस योजना का लाभ केवल आवास विहीन परिवारों (जिनके पास एक भी पक्का मकान नहीं है) को दिया जाएगा। इसके अलावा पीएम आवास, इंदिरा आवास, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का लाभ जिन्हें नही मिला है उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। साथ ही योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान और रसोई घर का निर्माण होगा, जिसके लिए प्रति आवास 02 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी और 95 दिन का मनरेगा रोजगार भत्ता भी दिया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने बच्चों व अभिभावकों से आग्रह किया कि शिक्षा समाज के उत्थान के लिये आवश्यक है। शिक्षा के अभाव में समाज और देश तरक्की नहीं कर सकता। ऐसे में हर व्यक्ति को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। बच्चों को स्कूल भेजे, ताकि बच्चों का पढ़ाई लिखाई में ध्यान केंद्रित हो। आज सरकार बच्चों को स्कूल में मिड डे मील, पढ़ाई लिखाई हेतु स्कूल ड्रेस, बैग, किताब प्रदान कर रही है। साथ ही बच्चियों के सशक्तीकरण और उनको पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए सरकार ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की है, ताकि बच्चियों को किसी भी परिस्थिति में पढ़ाई करने में तकलीफ न हो। इस योजना के तहत झारखंड सरकार 8वीं से 12वीं कक्षा तक में पढ़ने वाली लड़कियों को कुल 20000 रुपये की राशि प्रदान कर रही है। आगे उपायुक्त ने राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि इस योजना के तहत पढ़ने वाले 10 वीं और 12 वीं कक्षा के बच्चों को 15 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा उपायुक्त ने पुनासी पंचायत में पर्यटन की संभावना को देखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना युवाओं को आत्मनिर्भर व सहयोग करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से 25 लाख रुपये तक के लोन-ऋण का प्रावधान किया गया है। साथ ही उपायुक्त ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की जानकारी से सभी को अवगत कराते हुए कहा की इस योजना के माध्यम से सरकार का उद्देश्य है कि गांवों से प्रखंड, जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है। आगे उन्होंने कैम्प में लगे बैंक शिविर के माध्यम से बैंक से जुड़ी समस्याओं का निदान करा सकते है। साथ ही आधार कार्ड में सुधार और त्रुटि के निराकरण हेतु शिविर लगाया गया है, जहाँ शून्य से पांच वर्ष के बच्चों का भी आधारकार्ड बनाया जा रहा है। राजस्व से संबंधित कैम्प में लगाना-रसीद, दाखिल-खारिज, जमीन नापी आदि समस्याओं का निदान करा सकते है। साथ ही कैम्प के माध्यम से जाती, आवासीय जैसे प्रमाण पत्र भी बना सकते है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगो के समस्याओं का निराकरण तय समय अनुसार किया जा सके। इसके अलावा आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त विशाल सागर व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्कूली बच्चियों के बीच साइकिल वितरण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बीच बिरसा सिंचाई कूप, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, कंबल वितरण, बैग व किताब-कॉपी, आयुष्मान कार्ड, जेएसएलपीएस की दीदियों के समूहों को बैंक लिंकेज का वितरण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर आमजनों के बीच फलदार पौधे का वितरण उपायुक्त द्वारा किया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सभी सजग बनते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। आगे कार्यक्रम के दौरान कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि सहकारिता पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस विभागों द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी व लाभ से लाभान्वित किया गया। साथ ही आमजनों के विभिन्न समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त श्री विशाल सागर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर आमजनों को दी जा रही सुविधा और आवेदनों की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। इसके अलावा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में 100 आवेदन, पशुधन योजना में 45, धोती साड़ी लूंगी 415, कंबल 135, पेंशन 13, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 10, बिरसा कृषि सिंचाई को संवर्धन योजना 25, लगान रसीद 04, आय प्रमाण पत्र 5, जाति प्रमाण पत्र 04, जॉब कार्ड 01, साइकिल 04, अबुआ आवास योजना 620 कुल मिलाकर 1374 आवेदन प्राप्त किए गए, जिसमें ऑन द स्पॉट 609 आवेदन का समाधान किया गया।

**जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी**

**इसके** अलावा आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनप्रतिनिधि श्री सुरेश पासवान, मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार की चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान मौके समाज कल्याण पदाधिकारी रुनु मिश्रा देवघर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र यादव, अंचलाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, बीटीएम शशांक एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

**e-Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer**
**Building Construction Department,**
**Circle.-2, Combined Building,**
**Line Tank Road, Ranchi-834001**
**Tel. :0651-3512691**

Letter No.-2002 Date:- 28.11.2023

ई–निविदा रद्द की सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **Tender Reference No:- 28-BCD/CIR-2/GUMLA/DIV/2023-24** जिसका **PR No.- 310206 (Building Dept Circle -2) 23-24,D** एवं **PR No.- 310928 Building Dept Circle -2 (23-24) :D** द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

Nodal Officer e–Procurement Cell
Building Construction Department Circle-2, Ranchi

PR312195 (Building Dept Circle - 2)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के अंतर्गत निकाली गई ई०–निविदा आमंत्रण सं०– 13/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक– 23.11.2023, जिसका पी० आर० संख्या– 311920 Rural Work Department (2023-24)D द्वारा प्रकाशित है, जिसमें निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| क्र० सं० | विवरण | पूर्व प्रकाशित विवरणी (आईडेन्टीफिकेशन सख्या / पैकेज संख्या) | संशोधित विवरणी (आईडेन्टीफिकेशन सख्या / पैकेज संख्या) |
|---|---|---|---|
| 1 | आईडेन्टीफिकेशन सख्या / पैकेज संख्या। | RWD/KHUNTI/STPKG/07/2023-24 | RWD-KHU-STPKG-02/2023-24 |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,खूँटी

PR 312276 Rural Work Department(23-24).D

## 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा ने लगाया 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के तत्वाधान में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के पांचवे दिन में कैडेटों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज की कार्यवाही में सदर अस्पताल कोडरमा के डॉक्टर सौरव कुमार के द्वारा सीपीआर के बारे में कैडेटों को जानकारी दी गई और बताया कि कैसे आप बिना किसी डॉक्टर के मदद से सीपीआर का प्रयोग करके किसी की जान बचा सकते है। इसके अलावा उन्होंने कैडेटों को स्वच्छता के बारे में भी बताया। वही कैडेटों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय राष्ट्र निर्माण में युवा का योगदान और सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप थे। इस प्रतियोगिता में जे जे कॉलेज से निशा कुमारी, पुष्पा कुमारी, राहुल कुमार, पारसनाथ कॉलेज से शिवानी कुमारी, सीडी गर्ल्स से कशिश एवम रिया, राजकीय पॉलीटेक्निक से जूही कुमारी, हाई स्कूल उरवा से सानिया कुमारी एवम नीरज कुमार, आरएनआईएम से सोनी कुमारी, कस्तूरबा गांधी कोडरमा से सोनम कुमारी, राम लखन सिंह यादव कॉलेज से अरविंद कुमार, ग्रिजली विद्यालय से विक्रम कुमार और जय प्रकाश, सैनिक स्कूल से बिट्टू कुमार, अभिनव भारद्वाज, प्रणव राज, केशव, किशोर और फरहान शामिल हुए और अपने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए।

## 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

# उपायुक्त ने फीता काट कर शिविर का किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिले के जयनगर प्रखण्ड के हीरोडीह एवं मरकच्चो प्रखण्ड के नावाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज और उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। उपायुक्त ने सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लें और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि आप सभी को योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की समस्या हो, उन समस्याओं को आवेदन के माध्यम से शिविर में रखें आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण किया जायेगा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा शिविर में आये लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया। इसके साथ ही बच्चियों के बीच साईकिल वितरण योजना व सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की स्वीकृति पत्र दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना का लाभ दिया गया। साथ ही जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण की स्वीकृति पत्र दिया गया। साथ ही लाभुकों के बीच कंबल के साथ साथ धोती साड़ी का भी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किए गए।

**यहां आयोजित होगें शिविर**

**आज** डोमचांच प्रखण्ड के मसनोडीह, कोडरमा प्रखण्ड के मेघातरी एवं चंदवारा प्रखण्ड के बिरसोडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

Government of Jharkhand
**Department of Information Technology and e-Governance**

3rd Floor, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004

Bids are invited from CERT-IN empaneled auditor for audit of ASA & AUA/ KUA (DoIT & e-Gov., Govt. of Jharkhand) for year 2023-24. The bid document can be downloaded from **www.jharkhandtenders.gov.in**. The bidder may submit their proposals latest by 13th Dec 2023, till 06:00 P.M. though the online e-tendering portal.
For further queries please contact on the following:
Email – uidnetsupt@gmail.com
The details of the tender are as follows:

| | |
|---|---|
| Bid Reference No. | **ASA_AUA/KUA Audit - 05/2023-24** |
| Date of commencement of download of Bidding Documents | **30th Nov. 2023 from 10:00 AM onward** |
| Last date of acceptance of queries/clarifications | **10th Dec. 2023 till 05:00 PM** |
| Last Date and time for availability of tender document | **13th Dec. 2023 till 12:00 PM** |
| Last Date and time for submission of tender document | **13th Dec. 2023 till 06:00 PM** |
| Date of Opening of Commercial Bids | **To be informed later** |
| Tender Fee | **NIL** |
| Earnest Money Deposit | **Please refer RFQ Document** |
| Contact by Bidders | **Interested Bidders are requested to send the email to uidnetsupt@gmail.com containing following information, so that in case of any clarification, same may be issued to them. Name of company, Contact person, Mailing address with Pin Code, Telephone No., Fax No., email address, Mobile No.etc.** |

Note:-
1. Bids should be submitted online through Govt. of Jharkhand's e-procurement website
2. Bids will be opened online; Bidders may view the details through their terminal.

Sd/-
Deputy Secretary
DoIT& e-Gov

PR 312188 Information Technology(23-24)D

# ग्रिजली विद्यालय में आईआईटी की परीक्षा के लिए सेमिनार का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों का मार्गदर्शन और ज्ञानवर्धन करने के उद्देश्य से एक व्यापक सेमिनार का आयोजन किया। प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस सेमिनार में एनआईटी जमशेदपुर के पूर्व छात्र उदित कुमार मुख्य वक्ता के तौर पर शमिल हुए, जिन्होंने उत्सुक छात्रों के साथ अमूल्य अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए। उदित कुमार के व्यापक ज्ञान और आईआईटी परिदृश्य की प्रत्यक्ष समझ ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बना दिया। सत्र की शुरूआत आईआईटी तैयारी के बुनियादी पहलुओं की खोज के साथ हुई, जिसमें प्रमुख विषयों, परीक्षा पैटर्न और प्रभावी अध्ययन पद्धतियों को शामिल किया गया। मुख्य वक्ता उदित कुमार ने वैचारिक स्पष्टता, निरंतर अभ्यास और रणनीतिक समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आईआईटी प्रवेश परीक्षाओं की बारीकियों पर प्रकाश डाला। छात्रों को न केवल आवश्यक शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया बल्कि उनकी तैयारी के प्रति समग्र दृष्टिकोण विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। सेमिनार में सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों, समस्या-समाधान कौशल के निर्माण और विभिन्न विषयों में मौलिक अवधारणाओं में एक मजबूत आधार का पोषण करने के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र था, जिसमें छात्र शुभम कुमार, रीत भदानी, अनुष्का भदानी, अदिति कुमारी, एवम अन्य छात्रों ने उत्साहपूर्वक विषय-विशिष्ट संदेह से लेकर परीक्षा-संबंधित रणनीतियों तक के प्रश्न पूछे। इन प्रश्नों को उदित के कुशल संचालन ने सत्र को और समृद्ध बना दिया, जिससे उपस्थित लोग व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और नई प्रेरणा से सशक्त हो गए।

# मजदूरों किसानों का तीन दिवसीय बड़े संघर्ष की तैयारी का आह्वान : संजय पासवान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** आम जनता के जीवन और आजीविका के साथ-साथ जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले और केंद्र सरकार की विनाशकारी नीतियों के खिलाफ किसान मजदूर संगठनों के देशव्यापी आह्वान पर 26 से 28 नवंबर को राजभवन के समक्ष आयोजित तीन दिवसीय महापड़ाव में आगे और बड़े संघर्षों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया. महापड़ाव में शामिल मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि महापड़ाव के माध्यम से जनता बचाओ, देश बचाओ के उद्देश्य से चार मजदूर विरोधी लेबर संहिताओं को समाप्त करना, किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी करना , विनिवेश और एनएमपी के प्रयासों को समाप्त करना, बिजली संशोधन विधेयक एवं नई शिक्षा नीति वापस करना, आउटसोर्सिंग, ठेका और अनुबंध पर कार्यरत मजदूरों और स्कीम वर्करों के लिए कानूनी तथा सामाजिक सुरक्षा, समान काम के लिए समान वेतन, शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी तथा मनरेगा की मजबूतीकरण सुनिश्चित करना, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करना, पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क कम करना , मूल्य वृद्धि पर रोक लगाने के साथ-साथ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए अमीर और कॉरपोरेट पर उच्च कर लगाने तथा जन सुविधाओं के क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि जैसे मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया. राजभवन रांची के समक्ष आयोजित इस महापड़ाव में किसानों के अलावा कोयला, इस्पात, तांबा, बॉक्साइट, माईका, इंजीनियरिंग, अभ्रक, विद्युत, परिवहन, निर्माण, सेल्स प्रमोशन, बीड़ी उद्योग सहित बड़ी संख्या में परियोजना कर्मी, गिग वर्कर , ठेका एवं आउटसोर्सिंग मजदूर शामिल हुए , जिसमें बड़ी संख्या में कामकाजी महिला भी थी. कार्यक्रम का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव अवधेश कुमार, राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, महासचिव सुरजीत सिन्हा, सीटू के महासचिव विश्वजीत देव, अध्यक्ष मिथिलेश सिहं, कार्यकारी अध्यक्ष भवन सिहं ने किया. राजभवन रांची के सामने तीन दिवसीय महापड़ाव में पूरे राज्यों से 15000 से ज्यादा किसानों एवं मजदूरों की भागीदारी हुई. इस महापड़ाव में कोडरमा जिला से करीब दो सौ किसान मजदूर शामिल हुए. जिसका नेतृत्व झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति, निर्माण कामगार यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने किया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-04/2023-24**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड पण्डवा अन्तर्गत प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 8806100.00 | 177000.00 | 10000.00 | 06 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.12.2023 से दिनांक 18.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 312257 Rural Development (23-24)_D

## एक झलक

### सड़क हादसे में रेलवे कर्मचारी की मौत पर मचा कोहराम

**अररिया :** सिमराहा थाना क्षेत्र के निवासी रेलवे कर्मचारी शंभू पासवान की मृत्यु जोगबनी बथनाहा मार्ग पर मंगलवार की देर संध्या एक ट्रेक्टर के चपेट मे आने से हो गई। मृतक शंभू पासवान बथनाहा स्टेशन पर ट्रैफिक कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। बथनाहा पुलिस के द्वारा लाश का बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद पोस्टमार्टम उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक शंभू का शव घर पहुंचते ही गाँव मे कोहराम मच गया। परिजन के चित्कार से मौजूद लोगों के आँखे नम हो गई। मृतक का शादी बाईस वर्ष पूर्व अररिया के खरैया बस्ती निवासी युगेश पासवान के पुत्री रानी देवी से हुई थी। उन्हें चार पुत्र व एक पुत्री है।

### फोर्टीफाइड चावल से सम्बन्धित जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**अररिया :** विश्व खाद्य कार्यक्रम के तहत फारबिसगंज प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया में बुधवार को फोर्टिफाइड चावल से संबंधित प्रचार प्रसार अभियान का आयोजन किया गया। इस जगरूकता अभियान में वर्ल्ड फूड प्रोग्राम से जागरूकता प्रशिक्षक अंबर मिश्रा एवं सहायक प्रशिक्षक मोजम्मिल हुसैन मौजूद रहे और अभियान को लेकर ग्रामीणों और बच्चों को जानकारी दी।बच्चों और ग्रामीणों को मुख्य रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को फोटीफाईड राइस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालय के चिह्नित 80 बच्चों के बीच फोटीफाईड राइस से संबधित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों के बाद विद्यालय के पोषक क्षेत्र में विद्यालय के प्रधान शिक्षिका फरहत बानो ने इस अभियान के लिए विद्यालय स्तर पर चिह्नित नोडल शिक्षक रंजेश कुमार, प्रहलाद कुमार, राम कुमार, बेचन ऋषिदेव, मध्याह्न भोजन प्रखंड साधनसेवी पंकज वर्मा सहित विद्यालय में वर्ग एक से पांच के सभी छात्र एवं छात्राएं, विद्यालय की रसोइया, वार्ड सदस्य, जनवितरण प्रणाली के विक्रेता के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। इसी क्रम में टीम के द्वारा बच्चों के बीच आकर्षक उपहार के साथ फल एवं बिस्किट का वितरण किया गया।

### बालू माफियाओं का नरहट पुलिस पर हमला

**नवादा :** बालू माफियाओं ने बुधवार की शाम नवादा जिले के नरहट थाने के खानपुरा बालू घाट के निकट ट्रैक्टर को जब्त करने गई पुलिस पर हमला कर ट्रैक्टर को छुड़ा ले गए ।हमले के बाद जान के भय से नरहट के थाना प्रभारी मुन्ना वर्मा सहित पुलिस कर्मियों को भागना पड़ा। एक मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। वहीं दो अपराधियों को बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर ट्रैक्टर जप्त कर ली है। नरहट के थाना प्रभारी मुन्ना वर्मा ने इस घटना पर पर्दा डालने की नीयत से मीडिया कर्मियों से गलतबयानी कर घटना से इनकार कर दिया ।जबकि आसपास के ग्रामीणों ने घटना की पुष्टि की। रजौली के एसडीपीओ पंकज कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि बालू माफिया पुलिस द्वारा जब्त किए गए ट्रैक्टर को जबरन छुड़ाकर ले भागे थे। बाद में ट्रैक्टर को जप्त कर इस घटना में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही प्राथमिकी दर्ज कर इस हमले में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### हर्ष फायरिंग पर होगी दो साल की सजा : एसपी

**पूर्वी चंपारण :** शादी-विवाह एवं अन्य मांगलिक आयोजनो में हर्ष फायरिंग से होने वाली घटना पर अंकुश लगाने को लेकर एसपी सख्त है। बुधवार को उन्होने पुलिस मुख्यालय से प्राप्त आदेश के आलोक में जिले भर के होटल एवं विवाह भवन के संचालको के साथ बैठक कर उन्हे निदेशित किया,साथ ही हर्ष फायरिंग को लेकर किये गये कानूनी प्रावधानो व अधिनियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 एवं 25 की उप धारा 9 के तहत हर्ष फायरिंग के मामले में दो साल की सजा एवं एक लाख तक जुर्माना निर्धारित है।

# इंडो-नेपाल बार्डर पर बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना :** जिले के रक्सौल स्थित भारत-नेपाल मैत्री पुल पर जांच के क्रम में एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है।बांग्लादेशी नागरिक मैत्री पुल पर तैनात एसएसबी के द्वारा जांच के क्रम में पकड़ा गया। जिसकी पहचान मुगर अली का पुत्र सैफुल खान बताया जा रहा है। जो बांग्लादेश के दौतीया पोस्ट कमालपुर थाना धनराई जिला ढाका बांग्लादेश का निवासी है। सैफुल खान रक्सौल से ई रिक्शा पकड़ कर नेपाल के बीरगंज शहर जा रहा था। जहां मैत्री पुल पर जांच के क्रम में उसके बैग से भारतीय पहचान पत्र व



बांग्लादेशी पहचान प्रत्र प्राप्त हुआ है। इसके पास से भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड एवं बांग्लादेशी आईडी कार्ड पकड़ा गया है। एसएसबी ने पूछताछ के बाद उसे हरैया थाना में सौप दिया है। वही हरैया पुलिस के द्वारा बांग्लादेशी नागरिक सैफुल खान से पूछताछ के दौरान बताया कि 2018 में भारत

- भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड एवं बांग्लादेशी आईडी कार्ड पकड़ा गया

बांग्लादेश रंगपुर बॉर्डर पर एक एजेंट मोहम्मद मौजिद नामक व्यक्ति के माध्यम से भारत मे प्रवेश किया था। इसके लिए उसने 20 हजार रुपये लिए थे। वही से सिलीगुड़ी होते हुए वह नेपाल के काठमांडू चला गया था। जहां वह सिलाई का काम करता था लेकिन नागरिकता नही रहने के चलते उसे हमेशा पकड़े जाने का डर बना रहता था। फिर वह भारत के गुजरात के अहमदाबाद नरौला में जा कर रहने लगा वहाँ पर किसी अकबर नामक व्यक्ति से संपर्क किया जिसने उसका फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड बनवाया जिसके आधार पर उसने बैंक में खाता खुलवाया। इसके लिए अकबर ने उससे पांच हजार रुपये लिया था। उसने बताया कि वह नेपाल के काठमांडू में किसी के शादी में शामिल होने जा रहा था तब तक मैत्री पुल पर एसएसबी के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। वही हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया की कागजी कार्रवाई के बाद बांग्लादेशी नागरिक को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## उषा मार्टिन विवि में छात्रों और कर्मचारियों ने किया 100 यूनिट का रक्त दान

**अनगड़ा :** उषा मार्टिन विवि और झारखंड थैलेसीमिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को विवि परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सभी शैक्षणिक, गैरशैक्षणिक कर्मचारियों व छात्रों ने कुल 100 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। शिविर को सफल बनाने में रजिस्ट्रार अनिल कुमार मिश्रा और फिजियोथैरेपी एंड पैरामेडिकल साइंस के विभागाध्यक्ष आकांक्षा आनंद सक्सेना तथा सदर रांची ब्लड बैंक की टीम का योगदान रहा। इससे पूर्व उषा मार्टिन विवि ने समाज के प्रति सजगता अपनाते हुए बुधवार को झारखंड थैलेसामिया फाउंडेशन के साथ एमओयू साइन किया है। इसके तहत हेल्थ सर्विसेज कमिटी का गठन किया गया है जिसका उद्देश्य समाज में रक्तदान, अंग दान, प्राथमिक उपचार और मानसिक तनाव या उपचार आदि के प्रति जन जागरूकता पर काम करना है।

## चिलदाग में 89 लाभुकों के बीच हुआ परिसम्पत्ति का वितरण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अनगड़ा :** विधायक राजेश कच्छप ने बुधवार को प्रखंड के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार अभियान के तहत चिलदाग पंचायत सचिवालय में लोगों की समस्याओं को सुनाव समाधान के लिए पहल किया। ग्रामीणों की ओर से विभिन्न योजनाओं को लेकर 1470 आवेदन दिया गया। कार्यक्रम में 89 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप थे। इससे पूर्व अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक राजेश कच्छप ने छह माह के दो बच्चों का मुंहजुठी भी कराया। मौके पर दो गर्भवती महिलाओं का गोद भराई की गई। विधायक ने अंचल कर्मचारी को निर्देश दिया कि बगैर किसी लोभ के ग्रामीणों के भूमि संबंधित आनलाईन कार्यों को करें। शिकायत मिलने पर दोषी अधिकारी के खिलाफ कारवाई की जाएगी। इस अवसर पर सीओ राजू कमल, सीडीपीओ रेणुका कुमारी, बीइओ भरोसी मुंडु, बीपीओ अवनिंद्र कुमार, सीआई रमेश रविदास, बीएसओ संतोष कुमार, उपप्रमुख जयपाल हजाम, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा, मुखिया दुर्गा पाहन आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा प्रचारक चुनचुन भाई ने अरगोड़ा क्षेत्र में किया शिक्षा का प्रचार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** शिक्षा प्रचारक भाई चुनचुन ने अरगोड़ा में शिक्षा का प्रचार अपने नारा द्वारा किया, पढ़ो-लिखो नेकी के रास्ते पर चलो, अच्छी शिक्षा किस्मत से नहीं मेहनत हिम्मत और लगन से हासील होता है। भाई चुनचुन सर का नारा है आधी रोटी खायेंगे या आधा पेट खायेंगे फिर भी स्कूल व कॉलेज पढ़ने जायेंगे। 'दीन सिखाओ बेटी बचाओ पढ़ाओ लिखाओ नेक बनाओं शिक्षा प्रचारक चुनचुन सर है। सभी बच्चे है चुनचुन सर के आंखों की ज्योती। चुनचुन भाई का नारा है अनमोल मोती जब जब चुनचुन सर लेगा नारा जागे जग सारा। मेडम नासीमा शेख, मुरली मंडल आजय राजू, सुरज कालनिडी ने कहा चुनचुन भाई बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। बच्चों के भविष्य को उज्जवल कर रहे हैं। चुनचुन सर ने कहा कि प्राइवेट स्कूल में मिडिल क्लास व गरीबों के बच्चों को पढ़ाना बहुत मुश्किल है बहुत पैसा चहिये खैर बच्चों को बचाओं बुरी आदतों से, नासा, जुआ, बच्चों के जीवन खराब कर रहा है। बच्चे देश की ताकत है देश का भविष्य है।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी करनेवाला 05 अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी

**नवादा :** नवादा साइबर अपराधियों का गढ़ बन गया है। बीते कई दिनों से साइबर अपराध के मामले यहां तेजी से बढ़ रहे हैं। नवादा पुलिस ने एकबार फिर बुधवार को शाहपुर ओपी थाना क्षेत्र के बाजीदपुर गांव में छापेमारी करते हुए 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साइबर अपराधियों के पास से 6 एंड्रॉयड मोबाइल कई पेज प्रिंटेड कस्टमर डाटा को बरामद किया हैं। पुलिस के हत्थे चढ़े सभी साइबर ठग पुराने सिक्के बदलने और बजाज फाइनेंस और धनी इंडिया फाइनेंस के नाम पर सस्ती दर पर ऋण आदि का प्रलोभन देकर देश



के विभिन्न प्रांतों को लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार साइबर अपराधियों की पहचान शाहपुर ओपी थाना क्षेत्र के बाजीदपुर गांव के निवासी बनारस यादव का 28 वर्षीय पुत्र पिंटू यादव, लालो पासवान का 19 वर्षीय पुत्र नवलेश कुमार, नरेश पासवान का 16 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार, कारू पासवान का 18 वर्षीय पुत्र विकास कुमार और सिंघन पासवान के 15 वर्षीय पुत्र सोहित कुमार बताए जाते हैं। पुलिस की माने तो गुप्त सूचना के आधार पर ये कार्रवाई की गई है। पकरीबरावा एसडीपीओ महेश चौधरी ने बताया कि पुलिस को साइबर अपराधियों द्वारा उपभोक्ताओं से ऑनलाइन ठगी की सूचना मिली थी। सूचना पर वरीय पदाधिकारी द्वारा पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गई। बताया जाता है कि ये साइबर ठग पिछले कई सालों से साइबर ठगी के धंधे में लिप्त थे। पुलिस इनके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार सभी साइबर ठग से पूछताछ कर रही है और इनके पास से बरामद दस्तावेजों और मोबाइल की जांच की जा रही है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों ने 100 से अधिक लोगों से ठगी का मामले को स्वीकार किया है ।उनके निशानदेही पर कई और अपराधियों को गिरफ्तार किए जाने की संभावना भी व्यक्त की जा रही है।

## गंगा ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में मोटे अनाज की पैदावार पर सेमिनार

एजेंसी

**बेगूसराय :** मोटे अनाज के पैदावार को बढ़ावा देने को लेकर आज गंगा ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में सेमिनार आयोजित किया गया। जागरूकता सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि मोटा अनाज ना सिर्फ सेहत के लिए लाभकारी है। बल्कि बाजार में मांग बढ़ने के कारण इसके बेचने की कोई समस्या नहीं है। इसलिए मोटा अनाज किसानों के लिए भी लाभकारी है। डॉ. सुधा झा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एमबीए के करीब 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता बिजनेस डेवलपर प्रो. संदीप भारती ने कहा कि मोटे अनाज की महत्ता से आमजन अभी भी अंजान हैं। जबकि मोटे अनाज को खाने से शरीर की इम्यूनिटी पावर बढ़ती है। एमबीए के छात्र - छात्राएं इसकी जानकारी लेकर मोटे अनाज के व्यापार को अपने कैरियर से जोड़ सकते हैं। आज बड़ी-बड़ी कंपनियां मोटे अनाज के व्यापार से जुड़े हुए हैं। असिस्टेंट प्रो. अनुभा ने कहा कि मोटे अनाज में रागी (मडुआ), कोदो, जई, बाजरा, ज्वार, कंगनी, सनवा, कुटकी आदि शामिल हैं। दशकों पूर्व हमारे यहां के किसान इसकी खेती करते थे। लेकिन हाल के वर्षों में किसानों ने इसके खेती से मुंह मोड़ लिया है। जबकि यह फसल आमदनी को बढ़ाने में सहायक है। असिस्टेंट प्रोफेसर डोली ने कहा कि मोटे अनाज की मांग विदेशों में भी है।

# दो दिवसीय हड़ताल को भाजपा व अन्य संगठन का समर्थन



एजेंसी

**सहरसा :** जिला के भिन्न-भिन्न विभागों में कार्यरत बेल्ट्रॉन के सभी कर्मी अपने सेवा समायोजन के मांग को लेकर दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है।इस अवसर पर पर भाजपा के विधायक डॉ आलोक रंजन, रितेश रंजन तथा प्रवीण आनंद, अराजपत्रित कर्मचारी संघ तथा पूर्व विधायक किशोर कुमार ने भी बेल्ट्रॉन कर्मियों की मांग को जायज बताते हुए अविलंब सेवा समायोजन की मांग की। बिहार राज डाटा एंट्री एवं कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के आह्वान पर जिला इकाई सहरसा के सभी बेल्ट्रॉन कर्मी अपने सेवा समायोजन की मांग को लेकर दो दिनों की हड़ताल पर हैं।संघ के जिला सचिव रंजीत कुमार के नेतृत्व में संघ के सभी कर्मी स्टेडियम परिसर के बाहरी विभाग में धरना पर बैठे हैं। धरना को संबोधित कर संयोजक महेश कुमार वर्मा ने कहा कि विगत 25 वर्षों से हम लगातार सरकार एवं कार्यालय के आदेश अनुसार सरकारी कर्मी से कंधा से कंधा मिलाकर काम करते आ रहे हैं। फिर भी सरकार दो दशक से अधिक समय तक मामले को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष देव कृष्ण झा, उपाध्यक्ष नेहा रंजन ने भी सरकार की इस गलत नीति का पुरजोर तरीका से विरोध किया। वहीं संघ के प्रचार प्रसार प्रमुख रमेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार यदि हमारी मांगों पर अविलंब विचार नहीं करती है तो हम आगे सभी बेल्ट्रॉन कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं।

## दिव्यांगजनों के चेहरे पर आयी आत्मनिर्भरता की मुस्कान, दिया गया प्रमाण पत्र

एजेंसी

**किशनगंज :** जिले के दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए जिलाधिकारी तुषार सिंगला के दिशा निर्देश में "एडिप योजना" के तहत जल्द ही कृत्रिम अंगों के उपकरण वितरण किये जायेंगे। कृत्रिम अंगों की उपकरणों के लिए प्रखंडवार विशेष कैंप का आयोजन पंजीकरण किया जा रहा है इसी क्रम में बुधवार को पोठिया प्रखंड में आयोजित शिविर दिव्यांगजनों ने अपना पंजीकरण कराया है। पंजीकरण करनेवाले सभी दिव्यांगजनों का उपकरण तैयार कर वितरण किया जाएगा।

डीएम तुषार सिंगला के निदेर्शानुसार भारत सरकार की सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्रालय की एडिप योजनान्तर्गत किशनगंज जिला के सभी प्रखंडों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एडिप योजनान्तर्गत भारत सरकार दियागजनो को कृत्रिम अंग उपकरण एवं सहायक उपकरण मुफ्त में उपलब्ध कराती है। सहायक उपकरण में अस्थि दिव्यगजनों के लिए व्हीलर चेयर, वैशाखी, ट्राईसाईकल, बैट्री चालित ट्राईसाईकिल, सीपी चेयर आदि, श्रावण दिव्याग के लिए श्रवण यन्त्र, दृष्टि दिव्याग के लिए स्मार्टफोन, ब्रेल कीट, इलेक्ट्रॉनिक छड़ी, आदि मुहैया कराने का प्रावधान है। इसके लिए सर्वप्रथम शिविर में परीक्षण दल द्वारा दिव्यगजनों का परीक्षण एव सहायक उपकरण हेतु पंजीकरण किया जा रहा है जिसमें आधर कार्ड, दिव्यागता प्रमाण पत्र (युडीआईडी कार्ड) आय प्रमाण पत्र (रू 22500 मासिक से कम), दो पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य है।

# ज्योति राव फुले स्मृति दिवस मना



एजेंसी

**पटना :** शैक्षणिक अंचल गुलजारबाग अवस्थित राजकीयकृत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय दादरमंडी में भारत के महान क्रांतिकारी-सामाजिक कार्यकर्ता, विचारक, समाज सुधारक, शिक्षाविद, समाज प्रबोधक, लेखक, दार्शनिक ज्योतिराव फुले की स्मृति दिवस शिक्षक सूर्य कान्त गुप्ता के द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण किया गया। इसमें मध्य विद्यालय रमना एवं प्रेस मध्य विद्यालय गुलजारबाग के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। छात्र-छात्राओं को श्री गुप्ता ने वर्ग - 7 की नागरिक जीवन की पाठ्यपुस्तक सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन भाग - 2 के अध्याय - 11 के पाठ 'समानता के लिए संघर्ष' की इकाई 'इतिहास की नजर में' एवं वर्ग - 8 की इतिहास की पाठ्य पुस्तक अतीत से वर्तमान के अध्याय - 7 के पाठ 'ब्रिटिश शासन और शिक्षा' तथा अध्याय - 8 के पाठ 'जातीय व्यवस्था की चुनौतियां' की इकाई महात्मा ज्योतिराव फुले से जोड़ते हुए ज्योति राव फुले के जीवन, उनके व किए गए कार्य, उनकी लिखी पुस्तक गुलाम तथा उनके क्रांतिकारी विचारों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि महिला शिक्षा हेतु ज्योतिबा फुले ने अहम योगदान दिया। मौके पर उपस्थित जितेंद्र कुमार एवं संजय कुमार पांडे ने भी ज्योति राव फुले से जुड़ी कहानियों को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया।

### दीदी नीलम आनन्द स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा दिन

# ब्राण्ड जंगल ओरमांझी की टीम 1-0 से विजयी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनन्द स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में शुरू हुई। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई की देखरेख में तीन दिवसीय मैच का दूसरा दिन ग्रुप बी का ब्राण्ड जंगल ओरमांझी बनाम फुटबॉल क्लब चुट्टू के बीच खेला गया। इसमें ब्राण्ड जंगल ओरमांझी की टीम 1-0 से विजय हुई। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि रामधन बेदिया पूर्व प्रत्याशी आजसू खिजरी विधानसभा उद्घाटनकर्ता पारस नाथ उरांव, विशिष्ट अतिथि रोशनलाल मुण्डा, जिला प्रवक्ता आजसू जिला परिषद पूर्वी ओरमांझी सरिता देवी, प्रखंड



अध्यक्ष दिगम्बर महतो, छात्र जिला अध्यक्ष राज किशोर महतो, प्रकाश लकड़ा, खिलेश्वर महतो, आनन्द महतो, अमर कुमार, संतोष प्रजापति ने संयुक्त रूप से मैच का उद्घाटन किया। आज सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच 11:00 से खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच भूमित 11 बेलवा टोली बनाम डायमंड क्लब रांची एवं दूसरा सेमीफाइनल ब्रांड जंगल ओरमांझी बनाम jbkss गुडू के बीच खेला गया। दोनों मैच के विजेताओं के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें पहला क्वार्टर फाइनल मैच में सुमित कुमार एवं दूसरा मैच में प्रकाश कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया। इस मौके पर चंद्रदेव मुंडा, सेवाराम महतो, रामप्रसाद, धर्मनाथ मुंडा, मोहन बेदिया, रामदयाल गंझू , आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलाम्बर सिंह, सचिव विनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक नायक, उपाध्यक्ष सनी सिंह, उपसचिव जीवनलाल मुंडा, उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, जयवीर बेदिया, नकुल बेदिया, अजय गंझू, प्रदीप मुंडा, दिलीप मुंडा, नितेश मुंडा, शंकर मुंडा, सत्य सिंह, भरत मुंडा, नितेश पाहन, प्रीतम सिंह, विकास मुंडा एवं सभी सदस्य मौजूद थे। गुरुवार को फाइनल मैच खेला जायेगा। इसके मुख्य अतिथि होंगे अर्चित आनन्द। मुख्य सलाहकार शिव शिष्य परिवार उद्घाटनकर्ता बरखा आनन्द व विशिष्ट अतिथि सरिता देवी होंगी।

# प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर ने युवाओं को मतदाता बनने को किया प्रेरित

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में बुधवार को एमएस कॉलेज के सभागार में प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने युवा मतदाताओ को चुनाव के प्रति सजग किया। वहीं उन्होने अपनी प्रस्तुति से छात्र-छात्राओ सहित कार्यक्रम में भाग ले रहे लोगों को भाव विभोर कर जमकर तालिया बटोरी। डीएम एवं प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार ने मैथिली ठाकुर को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी करने के लिए आपका वोटर बनना आवश्यक है, इसी उदेश्य से यह आयोजन किया गया है। ताकि वोटर बनने की उम्र की शर्ते पूरी करनेवाले तमाम युवाओं की इसमें भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस कार्य के लिए महाविद्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया



जाएगा। वही एसपी ने युवाओं का आह्वान करते हुए उन्हें नये वोटर बनने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात मैथिली ठाकुर के गायन का कार्यक्रम शुरू हुआ। सुरीली आवाज से उन्होने समा बांध दिया। जहां तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा महाविद्यालय परिसर गुंजायमान हो गया। सूफियाना अंदाज में छाप तिलक सब छीनी रे मोह से नैना मिलाइके से कार्यक्रम का आगाज कर लोगों की दिल में जगह बना लिया। तत्पश्चात ;लाल मोरी पत रखियो बला झूले लालन; गाकर कार्यक्रम को उंचाई देने का प्रयास किया। मिथिला नगरिया निहाल सखिया ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। तत्पश्चात मैथिली ठाकुर ने युवाओं को वोटर बनने का संदेश अपने खास लहजे में दिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में मतदाता बन अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूती एवं राष्ट्रनिर्माण में भागीदारी प्रदान करें। इस अवसर पर मैथिली ठाकुर के गुरु और पिता रमेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत दावा आपत्ति का समय 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर 2023 तक है। जबकि विशेष कैंप 2 एवं 3 दिसंबर को लगेगा। 5 जनवरी 2024 को अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। युवाओं के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 ,मोबाइल एप वोटर सर्विस पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन प्रपत्र 6,7,8 भर सकते हैं या अपने संबंधित बीएलओ को आवेदन दे सकते हैं।

## राज्य स्तरीय विद्यालय ताइक्वांडो में 24 पदक प्राप्त कर बेगूसराय बना टॉप चैंपियन

एजेंसी

**बेगूसराय :** कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एमआरजेडी कॉलेज बेगूसराय के मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका ताइक्वांडो प्रतियोगिता के चौथे और अंतिम दिन आयु वर्ग-19 के मुकाबले खेले गए। जिसके 40 किलो वजन वर्ग में प्रियंका कुमारी लखीसराय को गोल्ड मेडल, अंशु कुमारी नवादा को सिल्वर मेडल, रितु कुमारी जमुई को ब्रॉन्ज मेडल, मुस्कान कुमारी बेगूसराय को ब्रॉन्ज मेडल मिला। 40 से 42 किलो वजन वर्ग में मिली कुमारी बेगूसराय को गोल्ड मेडल, अनुष्का कुमारी मुजफ्फरपुर को सिल्वर मेडल, प्रिया शाइनी लखीसराय एवं मनीषा राय शेखपुरा को ब्रॉन्ज मेडल मिला। 42 से 44 किलो वजन वर्ग में सृष्टि कुमारी बेगूसराय को गोल्ड मेडल, समीक्षा कुमारी भागलपुर को सिल्वर मेडल, जानवी लाल पटना एवं सानिया कुमारी शेखपुरा को ब्रॉन्ज मेडल, 44 से 46 किलो वजन वर्ग में खुशबू कुमारी ईस्ट चंपारण को गोल्ड मेडल, जीनी खातून भागलपुर को सिल्वर मेडल, रश्मि कुमारी बेगूसराय एवं हनी कुमारी मुजफ्फरपुर को ब्रॉन्ज मेडल मिला। 46 से 49 किलो वजन वर्ग में जोया सिंह पटना को गोल्ड मेडल, दीप्ति रानी भागलपुर को सिल्वर मेडल, सृष्टि कुमारी गुप्ता शेखपुरा एवं निधि किरण मुजफ्फरपुर को ब्रॉन्ज मेडल मिला। वजन वर्ग 49 से 52 किलो वजन वर्ग में साक्षी कुमारी ईस्ट चंपारण को गोल्ड मेडल, श्वेता कुमारी शेखपुरा को सिल्वर मेडल, अंजली कुमारी सिवान एवं स्वीटी कुमारी बेगूसराय को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

## एक झलक

### ऋतुराज ने बताया टी20 में हार का प्रमुख कारण

**गुवाहाटी :** भारत के सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने टी20 में हार का प्रमुख कारण बताया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के हाथों तीसरे टी20 मैच में मिली हार के लिए ओस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा ?कि भारतीय गेंदबाजों ने आखिरी पांच ओवर में 80 रन दे डाले और 222 रन बनाने के बावजूद मेजबान टीम हार गई। ग्लेन मैक्सवेल ने प्रसिद्ध कृष्णा के अंतिम ओवर में 23 रन बनाए। कृष्णा ने चार ओवर में 68 रन दिए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिली। ऋतुराज गायकवाड़ ने मैच के बाद मीडिया से कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह चिंता की बात है। ऐसा लग रहा था कि हम गीली गेंद से गेंदबाजी कर रहे हैं। यह गेंदबाजों के लिये काफी कठिन था। उन्होंने कहा कि इस तरह के हालात में प्रति ओवर 12, 13 या 14 रन भी बन सकते थे। लिहाजा यह चिंता की बात नहीं है। गायकवाड़ ने कहा कि हालात कठिन थे और इसे स्वीकार करके आगे बढ़ना होगा। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने 48 गेंद में नाबाद 104 रन बनाए। गायकवाड़ ने कहा, मैक्सवेल ने शानदार बल्लेबाजी की। एक समय उन्हें तीन ओवर में 50 रन चाहिए थे और उसके बाद इस तरह की पारी खेलकर जीतना काबिले तारीफ है। बता दें कि श्रृंखला का चौथा मैच रायपुर में शुक्रवार को खेला जायेगा।

### आयुष्मान खुराना बनाना चाहते हैं क्रिकेट पर फिल्म

**मुंबई :** क्रिकेट के दीवाने एक्टर आयुष्मान खुराना अपने कौशल का भरपूर उपयोग करने के लिए क्रिकेट पर फिल्म बनाना चाहते हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वह जल्द ही इस खेल पर एक बढिया फिल्म बनाने जा रहे हैं। आयुष्मान ने कहा कि जब भी ऐसा होगा तो उनका क्रिकेट स्किल काम आएगा। आयुष्मान को विक्की डोनर, दम लगा के हईशा, आर्टिकल 15, अंधाधुन जैसी कई अन्य फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। एक्टर खुराना ने कहा कि क्रिकेट पर उनकी नॉलेज और ऑब्जरवेशन अच्छी हैं। उन्होंने दुनिया भर के क्रिकेट फैंस के साथ बातचीत की और बताया कि वह इस खेल के उत्साही फॉलोअर भी हैं। आयुष्मान ने खुलासा किया कि वह पंजाब में अंडर-19 डिस्ट्रिक्ट लेवल के क्रिकेटर थे और वह इस खेल को बहुत जुनून के साथ खेलते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट पर फिल्म बनाना मेरी बकेट-लिस्ट का हिस्सा है और मुझे उम्मीद है कि यह जल्द ही पूरा हो जाएगा।

### इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग फिर से शुरू, स्टेडियम में 1,000 दर्शकों को प्रवेश की अनुमति

**जेरूसलम :** इजरायल और हमास के बीच युद्ध के कारण 7 अक्टूबर को निलंबित होने के बाद इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग मंगलवार शाम से फिर से शुरू हो गई है। हालांकि लीग के हर मैच में अधिकतम 1,000 दर्शकों को ही स्टेडियम में मैच देखने की अनुमति है। इससे पहले इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग प्रशासन (बीएसएल) ने सुरक्षा की स्थिति के कारण, यह भी फैसला किया था कि पूरे सीजन में विदेशी खिलाड़ी ट्रांसफर की संख्या पर कोई सीमा नहीं होगी। बता दें कि इजरायल-और हमास संघर्ष के कारण कई विदेशी खिलाड़ियों ने अपनी इजरायली टीमों को छोड़ दिया था।

# टीम इंडिया के मुख्य कोच बने रहेंगे द्रविड़

## बीसीसाआई ने किया अनुबंध विस्तार

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम इंडिया के सहयोगी स्टाफ (सीनियर पुरुष) के अनुबंध का विस्तार किया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनके दूसरे कार्यकाल की सटीक अवधि नहीं बताई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह कम से कम जून में होने वाले 2024 टी20 विश्व कप तक होगा। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के बाद द्रविड़ का अनुबंध समाप्त हो गया था, जिसके बाद बीसीसीआई ने द्रविड़ के साथ सार्थक चर्चा की और सर्वसम्मति से कार्यकाल को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, राहुल द्रविड़ की दूरदर्शिता, व्यावसायिकता और दृढ़ प्रयास टीम इंडिया की सफलता में महत्वपूर्ण स्तंभ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में, आप हमेशा अत्यधिक जांच के दायरे में रहते हैं और मैं इसका विस्तार करता हूं। भारतीय टीम का प्रदर्शन उनके रणनीतिक मार्गदर्शन का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि उन्होंने मुख्य कोच बने रहने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और यह उनके और बीसीसीआई के बीच आपसी सम्मान और साझा दृष्टिकोण को दशार्ता है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके नेतृत्व में टीम सफलता के शिखर तक अपनी यात्रा जारी रखेगी और रास्ते में नए मानक स्थापित करेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, मैंने उनकी नियुक्ति के समय उल्लेख किया था कि मुख्य कोच की भूमिका संभालने के लिए राहुल द्रविड़ से बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है, और द्रविड़ ने अपने प्रदर्शन से खुद को फिर से साबित कर दिया है। टीम इंडिया अब सभी प्रारूपों में एक मजबूत इकाई है, और तीनों प्रारूपों में हमारी शीर्ष रैंकिंग सीधे तौर पर उनके दृष्टिकोण, मार्गदर्शन और टीम के लिए उनके द्वारा तैयार किए गए रोडमैप को दशार्ती है। फाइनल से पहले लगातार 10 गेम जीतने के बाद, हमारा विश्व कप अभियान असाधारण से कम नहीं था, और टीम के विकास के लिए सही मंच तैयार करने के लिए मुख्य कोच सराहना के पात्र हैं। मुख्य कोच को हमारा पूरा समर्थन प्राप्त है, और हम उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर सफलता के लिए आवश्यक सभी सहायता प्रदान करेंगे। टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, ?टीम इंडिया के साथ पिछले दो साल पूरी तरह से यादगार रहे हैं। साथ में, हमने उतार-चढ़ाव देखे हैं, और इस पूरी यात्रा के दौरान, समूह के भीतर समर्थन और सौहार्द अभूतपूर्व रहा है। हमने ड्रेसिंग रूम में जो संस्कृति स्थापित की है, उस पर मुझे वास्तव में गर्व है। यह एक ऐसी संस्कृति है जो लचीली बनी रहती है, चाहे विजय के क्षण हों या विपरीत परिस्थिति। हमारी टीम के पास जो कौशल और प्रतिभा है, वह अभूतपूर्व है, और हमने जिस बात पर जोर दिया है वह है सही प्रक्रिया का पालन करते हुए और अपनी तैयारियों पर कायम रहते हुए, जिसका समग्र परिणाम पर सीधा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने आगे कहा, मैं बीसीसीआई और पदाधिकारियों को मुझ पर भरोसा रखने, मेरे दृष्टिकोण का समर्थन करने और इस अवधि के दौरान समर्थन प्रदान करने के लिए धन्यवाद देता हूं। इस भूमिका की माँगों के कारण घर से काफी दूर समय बिताना पड़ता है, और मैं अपने परिवार के त्याग और समर्थन की गहराई से सराहना करता हूँ। पर्दे के पीछे उनकी महत्वपूर्ण भूमिका अमूल्य रही है। जैसा कि हम विश्व कप के बाद नई चुनौतियों को स्वीकार करते हैं, हम उत्कृष्टता की खोज के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### क्रिकेटर हरभजन सिंह और श्रीसंत माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे

**कटड़ा :** क्रिकेटर हरभजन सिंह सहित अन्य खिलाड़ी मंगलवार को मां वैष्णो देवी के दरबार में आशीर्वाद लेने पहुंचे। मिली के अनुसार क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कड़ी सुरक्षा के बीच मां वैष्णो देवी की प्राकृतिक पिंडियों के समक्ष नमन कर देश की खुशहाली की कामना की है। कटड़ा में पत्रकारों से बात करते हुए हरभजन सिंह ने कहा कि वे मां भगवती से आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे हैं। वहीं जम्मू में जारी लीजेंड्स लीग पर बात करते हुए सिंह ने कहा कि यह जम्मू के युवाओं के लिए क्रिकेट के हुनर को सीखने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने वर्ल्ड कप में भारत की हार पर कहा कि वह दिन टीम के लिए अच्छा नहीं था। बता दें कि इससे पहले क्रिकेटर श्रीसंथ ने भी सह परिवार मां भगवती के दरबार में हाजिरी लगाते हुए नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## यूएस ओपन देखने के लिए एक व्यक्ति को खर्च करने पड़ सकते हैं 1.45 करोड़ रुपये

एजेंसी

**न्यूयार्क :** यूएस ओपन ने लंबे समय से सभी प्रकार के टेनिस प्रशंसकों का मनोरंजन किया है। यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस एसोसिएशन आर्थर ऐश स्टेडियम के बड़े पैमाने पर नवीनीकरण पर काम कर रहा है जिसमें सुपर लग्जरी सुविधाएं हो सकती है। एसोसिएशन यूएसटीए के मैदान में एक और इमारत जोड़ने पर भी विचार कर रहा है, इसके बाद यूएस ओपन देखने के लिए एक व्यक्ति को करीब 1.45 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं। नवीकरण के कुछ विकल्पों में तथाकथित लग्जरी बंकर सुइट्स शामिल हैं जिसमें विशेष लाउंज, स्वादिष्ट खानपान और उच्च-स्तरीय सुविधाएं होंगी। इसतरह के सुइट्स देश भर के अन्य खेल स्थलों पर लोकप्रिय और अविश्वसनीय रूप से लाभदायक बन गए हैं। यूएसटीए एक गैर-लाभकारी संस्था है और अपना अधिकांश राजस्व संयुक्त राज्य अमेरिका में टेनिस के विकास के लिए समर्पित करती है। इन योजनाओं की जानकारी 10 नवंबर को सामने आई जब यूएसटीए पिछले यूएस ओपन टूनार्मेंट के उच्च-भुगतान वाले प्रतिभागियों और अन्य संभावित ग्राहकों के रूप में लक्षित लगभग 15,000 लोगों के एक समूह को ऑनलाइन सर्वेक्षण वितरित किया।



## गुजरात के लिए शुभमन कर चुके रनों की बौछार



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रनों की लगातार बौछार करने के कारण ही शुभमन गिल को इतना बढिया मुकाम हासिल हुआ है कि आज वे हार्दिक की जगह पर गुजरात टीम की कप्तानी कर रहे हैं। बता दें कि आईपीएल 2022 विजेता गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2024 सीजन से पहले शुभमन गिल को टीम का कप्तान बनाया है। दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज गिल ने हार्दिक पांड्या की जगह ली है, जिन्हें मुंबई इंडियंस में ट्रेड किया गया है। आईपीएल 2024 में गुजरात की कप्तानी करना सीनियर पुरुष क्रिकेट में कप्तान के रूप में गिल का पहला सीजन होगा। गिल ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा कि मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है। टीम ने मुझ पर भरोसा दिखाया जिसके लिए मैं फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं। हमारे पिछले दोनों सीजन शानदार रहे और मैं टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं। जीटी के साथ अपने पहले सीजन में गिल ने 16 मैचों में 34.50 के औसत और 132.33 के स्ट्राइक-रेट से 483 रन बनाए, जिसमें चार अर्धशतक शामिल थे। बता दें कि गिल आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। गिल ने 17 मैचों में 59.33 की औसत और 157.80 के स्ट्राइक-रेट से 890 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और चार अर्द्धशतक शामिल थे। जीटी के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा कि शुभमन गिल ने पिछले दो वर्षों में दमदार खेल से प्रभावित किया है। हमने उन्हें न केवल एक बल्लेबाज के रूप में बल्कि क्रिकेट में एक लीडर के रूप में भी परिपक्व होते देखा है।

## टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने बिहार की लड़की से रचायी शादी

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने बिहार की लड़की से शादी रचा ली है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को गोरखपुर के एक होटल में इस तेज गेंदबाज की शादी हुई। मुकेश ने छपरा के बनियापुर बेरुई गांव की रहनेवाली दिव्या सिंह के साथ सात फेरे लिए। हालांकि गोरखपुर में हुई ये शादी काफी खास थी। मुकेश की शादी में कई सेलेब्स भी शामिल हुए। दिव्या मुकेश कुमार की लाइफ पार्टनर बनीं। गोरखपुर में हुई इस ग्रैंड शादी के बाद अब चार दिसंबर को मुकेश कुमार के गोपालगंज जिला स्थित पैतृक गांव काकड़कुंड में बहूभोज होगा। बता दें कि मुकेश कुमार की शादी में भारतीय टीम के कई क्रिकेटर और सेलिब्रिटी भी शामिल हुए। गोपालगंज से काफी संख्या में लोग क्रिकेटर मुकेश कुमार की शादी में बाराती बनकर गोरखपुर पहुंचे थे। इनमें मुकेश कुमार के कई बचपन के क्रिक्रेटर साथी भी थे। उनकी शादी की कई तस्वीरें भी सामने आ चुकी है। शादी से पहले हुए संगीत के कार्यक्रम में मुकेश कुमार पत्नी दिव्या सिंह के साथ भोजपुरी गीतों पर खूब डांस कर रहे हैं। दिव्या सिंह भी महिलाओं के साथ भोजपुरी की गीतों पर झूम- झूम कर डांस कर रही है। बता दें कि क्रिकेटर मुकेश कुमार इन दिनों टीम इंडिया के लिए गेंदबाजी की कमान संभाल रहे हैं। मुकेश कुमार के पिता कोलकाता में टैक्सी ड्राइवर का काम करते थे।

## कोहली 2027 का भी वनडे वर्ल्ड कप खेलेंगे

### 35 साल के कोहली 50 शतक पूरे करनेवाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** विराट कोहली के खेल को देखते हुए उन्हें 2027 का वर्ल्ड कप भी खेलना चाहिए। पूर्व भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने कुछ इसी तरह के संकेत दिए हैं। उनका कहना है कि विराट ने वर्ल्ड कप 2023 में कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 3 शतक के दम पर 700 से अधिक रन बनाए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने। वे वर्ल्ड कप के एक सीजन में 700 या उससे अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। हालांकि वर्ल्ड कप के फाइनल में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया से 6 विकेट से हार मिली। कोहली भले ही 35 साल के हो गए हैं। लेकिन उन्हें 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में खेलना चाहिए। सचिन तेंदुलकर ने कोहली के 50वें शतक के बाद बड़ी बात कही है। जाहिर है कि पूर्व भारतीय कप्तान कोहली वनडे क्रिकेट में 50 शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं। सचिन ने 49 शतक लगाए हैं। सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मैं विराट कोहली को तब से जानता हूं, जब वे टीम इंडिया में नहीं आए थे। मैं बहुत खुश हूं कि विराट कोहली के 50 शतक पूरे हो गए हैं।



### एशियाई आर्म रेसलिंग कप 2023


## भारतीय दल का शानदार प्रदर्शन, जीते 09 पदक

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय आर्म रेसलर्स ने कौशल और दृढ़ संकल्प का एक अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए हाल ही में संपन्न एशियाई आर्म रेसलिंग कप 2023 में 9 पदक जीते, जिसमें तीन स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल है। दल की कप्तानी पैरा-एथलीट बीवी श्रीनिवास ने की, संभवतः पहली बार है, जब किसी भारतीय खेल दल का नेतृत्व किसी पैरा-एथलीट ने किया है। श्रीनिवास पिछले चार वर्षों से आर्म रेसलिंग में हैं और अपने स्वयं के स्टार्ट अप 'बीवीएस फिटनेस सोर्स' के साथ एक निजी फिटनेस ट्रेनर हैं। उन्होंने 2019 में भिलाई में नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में डिसेबल्ड स्टैंडिंग कैटेगरी में रजत पदक जीता और 2019 में रोमानिया में वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहे। श्रीनिवास ने 90 किग्रा पैरा वर्ग में बाएं और दाएं दोनों पोजीशन में भाग लिया और दोनों में स्वर्ण पदक हासिल किए। लक्ष्मण सिंह भंडारी ने 70 किग्रा ग्रैंड मास्टर वर्ग (दाहिने हाथ की स्थिति) में स्वर्ण पदक और ग्रैंड मास्टर बाएं हाथ की स्थिति में रजत पदक हासिल किया। कृष्ण कुमार ने पैरा 75 किग्रा वर्ग (दाहिने हाथ की स्थिति) में रजत पदक जीता। श्रीमंत झा ने पैरा 85 किग्रा वर्ग में दाहिने हाथ की स्थिति में कांस्य पदक हासिल किया। इस बीच, एरीकमेनलांग शाबोंग (50 किग्रा) और वांडा सिएमियोंग (60 किग्रा) ने दाहिने हाथ की स्थिति में कांस्य पदक जीता। सेनेबी सिंग्कली ने 55 किग्रा सीनियर वर्ग में बाएं हाथ की स्थिति में कांस्य पदक जीता। कुल मिलाकर, भारत ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया जो पैरा-एथलीटों के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने एशियन आर्म रेसलिंग कप 2023 में भारतीय आर्म रेसलर्स की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा, भारतीय आर्म रेसलर्स ने एशियन आर्म रेसलिंग कप 2023 में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है।



## भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई 2024 में सफेद गेंद शृंखला के लिए करेगी श्रीलंका का दौरा




एजेंसी

**कोलंबो :** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम जुलाई 2024 में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और इतने ही टी20 मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। वर्ष 2024 में, श्रीलंका की पुरुष राष्ट्रीय टीम 52 अंतरराष्ट्रीय मैचों में प्रतिस्पर्धा करेगी, जिसमें 10 टेस्ट, 21 वनडे और 21 टी20ई शामिल हैं। एसएलसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम अपने 2024 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर की शुरूआत जनवरी में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक घरेलू श्रृंखला के साथ करेगी, जिसमें तीन एकदिवसीय और तीन टी20ई श्रृंखलाएं शामिल होंगी। इसके बाद जनवरी-फरवरी की अवधि के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ एक श्रृंखला होगी, जिसमें एक टेस्ट मैच, तीन वनडे और तीन टी20ई, मैच शामिल हैं।

## पीकेएल सीजन 10 कबड्डी जगत के लिए गर्व का क्षण : पवन सहरावत

एजेंसी

**हैदराबाद :** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2 दिसंबर 2023 को अपना दसवां सीजन लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। तेलुगु टाइटंस के पवन सहरावत, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में पीकेएल नीलामी में सबसे अधिक बोली का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा था, ने कहा, मैं दसवें सीजन में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं कुछ समय से लीग में नहीं खेला हूं। तेलुगु टाइटंस कैंप में मेरी तैयारी अच्छी चल रही है और मैं सीजन का इंतजार कर रहा हूं। पवन ने सीजन 3 में अपने पहले पीकेएल मैच को लेकर कहा, मैंने सीजन 3 में अपना पहला मैच दबंग दिल्ली के.सी. के खिलाफ खेला था और मुझे याद है कि मैंने अपनी पहली रेड पर एक बोनस अंक हासिल किया था।" सीजन 3 में अपने पदार्पण के बाद, सहरावत ने छठे, सातवें और आठवें सीजन में सबसे अधिक रेड पॉइंट दर्ज किए और सीजन 6 में 271 रेड पॉइंट दर्ज करने के बाद सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का पुरस्कार भी हासिल किया। शानदार सीजन के बारे में बोलते हुए, पवन ने कहा, "छठे सीजन से पहले मैंने लंबे समय तक नहीं खेला था। लेकिन फिर भी, मैंने उस सीजन में अपने प्रो कबड्डी लीग करियर का सबसे अच्छा पल अनुभव किया जब मैंने बेंगलुरु बुल्स के लिए खेलते हुए तमिल थलाइवाज के खिलाफ पहले हाफ में 20 अंक बनाए।" प्रो कबड्डी लीग के विकास के बारे में पूछे जाने पर स्टार रेडर ने कहा, दसवें सीजन की शुरूआत मशाल स्पोर्ट्स और स्टार स्पोर्ट्स के लिए काफी बड़ी उपलब्धि है। यह मेरे लिए भी गर्व का क्षण है कि कबड्डी को इतना आगे बढ़ते हुए देख रहा हूं। पीकेएल सीजन 1 की नीलामी में सबसे ऊंची बोली 12.8 लाख रुपये थी और सीजन 10 के लिए सबसे ज्यादा बोली 2.6 करोड़ रुपये थी - जो दशार्ता है कि लीग कितनी आगे बढ़ी है।'



## 222 रन बनाने के बाद टीम इंडिया को मिली हार, ऑस्ट्रेलिया की सीरीज में हुई वापसी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** टीम इंडिया 222 रन बनाने के बाद आखिरकार आस्ट्रेलिया से हार गई। ग्लेन मैक्सवेल के नाबाद शतक के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में बेहतरीन वापसी कर ली है। सीरीज के तीसरे मैच में टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए 222 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इस दौरान ऋतुराज गायकवाड़ ने शतक जड़ा। लेकिन मैक्सवेल ने 48 गेंद पर नाबाद 108 रन बनाकर कंगारू टीम को अंतिम गेंद पर रोमांचक जीत दिलाई। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया को अंतिम ओवर में जीत के लिए 21 रन बनाने थे। मैक्सवेल ने प्रसिद्ध कृष्णा की अंतिम 4 गेंद पर एक छक्का और 3 चौका जड़ा। 5 मैचों की सीरीज में हालांकि भारतीय टीम अभी भी 2-1 से आगे है। सीरीज का चौथा मुकाबला 1 दिसंबर को रायपुर में खेला जाना है। इधर मैच समाप्त होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने हार की बड़ी वजह बताई है। दरअसल ऑस्ट्रेलिया को अंतिम 2 ओवरों में जीत के लिए 43 रन बनाने थे। सूर्यकुमार यादव ने 19वां ओवर बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल को दिया। अक्षर ने ओवर में 22 रन खर्च किए। मैच के बाद कप्तान सूर्या ने कहा कि हम ग्लेन मैक्सेवल को जल्दी आउट करना चाहते थे।

# ऑस्ट्रेलियाई दौरा हमारे सामने एक रोमांचक चुनौती : मोहम्मद हफीज

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट के निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया का दौरा उनकी टीम के लिए एक रोमांचक चुनौती है, जहां टीम के पास खोने के लिए कुछ नहीं है और हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। पाकिस्तानी टीम 14 दिसंबर से शुरू होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के हिस्से के रूप में तीन मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। पाकिस्तान ने इस देश में 28 साल से कोई टेस्ट नहीं जीता है, जबकि पिछले 14 टेस्ट में उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा है। हफीज, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी टेस्ट नहीं खेला है, ने अपनी शैली से आक्रामक, आधुनिक ब्रांड की क्रिकेट खेलने और अपनी हार की लय को एक अवसर के रूप में देखने का आग्रह किया है। हफीज, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी टेस्ट नहीं खेला है, ने अपनी शैली से आक्रामक, आधुनिक ब्रांड की क्रिकेट खेलने और अपनी हार की लय को एक अवसर के रूप में देखने का आग्रह किया। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के हवाले से हफीज ने कहा, हमारे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है और हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। एक टीम के रूप में, हमारा लक्ष्य वह नहीं है जो इतिहास कहता है, बल्कि वह है जो हम वहां जाकर हासिल कर सकते हैं। मानसिकता बहुत स्पष्ट है, यह हमारे सामने एक बहुत ही रोमांचक चुनौती है और, एक साथ मिलकर, हम बेहतर परिणाम ला सकते हैं। मैं पिछले परिणामों के लिए जवाब नहीं दे सकता, लेकिन यहां से आप पाकिस्तान के लिए बेहतर परिणाम देखेंगे। पाकिस्तानी टीम नए कप्तान शान मसूद के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रही है। कोई आधिकारिक मुख्य कोच नहीं है, हालांकि ग्रांट ब्रैडबर्न अभी भी आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ हैं। पुराने टीम निदेशक मिकी आर्थर नहीं हैं और पीसीबी ने इस साल पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज को अपना पांचवां चयनकर्ता नियुक्त किया है। मैदान पर पाकिस्तान की चिंता मुख्य रूप से गेंदबाजी आक्रमण के इर्द-गिर्द घूमती है। शाहीन शाह अफरीदी तेज गेंदबाज हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि घायल नसीम शाह की अनुपस्थिति में उनका साथ कौन देगा। हसन अली भी एक तेज गेंदबाज के रूप में स्थिर दिखते हैं और अबरार अहमद ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन एक स्पिनर के रूप में उनके पास अभी भी अनुभव की कमी है। लेकिन हफीज को अभी भी भरोसा है और उन्होंने कहा कि टीम के पास अच्छे गेंदबाज हैं, जो पाकिस्तान क्रिकेट की पूरी प्रणाली में सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हार के लिए किसी एक खिलाड़ी (नसीम शाह), की अनुपस्थिति को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा, यह एक रोमांचक चुनौती है और मैं इसे बार-बार दोहराता हूं क्योंकि जब आप कुछ हासिल करना चाहते हैं, तो आप उत्साहित हो जाते हैं। नसीम घायल है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि आप एक खिलाड़ी की अनुपस्थिति पर नुकसान का कारण बन सकते हैं।





डॉर्टमुंड मैच में डॉर्टमुंड के खिलाड़ी मैच के बाद जश्न मनाते हुए।

## एक झलक

### शेयर बाजार में जोरदार तेजी, 20,100 के करीब पहुंच कर बंद हुआ निफ्टी

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को तेजड़ियों ने पूरी तरह से अपना दम दिखाया। कारोबार की शुरुआत से ही खरीदारी का शुरू हुआ दौर आज का कारोबार बंद होने तक लगातार जारी रहा। बीच-बीच में बिकवालों ने दबाव बनाकर शेयर बाजार की चाल को सुस्त करने की कोशिश भी की, लेकिन इसके बावजूद लिवाली का जोश लगातार बना रहा। इस वजह से शेयर बाजार 1 प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ बंद हुआ। बाजार में लगातार जारी खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 18 सितंबर के बाद पहली बार इंट्रा-डे में 20,100 अंक के स्तर को पार करने में सफल हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.10 प्रतिशत और निफ्टी 1.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान एनर्जी, रियल्टी, ऑटोमोबाइल और आईटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके अलावा बैंकिंग और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी 1 प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ बंद हुए।

### क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, बिटकॉइन 38 हजार डॉलर के पार पहुंचा

**नयी दिल्ली :** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज रौनक का माहौल बना रहा। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल सिर्फ एक क्रिप्टो करेंसीज ही आज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही है, जबकि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 9 क्रिप्टो करेंसी आज बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। बिटकॉइन पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान करीब ढाई प्रतिशत की मजबूती के साथ 38 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया। कीमत में बढ़ोतरी होने के साथ ही क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदार भी आज के कारोबार के बाद बढ़ गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 2.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ 38,052.04 डॉलर यानी 31.70 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 1.65 प्रतिशत की उछाल के साथ चढ़ कर 2,053.41 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.02 प्रतिशत, बीएनबी 0.64 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.85 प्रतिशत, सोलाना 8.79 प्रतिशत, काडानी 2.50 प्रतिशत, डोजेकॉइन 3.32 प्रतिशत और ट्रॉन 1.68 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर यूएसडी कॉइन 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा था। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 2.06 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 1.43 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 119.15 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी दर्ज की गई है।

## सेबी का एक्शन, सिक्योरिटी मार्केट से नौ एंटिटी 02 साल के लिए बैन

# 18 लाख का लगाया गया जुर्माना





**नयी दिल्ली :** बाजार नियंत्रक सेबी ने 9 एंटिटीज को अगले 2 साल के लिए सिक्योरिटी मार्केट से बैन कर दिया है। सेबी ने इन एंटिटीज पर 18 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने के भुगतान के लिए 45 दिन की अवधि निर्धारित की गई है। इसके साथ ही सेबी ने इन एंटिटीज को निवेशकों से एकत्र किए गए 8.1 करोड़ रुपये को अगले 3 महीने के अंदर अपंजीकृत इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी सर्विसेज के जरिए लौटने का निर्देश भी दिया है। सेबी के मुताबिक राजेश आर कल्लीडुम्बिल, योगेश कुकड़िया, नितिन राज, इन्वेस्टो इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स, एसआई डिजी सेल्स, सिग्नल 2 नॉइस कैपिटल पार्टनर्स, सिटी वेब सेल्स, एसएस इंफोसेल्स और एमएल टेलीसेल्स पर बैन की गाज गिरी है। इसके साथ ही सेबी ने तीनों इंडिविजुअल्स राजेश आर कल्लीडुम्बिल, योगेश कुकड़िया और नितिन राज पर अगले 2 साल के लिए किसी भी लिस्टेड पब्लिक कंपनी के निदेशक के रूप में जुड़ने से भी रोक लगा दी है। सेबी की जांच में पाया गया था कि राजेश, नितिन और योगेश ने खुद इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी एक्टिविटी कंडक्ट नहीं की थी, बल्कि इसकी जगह उन्होंने 6 ऐसी पार्टनरशिप फर्मों के जरिए इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी एक्टिविटी कंडक्ट की थी, जो सेबी के साथ निवेश सलाहकार के रूप में रजिस्टर्ड नहीं थीं। सेबी के पास शिकायत आई थी कि 6 पार्टनरशिप कर्मों के जरिए निवेश सलाह देने के लिए 4,536 ग्राहकों से फीस ली गई थी। सेबी ने अपनी जांच में पाया कि ये तीनों शख्स सभी 6 पार्टनरशिप कर्मों में कॉमन पार्टनर हैं और इन्होंने ग्राहकों से अपनी अपंजीकृत पार्टनरशिप फर्म के जरिए फीस हासिल की है, जबकि इन फर्मों को ग्राहकों से फीस लेने का अधिकार ही नहीं था। इन 6 पार्टनरशिप फर्मों के जरिए ग्राहकों से फीस के रूप में 810.24 लाख रुपये लिए गए थे।

## अदाणी पावर मुंद्रा प्लांट पर करेगा ग्रीन अमोनिया को-फायर प्रोजेक्ट शुरू

**अहमदाबाद :** वर्ष 2030 से पहले एनर्जी ट्रांजिशन में तेजी लाने और एमिशन में कटौती करने के लिए 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक यूएन क्लाइमेट चेंज कॉन्फ्रेंस (सीओपी 28) के लिए, वैश्विक लीडर्स यूएई में एकत्रित होने जा रहे हैं, इस क्रम में भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर पावर जनरेटर, अदाणी पावर लिमिटेड ने अपने बहुआयामी डीकार्बोनाइजेशन पहल के एक हिस्से के रूप में अपने मुंद्रा प्लांट में अभूतपूर्व ग्रीन अमोनिया दहन पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। इस प्रोजेक्ट के एक हिस्से के रूप में भारत के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर पावर प्लांट, मुंद्रा प्लांट पर पारंपरिक कोयले से चलने वाली 330 एमडब्ल्यू यूनिट के बॉयलर में 20% तक ग्रीन-अमोनिया को को-फायर करेगा। ग्रीन हाइड्रोजन से उत्पादित होने वाला ग्रीन अमोनिया, जो बदले में रिन्यूएबल एनर्जी का उपयोग करके इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से उत्पन्न होता है, बॉयलर्स के लिए फीडस्टॉक का कार्य करेगा। चूंकि अमोनिया में कोई कार्बन नहीं होता है, इसलिए, इसके दहन से कोई कार्बन-डाई ऑक्साइड नहीं निकलती। इस तरह से यह जीवाश्म ईंधन का दीर्घकालिक कार्बन-न्यूट्रल विकल्प बन जाता है। अदाणी पावर ने पहले ही 'प्रति-यूनिट' एमिशन के लिए इस इंडस्ट्री में एक बेंचमार्क स्थापित कर दिया है और अपने नए प्लांट्स में अत्याधुनिक 'अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी' को अपनाने का काम किया है।

## बिहार-झारखंड में शुरू हुई 'जियो एयर फाइबर' सेवा

- दोनों प्रदेशों के जिला मुख्यालयों में एक साथ हुआ लॉन्च




**पटना/रांची :** रिलायंस जियो ने बिहार झारखंड में एक साथ जियो एयर फाइबर सेवा लॉन्च कर दी है। अब जियो एयर फाइबर की सर्विस दोनों राज्यों के सभी प्रमुख शहरों में पहुंच गयी है। जियो एयर फाइबर उन इलाकों के लिए वरदान है, जहां ऑप्टिकल फाइबर के जरिये लास्ट माइल कनेक्टिविटी यानी अंतिम परिसर तक कनेक्शन पहुंचाने में दिक्कत आती है। इससे लाखों परिसर ब्रॉडबैंड से नहीं जुड़ पाते। जियो एयर फाइबर इस जटिलता को दूर कर, फाइबर जैसी स्पीड से डेटा पहुंचाता है। बिहार-झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों के ग्राहक अब इस इंटीग्रेटिड सर्विस के माध्यम से विश्व स्तरीय घरेलू मनोरंजन, ब्रॉडबैंड और डिजिटल सेवाओं का आनंद ले सकेंगे। जियो एयर फाइबर को जियो स्टोर या ऑनलाइन खरीदा जा सकता है। जियो एयर फाइबर के लिए कम्पनी ने 599 रु, 899 रु और 1199 रु वाले तीन प्लान बाजार में उतारे हैं। 599 रु वाले प्लान में 30 एमबीपीएस, तो वहीं 899 रु और 1199 रु वाले प्लान में 100 एमबीपीएस स्पीड पर अनलिमिटेड डेटा मिलेगा। इसके अलावा 599 रु और 899 रु वाले प्लान के साथ 14 ओटीटी ऐप्स और 1199 रु वाले प्लान के साथ नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम और जियो सिनेमा प्रीमियम जैसे 16 ओटीटीट ऐप्स का सब्सक्रिप्शन फ्री मिलेगा। तीनों ही प्लान्स में ग्राहकों को 550 से अधिक डिजिटल टीवी चैनल्स फ्री मिलेंगे।

## अमेजन फैशन के वेडिंग स्टोर से करें शादी की खरीदारी

**रांची :** शादी का मौसम रंगों, रीति-रिवाजों और उत्सवों के लिए अमेजन फैशन का वेडिंग स्टोर आगामी शादी के सीजन के लिए वन स्टॉप डेस्टिनेशन बनकर सामने आया है। आप चाहे दुल्हन हों, दुल्हन की सहेली हों, दूल्हे की बहन हों, या दूल्हे के पिता हों, सबसे अच्छे दोस्त हों, या चचेरे भाई हों यहां सभी के लिए सब कुछ है। लेटेस्ट स्टाइल और ट्रेड के साथ इस स्टोर को खासतौर पर तैयार किया गया है। यह स्टोर हर हाल में यह सुनिश्चित करेगा कि आप इस शादी के मौसम में सबसे बेहतरीन लुक में दिखें। दुल्हनों के लिए यहां खूबसूरत लहंगे, स्टाइलिश और आरामदायक सैंडल, ट्रेंडी बैग की शानदार रेंज पेश की गई है। वहीं दूल्हे अपने लुक में चार चांद लगाने के लिए खूबसूरत शेरवानी, पारंपरिक जूतियां और स्टाइलिश घड़ियों की खरीदारी कर सकते हैं।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड ने अपना 335वां ग्लोबल स्टोर किया लॉन्च



**रांची :** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने इतिहास बनाया है क्योंकि प्रथम भारतीय ज्वेलरी रिटेलर का ग्रेटर टोरंटो एरिया के अंदर हार्टलैंड टाउन सेंटर पर मिसिसॉगा में अपने नए स्टोर के साथ कनाडा में प्रथम भारतीय ज्वेलरी रिटेलर खुलने के लिए तैयार है। इसके साथ ब्रांड ने यूएई, कतर, कुवैत, ओमान, केएसए, बहरीन, सिंगापुर, मलेशिया, यूएसए, यूके, कनाडा और भारत में स्थित 335 स्टोर्स के साथ अपनी व्यापक ब्रांड उपस्थित दर्ज की है. इस समय विश्व के छठे सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेलर का दर्जा प्राप्त मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के ग्लोबल ऑपरेशन मैप पर कनाडा 12वां देश और नॉर्थ अमेरिका में दूसरा देश बन गया है। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन, एमपी अहमद द्वारा वर्चुअली इस स्टोर का उद्घाटन किया गया. ओंटारियो की एसोसिएट बिजनेस मिनिस्टर, मिस नीना टंगड़ी द्वारा श्री शामलाल अहमद, मैनेजिंग डायरेक्टर इंटरनेशनल ऑपरेशंस, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, आमिर सीएमसी, डायरेक्टर फाइनेंस एंड एडमिनिस्ट्रेशन, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, जोसेफ ईपन, रीजनल हेड- नॉर्थ अमेरिका, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स और अन्य मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की मैनेजमेंट टीम के सदस्यों, ग्राहकों और शुभेच्छुकों की उपस्थिति में रिबन कटिंग समारोह किया गया। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन, एमपी अहमद ने कहा, कनाडा में हमारे प्रथम स्टोर के उद्घाटन ने हमारे लिए एक महत्वपूर्ण सीमाचिन्ह बनते हुए हमें अत्यधिक गर्व और खुशी प्रदान की है. क्योंकि प्रथम भारतीय इंटरनेशनल ज्वैलरी ब्रांड कनाडा में कामकाज शुरू करने वाला है। ग्रेटर टोरंटो एरिया के अंदर मिसिसॉगा में हार्टलैंड टाउन सेंटर पर स्थित हमारा नया स्टोर देश में सबसे बड़ा ज्वैलरी स्टोर है। कनाडा में विस्तार विभिन्न ग्राहक आधार, जो वास्तव में भारतीय ज्वेलरी की कलाकारी और दस्तकारी के प्रशंसा करते हैं, के लिए हमारी ज्वेलरी प्रदर्शित करने का विशिष्ट अवसर है।

## सिस्टेमा बायो ने सुधा डेयरी, बरौनी की सहायता से 'गोबर से समृद्धि' कार्यक्रम किया शुरू



**रांची :** सिस्टेमा.बायो, एक विश्व स्तरीय सामाजिक उद्यम जो अपनी आधुनिक नवीन बायोगैस तकनीक के लिए जाना जाता है, ने पूर्वी भारत की सबसे प्रगतिशील डेयरी सुधा डेयरी, बरौनी के सहयोग से एनडीडीबी मृदा लिमिटेड के माध्यम से 'गोबर से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत एक नए बायोगैस कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार के बेगुसराय, खगड़िया और लखीसराय जिलों में बायोगैस संयंत्र स्थापित करना है। उद्घाटन समारोह में माननीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह, बरौनी डेयरी के प्रबंध निदेशक एसआर मिश्रा और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह की उपस्थिति में प्रतिष्ठित सरकारी अधिकारी और स्थानीय किसानों की भागीदारी देखी गई।विजय शंकर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विधान पार्षद सर्वेश कुमार, ग्रामीण विकास निदेशक संजय कुमार, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार, विधायक सुरेंद्र मेहता और राम रतन सिंह, खगड़िया जिला परिषद अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव की उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का किसानों को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के हमारे प्रयासों में हमारे किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह के बायोगैस कार्यक्रमों को लागू करके हम सफलतापूर्वक 1.25 लाख टन रासायनिक उर्वरकों को 50 हजार टन बायो स्लरी से बदल देंगे, इस प्रकार एक अधिक टिकाऊ कृषि भविष्य को बढ़ावा मिलेगा।

## सर्राफा बाजार में तेजी जारी, चेन्नई में सोना 64 हजार के पार

**नयी दिल्ली :** देश के सरार्फा बाजारों में शादी के सीजन ने नई जान फूंक दी है। शादी का सीजन शुरू होने के बाद से ही सोने की कीमत में तेजी का सिलसिला लगातार जारी है। आज चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत उछल कर 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार चली गई। चेन्नई की तरह ही देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर चढ़ कर कारोबार कर रहा है। 24 कैरेट सोने की तरह ही जेवराती यानी 22 कैरेट सोने की कीमत में भी तेजी दर्ज की गई है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर पहुंच गया है। शादी के सीजन की वजह से देश के सरार्फा बाजार में खुदरा कारोबार में काफी तेजी आई है।

## एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया 'एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड'

AXIS MUTUAL FUND

**रांची :** भारत में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करते म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने भारत की वृद्धि दर्ज करती विनिर्माण थीम की क्षमता का दोहन करने के लिए एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह ताजा पेशकश एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना (प्लान) है, जो इंडिया मैन्युफैक्चरिंग थीम का प्रतिनिधित्व करती है और इसे निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई के अनुरूप बेंचमार्क किया जाएगा। यह एनएफओ 1 दिसंबर 2023 को खुलेगा और इसका लक्ष्य है, निवेशकों को भारत की विनिर्माण थीम की क्षमता का लाभ उठाने में मदद करना, जिसके आने वाले दिनों में वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। एनएफओ 15 दिसंबर 2023 तक खुला रहेगा। एक्सिस एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री बी. गोप कुमार ने बताया, एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड एक महत्वपूर्ण मौके पर आया है, जबकि भारत की अर्थव्यवस्था को 'मेक इन इंडिया' जैसी रणनीतिक पहल और कई सुधारों से बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा, यह थीमैटिक फंड, भारत की तेज वृद्धि के लिए डिजाइन किया गया है, जो उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है जो भारत के औद्योगिक स्वरूप को पुनर्परिभाषित करते हैं। हम निवेशकों को एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड के साथ भविष्य को अपनाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। यह एक ऐसा फंड जिसे भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं के साथ बढ़ने के लिए तैयार किया गया है।

**'मैन्युफैक्चरिंग' थीम क्यों?**

भारत एक रोमांचक भविष्य की ओर बढ़ रहा है, जो नए दौर की प्रौद्योगिकियों को अपनाने और सतत विकास पर जोर देने से चिह्नित है। सरकारी पहल और श्रम एवं कर सुधार से भारत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र बन रहा है। अन्य अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, भारतीय अर्थव्यवस्था उपभोग (कंजम्प्शन) पर बहुत अधिक निर्भर है, जिससे यह वैश्विक आर्थिकअनिश्चितताओं के प्रति कम चक्रीय बन जाता है। विकास में तेजी के कुछ प्रमुख कारणों में आर्थिक रुझान में सुधार शामिल है, जिससे उत्पादों की मांग में वृद्धि होती है। इन कारकों में उच्च क्षमता का उपयोग भी शामिल है, जो इकॉनमी ऑफ स्केल को हासिल करने में मदद करता है। इसलिए, यह तीन-आयामी अवसर का प्रतिनिधित्व करता है जैसा कि नीचे दिखाया गया है:

इस फंड का लक्ष्य होगा, भारतीय अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्रों में कंपनियों की पहचान करना:

निवेश (कैपेक्स चक्र): विनिमार्ताओं (मैन्युफैक्चरर) का उत्पादन क्षमता तैयार करने के लिए कारखाने के उपकरण और अनुसंधान एवं विकास में निवेश।

## पेज एक के शेष

**गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल विस्तार दिये जाने पर केन्द्रीय कैबिनेट की मुहर...**

केन्द्रीय अंश निर्भया फंड से वित्त पोषित योजना 2 अक्टूबर 2019 को शुरू की गयी थी, ताकि समर्पित अदालतों के रूप में डिजाइन किये गये एफटीएससी यौन अपराधियों के लिए निवारक ढांचे को मजबूत करते हुए पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करते हुए त्वरित न्याय सुनिश्चित कर सकें।

भारत सरकार ने अगस्त 2019 में बलात्कार और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम ( पोस्को) से सम्बन्धित मामलों के समय पर निस्तारण को एफटीएससी की स्थापना के लिए केन्द्र प्रायोजित योजना तैयार की थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए योजना ने 100 से अधिक पोस्को अधिनियम मामलों वाले जिलों के लिए विशेष पोस्को न्यायालयों की स्थापना को अनिवार्य कर दिया।

प्रारम्भ में अक्टूबर 2019 में एक वर्ष के लिए शुरू की गयी इस योजना को अतिरिक्त दो वर्षों के लिए 31 मार्च 23 तक बढ़ा दिया गया था। अब इसे 1952.23 करोड़ निर्भया फंड से वित्त पोषित केन्द्रीय हिस्सेदारी के साथ मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

योजना के अपेक्षित परिणाम में यौन और लिंग आधारित हिंसा समाप्त करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करना और बलात्कार व पोस्को अधिनियम के लम्बित मामलों को काफी हद तक कम करने की है, जिससे न्यायिक प्रणाली पर बोझ से राहत मिलेगी।

**महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने की योजना को भी मंजूरी...**

एआईएफ ऋण पर 3 प्रतिशत की दर से ब्याज छूट प्रदान की जायेगी।

18 वर्ष और उससे अधिक उम्र की योग्य महिला सदस्य को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) और एलएफसी द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चुना जायेगा। इसमें 05 दिवसीय अनिवार्य ड्रोन पायलट प्रशिक्षण और पोषक तत्वों के कृषि उद्देश्य के लिए अतिरिक्त 10 दिवसीय प्रशिक्षण शामिल होगा। कीटनाशकों का प्रयोग, बिजली के सामान, फिटिंग और यांत्रिक कार्यों की मरम्मत करने के इच्छुक एसएचजी के अन्य सदस्य व परिवार के सदस्य का चयन एसआरएलएम और एलएफसी द्वारा किया जायेगा, जिन्हें ड्रोन तकनीशियन व सहायक के रूप में प्रशिक्षित किया जायेगा। ये प्रशिक्षण ड्रोन की आपूर्ति के साथ एक पैकेज के रूप में प्रदान किया जायेगा।

एसएचजी को ड्रोन खरीदने, ड्रोन कंपनियों के माध्यम से ड्रोन की मरम्मत और रखरखाव में आनेवाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, एलएफसी ड्रोन आपूर्तिकर्ता कम्पनियों और एसएचजी के बीच एक पुल के रूप में कार्य करेगा। एलएफसी एसएचजी के साथ ड्रोन द्वारा नैनो उर्वरकों जैसे नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग को भी बढ़ावा देगा। एसएचजी नैनो उर्वरक और कीटनाशक अनुप्रयोगों के लिए किसानों को ड्रोन सेवाएं किराये पर देंगे। यह परिकल्पना की गयी है कि योजना के तहत अनुमोदित पहल 15 हजार एसएचजी को स्थायी व्यवसाय और आजीविका सहायता प्रदान करेगी और वे प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे।

सरकार के अनुसार यह योजना किसानों के लाभ के लिए बेहतर दक्षता, फसल की पैदावार बढ़ाने और संचालन की लागत को कम करने के लिए कृषि में उन्नत प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

**राज्य के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमन्त...**

मुंडा, सिदो -कान्हू नीलाम्बर-पीताम्बर, तेलंगा खड़िया जैसे कई अमर वीर शहीदों ने अंग्रेजों और शोषण के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपनी शहादत दी। वहीं, झारखंड अलग राज्य के लिए 40 वर्षों तक चले आन्दोलन में सैकड़ों लोगों ने अपनी कुर्बानी दे दी। आज भी यहां के आदिवासी मूलवासी संघर्ष कर रहे हैं। हमारी सरकार इन वीर शहीदों का झारखंड बनने के साथ यहां के आदिवासियों-मूल वासियों, आदिवासी, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दे रही है।

**संसाधनों की प्रचुरता होने पर भी राज्य पिछड़ता गया**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के बने 23 वर्ष हो चुके हैं। लेकिन, इसका अपेक्षित विकास नहीं हो सका। यहां तमाम खनिज पाये जाते हैं। प्राकृतिक संसाधनों की बहुलता है। जल-जंगल-जमीन से यह धनी है। यहां के लोग मेहनती हैं। फिर भी यह राज्य पिछड़ा है। रोजी-रोटी के लिए लोगों का पलायन होता आ रहा है। लेकिन, किसी का भी ध्यान इस ओर नहीं गया। जब से हमारी सरकार बनी है, राज्य से जुड़ी प्रमुख समस्याओं का आकलन करते हुए उसी के अनुकूल योजना बना कर धरातल पर उतार रहे हैं, ताकि राज्य के साथ वासियों का भी विकास तेज गति से हो।

**जब तक सामाजिक सुरक्षा नहीं देंगे, राज्य मजबूत नहीं होगा**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जब तक सरकार अपने लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच नहीं देगी, राज्य मजबूती से आगे नहीं बढ़ेगा। इसी सोच को ध्यान में रख कर हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू की है। इस स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों की पेंशन सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, सरकारी कर्मियों को भी पुरानी पेंशन योजना का तोहफा हमारी सरकार ने दिया है, क्योंकि पेंशन उनके बुढ़ापे की लाठी होती है। हमारी सरकार हर किसी को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**राशन कार्डधारियों को अब दाल भी मिलेगी**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यहां के 11 लाख लोगों का राशन कार्ड पहले छीन लिया गया था। लेकिन, हमारी सरकार ने 20 लाख हरा राशनकार्ड जारी किया है और इन्हें बाजार भाव से अनाज खरीद कर दिया जा रहा है। अब हर राशन कार्डधारी को अनाज के साथ एक किलो दाल भी दी जायेगी।

**तीन कमरों का सुसज्जित आवास देंगे, शहर और गांव के बीच बढ़ेगी कनेक्टिविटी**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य के गरीब और घर विहीन लोगों को तीन कमरों का सुसज्जित मकान दिया जायेगा। इसके लिए अबुआ आवास योजना शुरू की गयी है। इसके तहत अगले 03 सालों में 08 लाख मकान बनाये जायेंगे। वहीं, गांव और शहरों के बीच निरंतर कनेक्टिविटी बनाये रखने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू की गयी है। सभी बुजुर्ग, दिव्यांग और विद्यार्थियों को इस योजना के तहत निःशुल्क बस परिवहन की सेवा मिलेगी।

**आपके आगे बढ़ने का हर रास्ता खुल चुका है**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यहां के हर वर्ग और तबके के लोगों का आगे बढ़ने का रास्ता सरकार ने खोल दिया है। नौजवानों को सरकारी नौकरी के साथ निजी क्षेत्र में भी ऑफर लेटर बड़े पैमाने पर दिये जा रहे हैं। स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना है। किसानों पशुपालकों और मजदूरों के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना और दीदी बाड़ी योजना जैसी कई योजनाएं हैं। सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत गरीबों को वर्ष में दो बार वस्त्र दिया जा रहा है। हड़िया-दारु बेचनेवाली महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए फूलो-झानो आशीर्वाद योजना चल रही है। बच्चियों की पढ़ाई के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना है। मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेश में पढ़ने के लिए आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जा रही है। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार आर्थिक मदद कर रही है। ऐसी और अनेकों योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से यहां के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक, पिछड़े, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और नौजवानों को सशक्त करने का काम हो रहा है।

**जनता की सेवा करने के लिए सरकारी कर्मियों को मिलती है तनख्वाह**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकारी कर्मियों का काम जनता की सेवा करना है। क्योंकि, इसी के लिए उन्हें तनख्वाह मिलती है। ऐसे में अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से निभायें। जो अच्छा काम करेंगे, उन्हें सरकार पुरस्कृत करेगी । इसके साथ उनकी जायज मांगों और समस्याओं पर सरकार हमेशा सकारात्मक निर्णय लेती आयी है और आगे भी ऐसा ही करेगी।

**आदिम जनजाति परिवारों के बच्चे भी अब बनेंगे अधिकारी**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि अगर हम समय रहते नहीं चेते, तो आदिम जनजाति विलुप्ति के कगार पर पहुंच जायेगी। हमारी सरकार आदिम जनजातियों को सशक्त करने की दिशा में लगा कर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में आदिम जनजाति के विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग करायी जा रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि ये बच्चे अपनी मेहनत से अपना मुकाम हासिल करेंगे और कलेक्टर तथा अन्य बड़े अधिकारी बन कर अपने परिवार और जनजाति का नाम रोशन करेंगे।

**यहां से निकले हैं कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सिमडेगा-खूंटी का इलाका हॉकी के लिए जाना जाता है। यहां के घर-घर में हॉकी की दीवानगी देखने को मिलती है। इसी का परिणाम है कि यहां से कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी निकले हैं, जो अपने परिवार, राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए यहां कई स्टेडियम बनाये जा रहे हैं। हाल ही में एशियन हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी झारखंड ने शानदार और भव्य तरीके से की, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। अगले वर्ष जनवरी में भी यहां ओलंपिक क्वालीफाइंग होना है। यह इस बात को बताने के लिए काफी है कि सरकार हॉकी जैसे खेलों को आगे बढ़ाने के लिए कितना प्रयास कर रही है।

**800 योजनाओं की रखी गयी नींव, 653 योजनाओं का हुआ उद्घाटन**

**मुख्यमंत्री** ने इस अवसर पर 20 करोड़ 99 लाख 65 हजार 111 रुपये की लागत से निर्मित 653 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 800 योजनाओं की आधारशिला रखी । इन योजनाओं पर कुल 134 करोड़ 78 लाख 54 हजार 339 रुपये खर्च होंगे। इस तरह 155 करोड़ 78 लाख 19 हजार 440 रुपये की 1453 योजनाओं का तोहफा सिमडेगा वासियों को मिला। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 40321 लाभुकों के बीच 31 करोड़ 17 लाख 62 हजार 385 रुपये की परिसम्पत्ति प्रदान कर उनके सशक्तीकरण और स्वावलम्बी बनने का मार्ग प्रशस्त किया।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानन्द भोक्ता और बादल पत्रलेख, विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, भूषण बाड़ा और भूषण तिर्की, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

